■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित www.navbihartime.com ■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 344
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, सोमवार
19 मई 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1930:** श्वेत महिलाओं को दक्षिण अफ्रीका में वोट देने का अधिकार प्राप्त हुआ।
**1939:** रूस और ब्रिटेन ने नाजी विरोधी समझौते पर हस्ताक्षर किए।
**1971:** रूस ने मार्स-2 कार्यक्रम की शुरूआत की।
**1976:** ऑस्ट्रेलिया ने सोने के स्वामित्व को कानूनी मान्यता दी।
**1999:** भारतीय मूल के महेन्द्र चौधरी फिजी के प्रधानमंत्री नियुक्त हुए।

**उतार और चढ़ाव, जीत और हार, खुशी और गम, यह सबसे बेहतरीन जिंदगी है।**

## संक्षिप्त समाचार

### लश्कर का टॉप कमांडर सैफुल्लाह मारा गया

**नयी दिल्ली (नबिटा ब्यूरो)।** आतंकियों को पालने वाले पाकिस्तान में ही एक के बाद एक आतंकियों की हत्या की जा रही है। अब लश्कर-ए-तैयबा के एक और टॉप कमांडर की पाकिस्तान में अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी है। लश्कर-ए-तैयबा और जमात नेता रजुल्लाह निजामनी उर्फ अबू सैफुल्लाह को पाकिस्तान के सिंध प्रांत में मतली फालकारा चौक इलाके में मार दिया गया। कहा जा रहा है कि यहां अज्ञात हमलावरों ने दिनदहाड़े लश्कर के कमांडर को गोलियों से छलनी कर दिया।

### आंधी-तूफान और ठनका से चार लोगों की मौत

**मधेपुरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में रविवार को अलग-अलग स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने और तेज आंधी-तूफान की वजह से चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में दो किसान, एक बुजुर्ग और एक महिला शामिल हैं। वहीं, एक किशोरी झुलसकर घायल हो गई है, जिसका इलाज निजी क्लिनिक में चल रहा है। घटनाओं में कई मवेशियों की भी मौत हुई है जबकि कई मकानों को नुकसान पहुंचा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है।

### गोली लगने से किशोरी की मौत

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मथुरापुर थाना क्षेत्र स्थित नागरबस्ती हांसा गांव में जमीनी विवाद के दौरान दोनाली बंदूक से चली गोली में गंभीर रूप से घायल हुई पुलिस इंस्पेक्टर की 14 वर्षीय पुत्री इनायत प्रवीण की पटना में इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गई। घटना के बाद परिजन बच्ची के शव को समस्तीपुर सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पुलिस ने पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

### दो दोस्तों को ट्रक ने मारी टक्कर

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** घोसी थाना क्षेत्र के डहरपुर गांव के पास शादी समारोह से लौट रहे दो दोस्तों की बाइक को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में एक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। मृतक की पहचान भागीरथ बिंद के रूप में हुई है।

### बर्थडे पाटी में फायरिंग बच्ची की मौत

पटना। पंचरुखिया थाना क्षेत्र के जमुनापुर गांव में बर्थडे पार्टी में हुई फायरिंग में रिया कुमारी (04) की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी अखिलेश राम को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पंचरुखिया थाना के संगत पर गांव का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से दो देसी कट्टा और 6 गोली बरामद किया है। सदर डीएसपी अभिनव कुमार ने बताया कि रविवार की देर रात बर्थडे पार्टी के दौरान अखिलेश राम ने फायरिंग शुरू कर दी।

# 2029 तक देश की हर पंचायत में पैक्स की स्थापना का केन्द्र का लक्ष्य : अमित शाह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को वित्तीय रूप से मजबूत बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने रविवार को अहमदाबाद में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर आयोजित 'सहकारी महासम्मेलन' में कहा कि केंद्र सरकार ने प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को वित्तीय रूप से मजबूत बनाने के लिए कई अहम कदम उठाये हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि जल्द ही नए पैक्स के पंजीकरण के लिए नीति लाएगी। केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार का लक्ष्य 2029 तक देश की हर पंचायत में पैक्स की स्थापना का है। इसके तहत दो लाख नई पैक्स और डेयरी शुरू की जाएंगी। साथ ही इन समितियों को 22 विभिन्न प्रकार के व्यवसायों से जोड़ा जा रहा है। इसके अलावा, यह बात भी सुनिश्चित की जाएगी कि पंजीकृत पैक्स वित्तीय रूप से कमजोर न हों। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही आर्थिक संकट का सामना कर रही पैक्स के निपटारे और नई प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के पंजीकरण के लिए जल्द ही एक नीति बनाएगी।



सहकारिता मंत्री ने कहा कि जब तक बदलाव का लाभ पैक्स और किसानों तक नहीं पहुंचेंगे, तब तक सहकारिता क्षेत्र मजबूत नहीं हो सकता। श्री शाह ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर यहां 'विकसित भारत के निर्माण में सहकारिता की भूमिका' पर आयोजित सहकारी महासम्मेलन में कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तौर पर मनाने का निर्णय लिया है। सहकारिता शब्द पूरे विश्व में आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना वर्ष 1900 में था। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में 2021 से सहकारिता आंदोलन को पुनर्जीवित करने का एक बहुत बड़ा प्रयास हुआ। इसीलिए सहकारिता वर्ष की शुरुआत भारत में करने का निर्णय लिया गया। केंद्र सरकार ने 22 विभिन्न प्रकार के व्यवसायों को पैक्स से जोड़ने का काम किया गया है। मुझे यकीन है कि आने वाले समय में एक भी पंजीकृत पैक्स वित्तीय रूप से बीमार नहीं होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि डेयरी क्षेत्र में आइसक्रीम, चीज, पनीर बनाने, दूध को ठंडा रखने और वसा मापने जैसे उपकरणों के निर्माण के लिए सहकारी स्वामित्व वाली कंपनियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार डेयरी क्षेत्र में चक्रिय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने की योजना बना रही है, जिसमें मरने वाले पशुओं की खाल, हड्डियों और सींगों के उपयोग के लिए सहकारी समिति का गठन किया जाएगा।

## सड़क हादसे में तीन बारातियों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा-जमुई पथ पर शहर के कोनियापर के पास शनिवार देर रात सड़क हादसे में एक ही गांव के तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बेहतर इलाज के लिए पावापुरी बीम्स रेफर किया गया है। सभी मृतक और घायल नरहट थाना क्षेत्र के छोटी पाली गांव के रहने वाले हैं। मृतकों में पूर्व उप मुखिया पंकज चंद्रवंशी, नथ्थू चंद्रवंशी और कारू चंद्रवंशी शामिल हैं। दुर्गा चंद्रवंशी और जयनंदन चंद्रवंशी गंभीर रूप से घायल हैं। जानकारी के अनुसार छोटी पाली गांव निवासी गणेश सिंह के बेटे की शादी थी। बारात रुपौ थाना क्षेत्र के धनवां गांव गई थी। देर रात बारात से लौटते समय कादिरगंज थाना क्षेत्र के कोनिया मोड़ के पास उनकी ऑल्टो कार की टक्कर एक ट्रक से हो गई। हादसा रात करीब डेढ़ बजे हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से जख्मी हो गए। एक ही गांव के तीन लोगों की मौत के बाद पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हैं। बताया जा रहा है कि बारात में गए लोग जयमाला हो जाने के उपरांत खाना खाने के बाद अपने गांव पाली लौट रहे थे कि हाईवे पर ट्रक ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। वहीं देर रात घर लौट रहे पत्रकार शानू, प्रभात, दिलशाद, रंजीत ने घायलों को पुलिस की मदद से अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां दो लोगों का इलाज चल रहा है।

### बिहार के सरकारी स्कूलों में बड़े बदलाव की तैयारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** प्रदेश के सभी 9463 सरकारी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में भाषा की भी प्रयोगशाला होगी, जिसमें विद्यार्थी अपने भाषायी ज्ञान के विविध आयामों को सृजनात्मक रूप देंगे। भाषा की प्रयोगशाला में पुस्तकालय एवं कंप्यूटर की भी व्यवस्था होगी। उसमें सृजनात्मक कार्य के तहत विद्यार्थी कविता लिखेंगे, अनुभव लिखेंगे।

## गया में 10-10 किलो के तीन शक्तिशाली आईईडी बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले के लुटुआ थाना अंतर्गत भुसिया डैम के पास नकसलियों की एक बड़ी योजना को सुरक्षा बलों ने विफल कर दिया है। इस दौरान दस-दस किलोग्राम के तीन आईईडी बरामद किया गया है। ये विस्फोटक सुरक्षाबलों को क्षति पहुंचाने के लिए नक्सलियों ने सीरियल तरीके से जमीन में प्लांट किया था। राहत वाली बात ये है कि सभी आईईडी को एक-एक कर सुरक्षा बलों के बम निरोधक दस्ते ने डिफ्यूज कर दिया। जिस समय आईईडी को डिफ्यूज किया जा रहा था, उस समय आसपास के इलाकों में तेज धमाके सुने गए। मौके पर सुरक्षा बलों के साथ डी 215 नागोबार सीआरपीएफ और सी 215 बटालियन सीआरपीएफ लुटुआ और स्थानीय पुलिस मौजूद रही। बता दें कि गयाजी के पास बिहार-झारखंड बॉर्डर पर काफी समय से नक्सली सक्रिय रहे हैं लेकिन सुरक्षा बलों की लगातार मुस्तैदी ने उनके मंसूबों पर हमेशा ही पानी फेरा है। इस बार भी प्रो-एक्टिव अप्रोच के जरिए तमाम सुरक्षा बलों ने आईडी को डिफ्यूज कर नक्सलियों को उनके मंसूबों में कामयाब नहीं होने दिया। इस संबंध में इमामगंज एसडीपीओ अमित कुमार ने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। सुरक्षा बलों के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है।

## सभी पंचायतों में खोलें सहकारी बैंकों के 50 खाते : डा. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा के ककोलत जलप्रपात स्थित डाकबंगला में सहकारिता मंत्री डा. प्रेम कुमार ने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस क्रम में उन्होंने कहा कि सहकारी बैंकों में खाता खोलने के लिए ग्राम स्तर पर अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि सहकारी बैंक सहकारिता योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए इन बैंकों को मजबूती प्रदान करना आवश्यक है। बैठक में उपस्थित सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों को उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा पैक्सों एवं सहकारी समितियों के सुदृढ़ीकरण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन समितियों को बहुउद्देश्यीय बनाने के लिए



इनमे कॉमन सर्विस सेन्टर, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र, पेट्रोल-डीजल रिटेल आउटलेट, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि योजना चलाया जा रहा है। पैक्सों को मात्र खाद्यान्न अधिप्राप्ति का माध्यम बनाये रखने से सहकारी समितियों और सहकारिता विभाग की योजनाओं का औचित्य शनैः शनैः समाप्त हो जाएगा, इसलिए सहकारी समितियों को बहुउद्देश्यीय बनाना आवश्यक है। उन्होंने बैठक में उपस्थित जिला सहकारिता पदाधिकारी और जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक को निदेश देते हुए कहा कि प्रत्येक प्रखंड में न्यूनतम 100 खाता एक माह के भीतर खोलने का लक्ष्य निर्धारित करें। सहकारी बैंकों की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाए तथा ग्रामीणों के बीच सहकारी बैंकों में खाता खोलने के लाभों की जानकारी दी जाये। जिले के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संघ द्वारा मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए यह अनुरोध किया गया कि वरीय एवं मुख्य सहकारिता प्रसार पदाधिकारी के पद जो सप्तम वेतनमान में लेवल 8 एवं 9 के हैं, उन्हें राजपत्रित किया जाए। मंत्री द्वारा बताया गया कि इससे संबंधित संचिका विभाग में प्रक्रियाधीन है तथा विभागीय अधिकारियों को इसपर सकारात्मक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया है।

## देश के 17 सांसदों को मिलेगा 'संसद रत्न'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** संसद में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 17 सांसदों और 2 संसदीय स्थायी समितियों को संसद रत्न पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया है। ये पुरस्कार संसद में सक्रियता, बहस में भागीदारी, प्रश्न पूछने और विधायी कामकाज में योगदान के आधार पर दिए जाते हैं। यह पुरस्कार प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन की तरफ से शुरू किया गया है। इस वर्ष के विजेताओं का चयन जूरी कमेटी ने किया जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने की। उन्होंने कहा कि ये पुरस्कार उन सांसदों को दिए जाते हैं जिन्होंने लोकतंत्र को मजबूती देने के लिए संसद में उत्कृष्ट योगदान दिया है। चार सांसदों को संसदीय लोकतंत्र में उत्कृष्ट और सतत योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। इन सांसदों में भर्तृहरि महताब (भाजपा), सुप्रिया सुले (एनसीपी-एसपी), एनके प्रेमचंद्रन (आरएसपी) एवं श्रीरंग अप्पा बारणे (शिवसेना) शामिल हैं। प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन के अनुसार, ये चारों सांसद 16वीं और 17वीं लोकसभा में भी संसद में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों में शामिल रहे हैं और अपनी मौजूदा कार्यकाल में भी लगातार सक्रिय हैं। बाकी 13 सांसदों को भी उनके विशिष्ट संसदीय कार्यों के लिए चुना गया है। इनमें स्मिता वाघ (भाजपा), अरविंद सावंत (शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट), नरेश गणपत म्हास्के (शिवसेना), वर्षा गायकवाड़ (कांग्रेस), मेधा कुलकर्णी (भाजपा), प्रवीण पटेल (भाजपा), रवि किशन (भाजपा), निशिकांत दुबे (भाजपा), बिद्युत बारन महतो (भाजपा), पी. पी. चौधरी (भाजपा), मदन राठौर (भाजपा), सीएन अन्नादुरै (डीएमके) एवं दिलीप सैकिया (भाजपा) शामिल हैं। इन सांसदों ने संसद में प्रश्न पूछने, चर्चा में भाग लेने और विधेयकों पर सुझाव देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बता दें कि संसद रत्न पुरस्कार की शुरुआत 2010 में हुई थी और यह पुरस्कार उन सांसदों को दिए जाते हैं जो पारदर्शिता, जवाबदेही और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती देने के लिए संसद में सक्रिय रहते हैं। इसका उद्देश्य सांसदों को प्रोत्साहित करना और जनता के बीच संसदीय कार्यवाही को लोकप्रिय बनाना है।

### सीबीआइ के तीन फर्जी अधिकारी गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी के श्रीकृष्णापुरी इलाके में सीबीआइ अधिकारी बनकर लूटने वाले 3 अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो पिस्टल, कट्टा, जिंदा कारतूस, सेना की वर्दी, बाइक और सीबीआइ अधिकारी के फर्जी आइडी कार्ड बरामद हुए हैं। तीनों खुद को सीबीआइ अधिकारी बताकर कभी-कभार पुलिस चेकिंग के दौरान पुलिस वालों को धौंस दिखाते थे। फिल्म को देखकर सभी अलग-अलग आइडिया लेते थे। फिर उसी अंदाज में एक अपराधी, अधिकारी बनता था। उसके अन्य साथी फर्जी सेना के जवान बनकर पुलिसकर्मियों को सीबीआइ के नाम पर डराने-धमकाने पहुंच जाते थे। एसडीपीओ साकेत कुमार ने बताया कि तीनों शातिर अपराधी हैं। पहले भी अलग-अलग थानों से जेल भी गए हैं।

## हाइवा-टेंपो की टक्कर में मां-बेटे की मौत, छह गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार।** जिले के प्राणपुर थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा कुशियारी काली मंदिर के पास उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित हाईवा ने सामने से आ रहे टेंपो को सीधी टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाईवा की रफ्तार काफी अधिक थी जिसके कारण चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा। सामने से आ रहा टेंपो उसकी चपेट में आ गया जिससे टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि टेंपो के परखच्चे उड़ गए। टेंपो में सवार यात्रियों की चीख-पुकार से घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में डिंपल कुमारी और उनकी दुधमुंही संतान की मौके पर ही मौत हो गई। घायल छह लोगों को तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही प्राणपुर थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हाईवा को जब्त कर लिया है जबकि उसका चालक मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश की जा रही है। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों की निगरानी के लिए सख्त कदम उठाने और दोषी चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# हर बदलाव का आधार है विज्ञान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** जिले के रोसड़ा स्थित यू आर कॉलेज, डीबीकेएन कॉलेज, नरहन और एसोसियेशन फॉर पॉलिटिकल स्टडीज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चतुर्थ बिहार समाज विज्ञान कांग्रेस के द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में पैनल एक पर चर्चा कराया गया। इसका विषय 'विज्ञान समाज एवं विकास' था। सत्र की अध्यक्षता जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रो. सुबोध नारायण मालाकार ने की। इस अवसर पर प्रो. मालाकार ने कहा कि विज्ञान हर बदलाव का आधार है। उन्होंने कहा कि भारतीय दर्शन में विज्ञान के विकास पर अत्यधिक कार्य हुआ एवं इसमें भी विमर्श की गुंजाइश बनी हुई है। इन्होंने कॉपरनिक्स एवं ब्रुनो का उदाहरण देते हुए कहा कि वैज्ञानिकों के सामने अनेक चुनौतियां आती है। यहां तक की ब्रुनों की हत्या चौराहे पर की गई। इसलिए वैज्ञानिक चाहे पूर्व का हो या पश्चिम का वैज्ञानिक, वैज्ञानिक होता है और उसके खोजों का असर पूरी दुनिया पर होता हो। विज्ञान उत्पादन की शक्ति के रूप में आता है तथा उत्पादन के संबंध को भी प्रभावित करता




है और इससे उत्पादन पद्धति में भी बदलाव आता है। उन्होंने स्टीफन हॉकिंस, आइंस्टीन एवं न्यूटन का चर्चा की। अंत में प्रो. मालाकार ने कहा कि एक नीति विज्ञान के लिए बननी चाहिए और इस आशय का प्रस्ताव सरकार को बिहार समाज विज्ञान अकादमी के द्वारा एक मांग पत्र बनाकर दे। इस पैनल में चर्चा करते हुए प्रो. कार्यानंद पासवान ने बताया कि विज्ञान अपरिहार्य है। उन्होंने कहा कि विज्ञान व्यक्ति को अंधविश्वास से दूर करता है। इसलिए विज्ञान से जो नफरत करता है वह अंधविश्वासी होता है। इन्होंने संपत्ति के व्यक्तिगत जमाखोरी को सभी प्रकार के अपराधों का कारण बताया। यदि विज्ञान का प्रयोग पूंजी निर्माण के लिए करते हैं तो मनुष्य को उत्पादन प्रणाली से बहिष्कृत करते हैं। इसलिए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संसाधनों का राष्ट्रीयकरण होना चाहिए एवं व्यक्तिगत संपत्ति की अवधारणा को समाप्त कर देना चाहिए। संचालन डॉ अनिल कुमार राय ने किया। तत्पश्चात डॉ एसपी वर्मा मेमोरियल लेक्चर का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. राजमणि प्रसाद सिन्हा ने एस पी वर्मा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। समापन समारोह के मुख्य वक्ता स्थानीय विधायक बीरेन्द्र कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि रोसड़ा में वैज्ञानिक सोच पर आधारित सम्मेलन इस इलाके के लिए मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानाचार्य डॉ घनश्याम राय ने मंचासीन सभी अतिथियों का स्वागत भाषण के साथ-साथ पाग, चादर और बुके देकर किया। उन्होंने एसोसियेशन फॉर पॉलिटिकल स्टडीज बिहार काछठे वार्षिक सम्मेलन आयोजित करने के लिए एक ग्यारह सदस्यीय सम्मेलन तैयारी समिति के गठन की घोषणा की। समापन समारोह का बीज वक्तव्य प्रो. प्रेम मोहन मिश्रा ने दिया। प्रो. एस एन मालाकार, प्रो. कार्यानंद पासवान, प्रो. मुनेश्वर यादव, प्रो. अनिल दत्त मिश्रा, डॉ अमरेश कुमार सिंह, डॉ विनय कुमार आदि ने संबोधित किया। समापन समारोह की अध्यक्षता प्रो. लालबाबू यादव ने की। बासा के नवगठित कमिटी का परिचय करा मंच पर सभी को सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. गौरीशंकर प्रसाद सिंह एवं समापन समारोह का संचालन डॉ विनय कुमार ने किया।

ग्रीन गार्डन पब्लिक स्कूल
जवाहर नगर, कोरियावाँ मोड़, मसौढ़ी (पटना)
Class- Nursery to VIII Based On C.B.S.E. Curriculum
Facililties :-
Qualified Dedicated And Inspiring Faculty
Creating English Atmosphare And Providing Quality Education


Admissions are in progress for Session 2025-26
Admissions Free
"Start Where you are. Use What have. Do What you can."
Contact No. : 9934070501

ललित कुमार सिंह
निदेशक

# 315 नवचयनित प्रखंड उद्यान पदाधिकारियों को मिलेगा नियुक्ति पत्र

## 62 अनुमंडल स्तर पर कृषि भवनों के निर्माण का होगा शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** नीतीश कुमार द्वारा दिनांक 19.05.2025 को कृषि भवन, मीठापुर, पटना में कृषि विभाग में नवनियुक्त प्रखंड उद्यान पदाधिकारियों को नियुक्ति/नियोजन पत्र का वितरण, कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय, आरा (भोजपुर) का कार्यारंभ, अनुमंडल स्तर पर कृषि भवनों के निर्माण का शिलान्यास, ''बिहार कृषि'' मोबाईल ऐप की शुरूआत तथा खरीफ महाअभियान, 2025 का शुभारंभ किया जायेगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा की जायेगी। इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री, जल संसाधन विभाग विजय कुमार चौधरी, मंत्री, स्वास्थ्य विभाग मंगल पाण्डेय तथा मंत्री, भवन निर्माण विभाग जयंत राज विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। सचिव, कृषि विभाग संजय कुमार अग्रवाल द्वारा बताया गया कि बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा कृषि विभाग में अनुशंसित 315 अभ्यर्थियों को प्रखण्ड उद्यान पदाधिकारी के पद के लिए नियुक्ति पत्र का वितरण किया जायेगा, जिसमें 150 अभ्यर्थी महिलाएँ है। कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा की व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने हेतु आरा (भोजपुर) में 144.72 करोड़ रू0 लागत से कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय, आरा (भोजपुर) का कार्यारंभ भी माननीय मुख्यमंत्री द्वारा किया जायेगा। साथ ही, 62 अनुमंडल स्तर पर कृषि भवनों के निर्माण का शिलान्यास किया जायेगा। श्री अग्रवाल ने बताया कि किसानों को कृषि विभाग की सभी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए बिहार कृषि मोबाईल ऐप की शुरुआत भी मुख्यमंत्री द्वारा की जायेगी। यह ऐप किसानों को विभिन्न योजनाओं में आवेदन करने, उनकी स्थिति जानने, स्वीकृति और पुष्टि जैसी महत्वपूर्ण जानकारियों को सहजता से प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करेगी। इसके माध्यम से कृषि से जुड़ी सभी सेवाएं और सूचनाएँ डिजिटल रूप से सुलभ हो जायेगी, जिससे किसानों को समय और संसाधनों की बचत होगी। इस ऐप की यह विशेषता है कि इसमें किसानों के लिए डिजिटल पासबुक की व्यवस्था की गई है, जो बैंक पासबुक की तरह कार्य करती है। इसमें किसान को प्राप्त सभी लाभ, अनुदान, आवेदन की स्थिति, भुगतान की जानकारी आदि सुव्यवस्थित रूप से दर्ज रहेंगे। इसके अतिरिक्त पौधा संरक्षण सलाह, फसलों के बाज़ार मूल्य, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, बिहार कृषि रेडियो, मौसम सम्बन्धित जानकारी आदि महत्वपूर्ण सूचनाएँ उपलब्ध रहेंगी। सचिव ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा कृषि भवन परिसर में किसान जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर खरीफ महाभियान 2025 की शुरूआत भी की जायेगी। इन वाहनों के माध्यम से योजनाओं एवं आधुनिक तकनीक से खेती करने के तरीकों का प्रचार-प्रसार किया जायेगा। साथ ही, किसानों की खेती-बारी में आने वाली समस्याओं का निराकरण भी किया जाएगा।

# राहुल गांधी के बिहार दौरे से कांग्रेस ने बिहार में बढाई अपनी सक्रियता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पूरी तरह एक्शन मोड में आ गई है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के लगातार बिहार दौरे से खुद को मजबूत कर इस बार वह अपनी पूरी ताकत झोंकने में जुट गई है। कहा तो यह भी जा रहा है कि चुनावी कमान को राहुल गांधी ने खुद अपने हाथों में ले रखा है। यही वजह है कि राहुल गांधी बिहार में कांग्रेस की स्थिति मजबूत करने के लिए लगातार दौरे कर रहे हैं। राहुल गांधी 15 दिनों के भीतर दूसरी बार 27 मई को बिहार आने वाले हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व नालंदा में अत्यंत पिछड़ा और पिछड़ा वर्ग के सम्मेलन की तैयारी कर रहा है। इसमें राहुल गांधी के शामिल होने की संभावना है। नालंदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का गृह जिला है और यह उनका मजबूत गढ़ माना जाता है। इसके साथ ही अत्यंत पिछड़ा वर्ग सीएम नीतीश कुमार का परंपरागत वोट बैंक है। ऐसे में नालंदा में अत्यंत पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में राहुल गांधी के शामिल होने को नीतीश कुमार के वोट बैंक में सेंधमारी की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार नालंदा के सम्मेलन में राज्य और जिलास्तर के नेताओं के अलावा बड़ी संख्या में अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लोग शामिल होंगे। अगर यह दौरा होता है तो बीते पांच महीनों में राहुल गांधी का यह पांचवां बिहार दौरा होगा। इससे पहले वह 18 जनवरी, 4 फरवरी, 7 अप्रैल और 15 मई को बिहार आ चुके हैं। इसी महीने 15 को वे दरभंगा और पटना पहुंचे थे। उल्लेखनीय है कि बिहार की राजनीति में फिर से अपनी पकड़ बनाने के लिए राहुल गांधी जातीय किलेबंदी करने में जुटे हैं। इस बार बिहार चुनाव में राहुल गांधी का फोकस दलित और और पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं पर है। 2023 में बिहार में हुई जातीय जनगणना की रिपोर्ट के मुताबिक बिहार में दलितों की आबादी लगभग 19 फीसदी है। बिहार विधानसभा की 243 सीटों में से 38 सीटें अनुसूचित जाति और 2 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं।

# पटना विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों ने किया एक समूह का गठन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** वाणिज्य महाविद्यालय, पटना विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों (सत्र 1980-84) ने एक नए समूह का गठन किया है, जो चालीस साल के लंबे अंतराल के बाद एक साथ आए हैं। इस समूह की पहली बैठक मौर्या होटल के बॉलीवुड ट्रीट में आयोजित की गई थी, जिसमें करीब 15-16 सदस्य उपस्थित हुए।इसमें मुख्य भूमिका के रूप में श्री संजय किशोर और पवन अग्रवाल ने किया और लोगों में फिल्म निर्देशक अनिल पॉल अन्नू, अमरेंद्र जी एव अन्य सदस्यों ने भी शिरकत किया। इस समूह का मुख्य उद्देश्य है पुराने मित्रों के साथ फिर से जुड़ना और महीने में एक बार क़रीब 17 तारीख हर महीने एक साथ मिलकर बैठक करना, पारिवारिक मिलन का आयोजन करना, और एक दूसरे के साथ आनंदमय समय बिताना। समूह का आकार 25-30 सदस्यों तक सीमित होगा, और इसमें समान विचारधारा वाले लोगों को शामिल किया जाएगा। बैठक के बाद, सदस्यों ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया और पुराने मित्रों से मिलने का अवसर प्राप्त किया। इस अवसर पर संगीत और नृत्य का भी आयोजन किया गया, जो एक यादगार पल बना।

# आरसीपी और पीके दोनों विषैले सांप एक हो रहे हैं : नीरज कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और 'आसा' पार्टी के मुखिया आरसीपी सिंह के प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी का दामन थाम लिए जाने पर जदयू ने तीखा प्रहार किया है। जदयू के मुख्य प्रवक्ता एवं विधान पार्षद नीरज कुमार ने जन सुराज पार्टी के सुप्रीमो प्रशांत किशोर और आरसीपी सिंह के एक होने के सवाल पर तंज कसते हुए कहा कि दोनों विषैले सांप एक हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों छूटा हुआ कारतूस हैं। ये लोग जिस थाली में खाते हैं, उसी थाली में छेद करते हैं। उन्होंने आरसीपी सिंह को 'राजनीति का विषैला कीटाणु' बताते हुए प्रशांत किशोर पर तेलंगाना की कंपनियों से आर्थिक लेनदेन का आरोप दोहराया। इस मौके पर उन्होंने तेजस्वी और राहुल गांधी पर भी कटाक्ष किया। नीरज कुमार ने चुनौती दी कि आरसीपी सिंह अगर नालंदा या किसी भी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ें और मुखिया के उम्मीदवार से कम वोट न आए तो वे राजनीति छोड़ देंगे। नीरज कुमार ने दोनों नेताओं की विश्वसनीयता और राजनीतिक प्रासंगिकता पर सवाल उठाए। उन्होंने तेजस्वी यादव और राहुल गांधी पर भी हमला बोला। तेजस्वी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि वो अपनी पार्टी को संभाल नहीं पा रहे और बिहार में विकास की बात करते हैं। वहीं, राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को पहले अपनी पार्टी की रणनीति समझनी चाहिए, फिर बिहार में दखल देना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पूर्व नौकरशाह आरसीपी सिंह 2010 में राजनीति में आए और दो बार राज्यसभा सदस्य बने। नीतीश कुमार ने उन्हें अपना प्रधान सचिव भी बनाया था। लेकिन 2021 में केंद्रीय मंत्री बनने के बाद दोनों नेताओं के संबंधों में दरार आ गई। अब उनका प्रशांत किशोर के साथ आना बिहार की राजनीति में एक नई धुरी बना सकता है। वहीं, प्रशांत किशोर जो कभी नीतीश कुमार के करीबी सहयोगी रहे और जदयू के रणनीतिकार के तौर पर काम कर चुके हैं। अब अपनी पार्टी जन सुराज के जरिए बिहार में नई राजनीतिक जमीन तलाश रहे हैं।

# आरसीपी सिंह ने अपनी पार्टी 'आसा' का किया जन सुराज में विलय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार विधानसभा के आसन्न चुनाव के मद्देनजर सियासत में भाग्य आजमाने वाले लोग अपने राजनीतिक भविष्य को ध्यान में रखते हुए अपनी जगह बनाने में जुट गए हैं। इसी कड़ी में जदयू से नाता तोड़कर भाजपा का दामन थामने वाले पूर्व केन्द्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने पहले अपनी पार्टी 'आसा' बनाई। अब रविवार को उन्होंने अपनी पार्टी का विलय जनसुराज में कर दिया। प्रशांत किशोर के साथ उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस किया और मीडिया के सामने अपनी पार्टी के विलय की जानकारी दी। इस दौरान आरसीपी सिंह और प्रशांत किशोर ने जदयू के कई कद्दावर नेताओं को निशाने पर लिया और उन पर जमकर हमला बोला। आरसीपी सिंह ने जनसुराज पार्टी में विलय करने की वजह भी बताई। आरसीपी सिंह ने कहा कि आज रविवार है, सूर्य भगवान का दिन है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं अपनी पार्टी का विलय करूंगा, लेकिन यह हो गया। यह ईश्वर का आशीर्वाद है। आरसीपी सिंह ने कहा कि वे पिछले दो वर्षों से बिहार में घूम रहे हैं, लोगों से मिल रहे हैं और अब एक नई लड़ाई के लिए तैयार हैं। महागठबंधन की सरकार के वक्त जैसी मेहनत की गई थी, अब फिर वैसी मेहनत होगी-मगर इस बार खुद के लिए। आरसीपी सिंह ने कहा कि 10 साल पहले जब महागठबंधन की सरकार बनी थी तब हम लोगों ने मिलकर मेहनत की थी और कामयाबी मिली थी। उन्होंने कहा कि एनडीए और इंडिया दोनों गठबंधन में हमलोगों ने काम किया। उन्होंने कहा कि हमलोग काम किए हैं और काम करके दिखाएंगे। आरसीपी सिंह ने कहा कि हम तीसरे नहीं बल्कि टॉप पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि 2010 में वो अधिकारी थे। उसके बाद नीतीश कुमार के साथ जदयू में आए और फिर केंद्रीय मंत्री भी बने। बाद में सवा साल भाजपा में भी रहे। बाद में अपनी पार्टी बनाई। लेकिन निर्दलीय रहने से किसी का फायदा नहीं होता इसलिए जनसुराज के साथ जुड़े। आरसीपी सिंह ने कहा कि प्रशांत किशोर के साथ वो पहले भी काम कर चुके हैं।

वहीं, प्रशांत किशोर ने आरसीपी सिंह के जनसुराज संग आने को नीतीश कुमार के खिलाफ एक मजबूत गठजोड़ बताते हुए कहा कि 'कमजोर नीतीश कुमार को गिद्ध की तरह नोचा जा रहा है।' जदयू में जो लोग खुद को नेतृत्वकर्ता कहते हैं, वे नीतीश कुमार को कितना सहयोग करते थे, यह सबको पता है। पीके ने बिना किसी का नाम लिए यहां तक कहा कि नीतीश कुमार की सरकार में शामिल कुछ मंत्री 'वसूली मंत्री' हैं। उन्होंने कहा कि 2015 में नरेंद्र मोदी और भाजपा के विजय रथ को रोका जा सका था क्योंकि लालू यादव और नीतीश कुमार के साथ आने से पहले आरसीपी सिंह और प्रशांत किशोर साथ आए थे। 2015 के चुनाव जिताने में जरूर मेरी भूमिका थी। आज आरसीपी सिंह के साथ आने को मैं उसी संदर्भ में देखता हूं। पीके ने कहा कि उन्होंने नीतीश कुमार का साथ इसलिए छोड़ा क्योंकि जदयू ने सीएएस और एनआरसी का समर्थन किया। 'आरसीपी टैक्स' तंज को गलत करार देते हुए उन्होंने कहा कि आजतक पटना में एक घर भी आरसीपी सिंह ने नहीं बनाया। पीके ने कहा कि एक काबिल व्यक्ति ही जनसुराज का नेतृत्व करेगा। आरसीपी सिंह की भूमिका दल चलाने की होगी, वो पहले भी चला चुके हैं। बिना किसी शर्त वो साथ आए हैं। एनडीए और महागठबंधन को रोकने दोनों साथ हुए हैं।

# विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर सेंट्रल हॉस्पिटल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता





**पटना।** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर साउथ ईस्टर्न रेलवे के सेंट्रल हॉस्पिटल, गार्डनरीच, कोलकाता में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सा क्षेत्र के कर्मचारियों में उच्च रक्तचाप के प्रति जागरूकता बढ़ाना और नियमित रूप से ब्लड प्रेशर की निगरानी को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर 75 से अधिक डॉक्टरों, नर्सों एवं अस्पताल कर्मचारियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों का एक उन्नत बॉडी कंपोजीशन एनालाइज़र के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें बीएमआई, शरीर में वसा की मात्रा, जल स्तर एवं मांसपेशियों की संरचना जैसी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जागरूकता सत्र में वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञों ने उपयोगी जानकारियाँ साझा कीं:

डॉ. बी. एन. झा (एसीएचडी, हृदय रोग विशेषज्ञ) ने नियमित एवं सटीक रक्तचाप मापन के महत्व पर जोर दिया और कहा कि नियंत्रित बीपी लंबा और स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करता है। डॉ. अंजना मल्होत्रा (पीसीएमडी) ने कार्यस्थल पर तनाव प्रबंधन की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए सभी कर्मचारियों से नियमित रक्तचाप की जांच कराने की अपील की। डॉ. श्रीकुमार (मेडिकल डायरेक्टर) ने कहा कि उच्च रक्तचाप एक ''साइलेंट डिज़ीज़'' है और इसे समय रहते पहचानकर उपचार करना जरूरी है, क्योंकि यह अंगों को गंभीर नुकसान पहुँचा सकता है।

डॉ. पी. के. मजूमदार ने अनियंत्रित उच्च रक्तचाप से जुड़ी जटिलताओं पर चिंता व्यक्त की।

डॉ. प्रियांका मंडल ने महिलाओं में उच्च रक्तचाप के प्रभाव पर प्रकाश डाला और महिला स्वास्थ्य कर्मियों में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता बताई। डॉ. मुकता मंडल ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों को दूसरों की सेवा के साथ-साथ स्वयं के स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह दी। समापन भाषण में डॉ. ए. बेरा ने स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े सभी कर्मियों के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच की आवश्यकता पर बल दिया और निवारक देखभाल की महत्ता को दोहराया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. बी. एन. झा ने एक यादगार संदेश साझा किया: ह्लतनाव से दूर रहो, उच्च रक्तचाप से बचो। यह कार्यक्रम न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक रहा, बल्कि कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य के प्रबंधन के लिए प्रेरित भी किया। यह आयोजन साउथ ईस्टर्न रेलवे के सेंट्रल हॉस्पिटल की अपने कर्मचारियों और समुदाय के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# कीटाणु और विषाणु एक साथ आए हैं : जीतन राम मांझी

## पीके और आरसीपी दोनों का बिहार में कोई जनाधार नहीं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह के रविवार को जन सुराज पार्टी का दामन थाम लेने पर सूबे की सियासत गर्मा गई है। इसको लेकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री और हम पार्टी के संरक्षक जीतन राम मांझी ने कहा है कि बिहार को विषाक्त करने के मकसद से कीटाणु और विषाणु एक साथ आए हैं। पीके और आरसीपी जैसे नेता आपस में मिलकर ये सोच रहे हैं कि वो जनता को बर्बाद कर देंगे। लेकिन शायद उन्हें नहीं मालूम कि बिहार की जनता के पास एक ऐसा एंटी वायरस है, जिसका नाम एनडीए है। उन्होंने दोनों को राजनीतिक रूप से असफल बताते हुए कहा कि इनका कोई जनाधार नहीं है। मांझी ने तंज कसते हुए कहा कि आरसीपी सिंह ने 6 महीने पहले बनाई अपनी पार्टी को प्रशांत किशोर की 7 महीने पुरानी जन सुराज में विलय कर दिया। यह दर्शाता है कि दोनों का बिहार में कोई जनाधार नहीं है। उन्होंने कहा कि दोनों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ काम किया, लेकिन व्यक्तिगत स्वार्थ के कारण वे टिक नहीं पाए। मांझी ने इसे हास्यास्पद स्थिति करार देते हुए कहा कि पीके और आरसीपी की जोड़ी को ये समझना चाहिए कि एनडीए का एंटीवायरस किसी भी वायरस से निपटने में कारगर है। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर हों या आरसीपी सिंह ये दोनों राजनीतिक तौर पर असफल लोग हैं। पीके और आरसीपी दोनों के बीच जदयू में रहते किस तरह अहम का टकराव रहा है, ये सभी जानते हैं। मांझी ने कहा कि ये दोनों केवल और केवल अवसरवाद की वजह से साथ आए हैं, जिसे बिहार की जनता भली भांति समझ रही है।

# अपसा ने प्रतिभाशाली छात्रों का किया सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** स्व-पोषित निजी विद्यालयों का संगठन (अपसा) द्वारा स्थानीय विद्यापति भवन में छात्र सम्मान समारोह-2025 का आयोजन किया गया, जिसमें जिले भर के विभिन्न निजी विद्यालयों से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उद्घाटनकर्ता बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मुख्य अतिथि बिहार सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू, विशिष्ट अतिथि नागमणि कुशवाहा, दीपक प्रकाश (निदेशक सिविल फोड़ो) अपसा के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार झा एवं सचिव राकेश कुमार रंजन द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए उद्घाटनकर्ता उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने संबोधन में छात्रों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और निजी विद्यालयों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि निजी विद्यालय न केवल शिक्षा बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वहीं सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू ने कहा कि विद्यालय संगठन बच्चों कि प्रतिभा को निखारने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार ज्ञान कि भूमि है इसीलिए छात्र अपनी प्रतिभा को पहचाने और आगे बढ़ें। उन्होंने संगठन को सरकार की तरफ से हर संभव मदद पहुंचाने की बात कही। अपसा के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार झा ने बताया कि यह समारोह हर वर्ष आयोजित किया जाता है ताकि छात्रों को प्रोत्साहन मिल सके और अन्य विद्यार्थी भी प्रेरणा ले सकें। इस समारोह में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक अर्जित किए। उन्होंने सरकार से यह भी आग्रह किया कि स्व-पोषित निजी विद्यालयों को बेहतर सुविधाएं और सहयोग प्रदान किया जाए। जबकि संगठन के सचिव राकेश कुमार रंजन ने छात्रों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुझे आशा है कि छात्र-छात्राएं इसी प्रकार मेहनत करके आगे भी अपना तथा अपने विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर संगठन के कोषाध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार, उप सचिव अविनाश कुमार झा, उप सचिव स्नेहलता, उप सचिव सुषमा पांडेय, संयुक्त सचिव अमरेंद्र कुमार, उमेश सिंह, महासचिव अजय कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष गोकुलेश उपाध्याय, अपसा चुनाव प्रभारी डी के सिन्हा सहित जिले के शिक्षाविदों, विद्यालय प्राचार्यों, अभिभावकों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# तेजस्वी के झूठे आरोपों को जनता नहीं लेती गंभीरता से : राजीव रंजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा एक्स पर बिहार में एनडीए सरकार एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर लगाये गए आरोपों पर पलटवार करते हुए जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि झूठ बोलने से उन्हें सत्ता की बागडोर जनता नहीं सौंपने वाली है। उन्होंने तेजस्वी के आरोपों की फ़ेहरिस्त में नौकरियों एवं रोजगार नहीं मिलने पर हैरानी जताते हुए कहा कि नीतीश सरकार ने राज्य में 12 लाख नौकरियां एवं 38 लाख रोजगार देने के लक्ष्य को लगभग हासिल कर लिया है और देश के पहले तीन राज्यों में बिहार का नाम शामिल हो चुका है। श्री प्रसाद ने पलायन बढ़ने के तेजस्वी के आरोपों पर कहा कि अब तो राज्य में रिवर्स माइग्रेशन हो रहा है ।स्पष्ट है कि लाखों लोग जो राजद के जंगलराज में बिहार से बाहर गए थे, उनमें लाखों लोग वापस लौट आए हैं। पलायन के आंकड़े निरंतर घट रहे हैं। उन्होंने तेजस्वी के अपराध बढ़ने के आरोपों को ख़ारिज करते हुए कहा कि प्रति लाख व्यक्ति के अपराध दर के आधार पर देश के बेहतर क़ानून व्यवस्था के राज्यों में बिहार शामिल हुआ है। अब पति और बच्चों की सकुशल वापसी के लिए माताएं जंगल राज के दौर की तरह मन्नतें नहीं माँगती हैं क्योंकि उन्हें राज्य में सुशासन की सरकार पर भरोसा है। लालू राज में 2005 तक 817 थाने थे उनके भवन जर्जर थे। पुलिस बल मात्र 42480 थी लेकिन अब थानों की संख्या बढ़ कर 1380 हो चुकी है वहीं पुलिस बल की संख्या भी बढ़ कर 110 000हो चुकी है। पुलिस बल में 2 लाख 29 हज़ार से ज़्यादा पुलिस कर्मियों की भर्ती का लक्ष्य है। श्री प्रसाद ने राज्य में भ्रष्टाचार के बढ़ने के आरोपों को ख़ारिज करते हुए कहा कि अब जिस पार्टी के सुप्रीमो भ्रष्टाचार के मामले में सजायफ़्ता हों और स्वयं तेजस्वी ज़मीन दो नौकरी लो के बहुचर्चित घोटाले में अदालतों के चक्कर काट रहे हों, उन्हें तो कोई नैतिक अधिकार नहीं है कि भ्रष्टाचार पर वह सवाल करें।

# वजन कम करना चाहते हैं तो स्नैकिंग के हेल्दी विकल्पों को अपनाएं : डॉ. रोहिणी पाटिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** खाने के बीच भूख लगना उन लोगों के लिए परेशानी हो सकता है जो वजन कम करना चाहते हैं। इस भूख के दौरान हमें अक्सर ऐसी चीजें खाने का मन करता है जो सेहत के लिए अच्छी नहीं होती, जिससे वजन कम करने का लक्ष्य बिगड़ सकता है। लेकिन सही तरीके से नाश्ता करने से वजन कम करने में मदद मिल सकती है। डॉ. रोहिणी पाटिल (एमबीबीएस और न्यूट्रिशनिस्ट) कहती हैं कि बादाम, फल और सब्जियां जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थ सही मात्रा में खाने चाहिए। स्नैकिंग के ये स्मार्ट विकल्प न केवल भूख को शांत करते हैं, बल्कि जरूरी पोषक तत्व भी देते हैं जो आपको एनर्जी से भरपूर रखती हैं और आपको संतुष्टि भी मिलती है। डॉ. पाटिल कहती हैं कि नाश्ता करना समस्या नहीं है, बल्कि हम क्या और कितना खाते हैं, यह मायने रखता है। सही पोषक तत्वों के संतुलन के साथ चुने गए नाश्ते से सेहत के लक्ष्यों को बनाए रखा जा सकता है और खाने का आनंद भी लिया जा सकता है। यहां कुछ सेहतमंद नाश्ते के विकल्प दिए गए हैं जो आपको तृप्त रखेंगे और वजन कम करने की राह पर मदद करेंगे। बादाम में प्रोटीन, मैग्नीशियम, विटामिन ई और जिंक जैसे 15 जरूरी पोषक तत्व होते हैं। इनका कुरकुरा स्वाद भूख को शांत करता है। बादाम दिल, त्वचा के लिए अच्छे हैं, और इन्हें खाकर संतुष्टि का अहसास होता है। ये वजन नियंत्रण में मदद करते हैं। डॉ. पाटिल ने खासतौर पर कैलिफोर्निया आमंड्स की सलाह दी है, जिनमें प्रोटीन, गुड फैट और फाइबर होते हैं, जो लंबे समय तक पेट भरा रखते हैं। इन्हें अकेले खाएं, स्मूदी में डालें, सलाद में मिलाएं या मसाले के साथ भूनें। नॉन-स्टिक पैन पर बिना तेल के बनाया गया मूंग दाल चीला वजन कम करने के लिए एक बढ़िया नाश्ता है। इसमें प्रोटीन और फाइबर होते हैं, जो भूख पर नियंत्रण रखते हैं और एनर्जी बनाए रखते हैं। डॉ. पाटिल सलाह देती हैं कि पालक, प्याज और टमाटर जैसी बारीक कटी सब्जियां डालकर इसे और पौष्टिक बनाएं।

# वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में जल्द शुरू होगा नामांकन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में जल्द नामांकन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली गयी है। छात्र-छात्राएं जल्द ही नामांकन फॉर्म भर सकेंगे। रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय से संबद्ध श्री शंकर कॉलेज में सबसे ज्यादा सीटें आर्ट्स संकाय में हैं, जहां कुल 1512 सीटें उपलब्ध हैं। साइंस संकाय में 622 और कॉमर्स संकाय में 432 सीटें छात्रों के लिए मौजूद हैं। वहीं शेरशाह कॉलेज के आर्ट्स संकाय के अंतर्गत इतिहास में 250, राजनीति विज्ञान में 125, मनोविज्ञान में 100, अर्थशास्त्र में 60, दर्शनशास्त्र में 50, हिंदी में 70, अंग्रेजी में 50, उर्दू में 50, एआईएएस में 50, समाजशास्त्र में 63, ज्योग्राफी में 260, लेबर एंड सोशल वेलफ़ेयर में 60 सीटें उपलब्ध हैं। इस तरह कुल 1188 सीटें आर्ट्स में हैं तथा साइंस संकाय के भौतिकी विषय में 120, रसायन शास्त्र में 100, गणित में 170, प्राणी शास्त्र में 100 व वनस्पति विज्ञान में 50 सीटें उपलब्ध हैं। कुल मिलाकर साइंस की 540 सीटें हैं। वहीं कॉमर्स संकाय में कुल 324 सीटें उपलब्ध हैं। इसी प्रकार एसपी जैन कॉलेज में आर्ट्स संकाय के अंतर्गत इतिहास में 400, राजनीति विज्ञान में 386, मनोविज्ञान में 150, अर्थशास्त्र में 300, दर्शनशास्त्र में 100, हिंदी व अंग्रेजी में 200-200 और उर्दू में 100 सीटें उपलब्ध हैं। इस तरह कुल 1836 सीटें आर्ट्स में हैं तथा साइंस संकाय में भौतिकी व रसायन में 180-180, गणित में 200, प्राणी शास्त्र में 99 व वनस्पति विज्ञान में 100 सीटें उपलब्ध हैं, कुल मिलाकर साइंस की 759 सीटें हैं। वहीं कॉमर्स संकाय में कुल 540 सीटें उपलब्ध हैं। रोहतास महिला कॉलेज की बात करें तो यहां विषयवार देखें तो अर्थशास्त्रः 80, अंग्रेजीः 50, हिंदीः 50, इतिहासः 200, गृह विज्ञानः 160, संगीतः 20, दर्शनशास्त्रः 30, राजनीति विज्ञानः 200, मनोविज्ञानः 200, संस्कृतः 20, समाजशास्त्रः 200 और उर्दूः 50 सीटें, इस तरह कुल 1260 सीटें छात्राओं के लिए उपलब्ध हैं।



# भारतीय सेना के सम्मान में जगमगाया रेलवे स्टेशन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की एक ऐतिहासिक सफलता है। इसने आतंकवाद और उसके मददगारों को करारा जवाब दिया है। सेना के शौर्य और पराक्रम ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। देश की वीर सेना के सम्मान में भारतीय रेलवे ने एक खास पहल की है। पूरे देशभर के स्टेशनों को तिरंगे के रंगों से रोशन किया जा रहा है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में भी पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, गया, सासाराम, डिहरी ऑन-सोन, अनुग्रह नारायण रोड, भभुआ रोड जैसे प्रमुख स्टेशनों और कार्यालयों को राष्ट्रध्वज के रंगों में सजाया गया है। सेना के सम्मान के साथ इस पहल का उद्देश्य है आमजन में देशभक्ति और राष्ट्रीय भावना को सशक्त करना। यह सभी के लिए गर्व का क्षण है। आतंकवाद अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भारत का लक्ष्य शांति और प्रगति है, और इस संकल्प में रेलवे सदैव भारतीय सेना के साथ रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### 21 आरोपित गिरफ्तार

**डिहरी ऑन-सोन(नबिटा ब्यूरो)।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 21 आरोपितों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या के प्रयास, चोरी, लुट, वारंटी व शराब तस्कर है। 40 लीटर देशी शराब, एक बाइक, ट्रैक्टर जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में तीन लाख 70 हजार रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

### लूटकांड में शामिल दो अपराधी धराए, जेल

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** कैमूर पुलिस ने क्षेत्र के दतियांव गांव के पास ऑटो चालक को हथियार का भय दिखाकर लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच टीम का गठन किया था। अपराधियों के पास से एक अपाचे बाइक व एंड्रॉयड मोबाइल बरामद हुआ है। पुलिस ने मामले में पूछताछ के बाद घटना में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। धराए अपराधियों में भभुआ थाना के मसहुआं गांव के अभ्यास पटेल पिता प्रहलाद सिंह व यूपी के मिर्ज़ापुर जिला के जमालपुर थाना निवासी इंद्रजीत सिंह पिता शंकर सिंह शामिल हैं। छापेमारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थानाध्यक्ष भभुआ मुकेश कुमार, वर्षा रानी, आलोक वर्णवाल, अंगद कुमार, अंकुश कुमार व विवेक कुमार शामिल थे।

### बंदरों के उत्पात से लोग परेशान

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** नगर निगम क्षेत्र के सिकरिया गांव में बंदरों के उत्पात से लोग परेशान हैं। दो माह के अंदर करीब 15 से अधिक लोगों को बंदरों ने काट लिया है। लेकिन, वन विभाग के अधिकारी बंदरों को पकड़ने के लिए कोई सार्थक पहल नहीं कर रहे हैं। कुछ बंदर ऐसे भी हैं, जो घरों में घुसकर सामान की बर्बादी सहित लोगों को काट लेते हैं। इससे घर से बाहर तक भय का माहौल है। बंदरों को देखकर ही लोग उनसे दूरी बना ले रहे हैं। कभी दुकान में रखा सामान, तो कभी घर में रखी वस्तुओं को उठाकर बर्बाद कर रहे हैं। ग्रामीण विजय बहादुर मिश्रा, राम इकबाल सिंह, केदार सिंह व अनिल सिंह ने बताया कि कुछ बाहरी बंदर आये हैं, जो लगातार छत पर टांगे गये कपड़े एवं सामान को उठाकर ले जा रहे हैं। बच्चे या महिलाओं के द्वारा अगर बंदरों को भगाने का प्रयास किया जा रहा है, तो बंदर काटने को दौड़ रहे हैं। बंदरों में एक बंदर ऐसा भी है, जो कि कई लोगों को काट चुका है। विगत गुरुवार को गांव के ही मनोज साह को बंदर ने काट लिया। बंदर को आता देख कर लोग डर से भाग जा रहे हैं। इसमें सबसे ज्यादा परेशान घर की महिलाएं हैं। छत के रास्ते बंदर घर में प्रवेश कर जा रहे हैं। इसके बाद घर के सामान का नुकसान कर दे रहे हैं। यहां तक कि कई सामान को उठाकर साथ में ले भी जा रहे हैं। ग्रामीणों के द्वारा वन विभाग को इसकी सूचना दी गयी है। बंदरों को पकड़ने की गुहार लगायी गयी है।

### विश्व शांति के लिए भगवान बुद्ध के संदेशों का प्रचार जरूरी : उपेंद्र कुशवाहा



**कुदरा(कैमूर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवान बुद्ध के संदेशों से आतंकवाद व युद्ध पर रोक लगेगी। इनके संदेशों को देश व विदेशों में पहुंचाने की जरूरत है। उक्त बातें राज्यसभा सांसद व आरएलएम अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने कुदरा के नेवरास गांव में स्थित बुद्ध मंदिर में आयोजित बुद्ध पूर्णिमा समारोह में कही। उन्होंने कहा कि विश्व में शांति के संदेश के लिए बुद्ध के संदेशों को प्रसार-प्रचार करने की जरूरत हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भी बुद्ध के संदेशों पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि गया के बौद्ध स्थल को बौद्ध धर्म को सौंपने की जरूरत हैं। उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्म समिति में किसी अन्य धर्म के लोगों को सदस्य बनाना आवश्यक नहीं है। उन्होंने गया में बौद्ध के विकास की सराहना की। कार्यक्रम को बक्सर सांसद सुधाकर व डिहरी विधायक फतेहबहादुर ने संबोधित करते हुए कहा कि विश्व शांति के लिए बौद्ध के संदेश जरूरी हैं। कार्यक्रम का संचालन मनु कुशवाहा देवराढ़ ने की। कार्यक्रम में दर्जनों नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** प्रगतिशील बुद्धिजीवी प्रजापति चेतना मंच ने रविवार को एक निजी होटल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता सखीचंद प्रसाद और संचालन सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ जय भगवान विमल ने किया। वहीं, स्वागत भाषण प्रो विजय बहादुर प्रजापति व स्वागत गीत ममता कुमारी ने गाया। कार्यक्रम को शिवजग प्रसाद, अवधेश कुमार, सहदेव प्रजापति, सुनील कुमार, डॉ कुमारी आभा, कुमारी विभा, विश्वजीत कुमार, विवेक विमल, उमेश कुमार, अजीत कुमार, जय प्रकाश, राजेश कुमार राजू, प्रवीण कुमार उर्फ लालू, राम प्रवेश कुमार, रवि शंकर प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## दिवंगत पिता रामगोपाल चमड़िया की स्मृति में सीए सुनील चमड़िया एवं समाजसेवी आलोक चमड़िया की अनोखी पहल

# जनहित के लिए मंगाया डेडबॉडी फ्रीजर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** समाजसेवी, युवा पत्रकार आलोक चमड़िया एवं सीए सुनील चमड़िया ने अपने दिवंगत पिता रामगोपाल चमड़िया की समृति में डेडबॉडी फ्रीजर सासाराम और आसपास के क्षेत्र के लिए मंगाया है। डेडबॉडी फ्रीजर के आने से अब लोगों को बर्फ पर डेडबॉडी रखने की जरूरत नहीं होगी। जरूरतमंद लोग श्री चमड़िया से संपर्क कर इसे निःशुल्क काम में ला सकते हैं। प्रख्यात सीए सुनील चमड़िया ने बताया कि गरीब या जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए डेडलाइन फ्रीजर कानपुर से ऑर्डर देकर ऐतिहासिक नगरी सासाराम के लिए मंगाया गया है। इसे लोग निःशुल्क उपयोग में ला सकते हैं। वहीं समाजसेवी, प्रखर और निर्भीक पत्रकार आलोक चमड़िया ने बताया कि बहुत जल्द एक डेडबॉडी ले जाने वाली वाहन भी मंगायी जा रही है जिसका कोई किराया नहीं लिया जायेगा। मेयर का चुनाव लड़ चुकी कुशल महिला नेत्री और समाजसेवी सीमा चमड़िया ने बताया कि सासाराम नगर निगम के लोगों के लिए जनहित में कई सुविधाएं प्रदान करने के लिए हमलोग लगे हुए हैं। सासाराम को विकसित बनाने में बस सभी जाति-समुदाय के लोगों का साथ चाहिए।



# कड़ी मशक्कत के बाद चाचा-भतीजे के शव बरामद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नौहट्टा (रोहतास)।** आठ घंटे तक सोन नदी में कड़ मशक्कत कर घटनास्थल से आठ किलोमीटर की दूरी पर सोन नदी में बहते चाचा-भतीजा के शवों को खोज निकाला गया। शनिवार को नागेश्वर शर्मा अपने चाची सनकलिया देवी के अंतिम संस्कार परिवार व गांव के लोगो के साथ करने गये थे। घाट पर स्नान करने के दौरान नागेश्वर शर्मा (65), पुत्र रंजन शर्मा (20), भतीजा रितेश शर्मा गहरे पानी में डूब गये थे। घटना की सूचना पर सीओ हिंदुजा भारती, एसआइ विनोद सिंह, अनामिका कुमारी, प्रवीण कुमार के साथ सैकड़ों लोग सोन घाट पहुंच गये। स्थानीय गोताखोरों की मदद से रंजन शर्मा को मृत अवस्था में खोजा गया। उसका शव पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शनिवार को भेज दिया था। चाचा-भतीजे के शव काफी प्रयास के बाद भी नहीं मिले। सीओ ने एसडीआरएफ की टीम को सूचना दी। 10 लोगों की टीम सत्येन्द्र यादव के नेतृत्व में शनिवार की देर शाम दो बोट के साथ पहुंची, लेकिन अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू नही चलाया गया। रविवार की सुबह एसडीआरएफ की टीम के साथ समाजसेवी सनोज राय, नवारा के विनय पासवान, राजू चौधरी व उल्ली के धनंजय चौधरी सोन में उतरे। पहले तीन किलोमीटर की घेराबंदी की गयी, लेकिन लाश नहीं मिली। पुनः तीन किलोमीटर आगे घेराबंदी की गयी। तीसरा चक्र जब एसडीआरएफ ने शुरू किया, तब झारखंड के देवरी बुधुआ के बीच भतीजा रितेश शर्मा और देवरी घाट से ऊपर पूर्णाडीह के आसपास नागेश्वर शर्मा की लाश करीब दो बजे मिली। दोनों शवों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद जुगाड़ गाड़ी के माध्यम से देवीपुर लाये गये। देवीपुर में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया। सीओ ने बताया कि मुआवजा की प्रक्रिया की जायेगी। एसडीआरएफ की टीम में रामकृष्ण द्विवेदी, मनोज कुमार, प्रेम कुमार, राजीव कुमार, रितेश कुमार, उमेश कुमार आदि थे। शव को खोजने में अंगद शर्मा, संतोष राय, विनय पासवान, धर्मेंद्र शर्मा, बहादुर शर्मा, अशोक शर्मा, सुनील शर्मा, राकेश शर्मा ने काफी सहयोग किया।

# मौका मिला तो डिहरी विधानसभा क्षेत्र को चमन बना दूंगा : सर्वेश पासवान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** आगामी विधानसभा चुनाव में डिहरी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की योजना बना रहे रोहतास ऑटो ई रिक्शा चालक सेवा यूनियन के जिला महासचिव सर्वेश पासवान ने कहा कि डिहरी विधानसभा क्षेत्र के वासियों को सभी पार्टी के नेताओं ने अपने भ्रम जाल में फंसा कर लूटा है। अब यहां की जनता नेताओं के भ्रम जाल को समझ चुकी है। उन्होंने डिहरी विधानसभा क्षेत्र के विकास का घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा यदि जनता मुझे मौका देती है तो क्षेत्र के बेघर व झुग्गी झोपड़ी वालों को जमीन बंदोबस्त कर पक्का मकान, विधवा वृद्धा पेंशन 1500 सहित 28 विकास योजनाओं का घोषणा पत्र जारी किया है। उन्होंने कहा कि नेताओं ने डिहरी की जनता को लूटा है। गरीबों के विकास के लिए कोई कार्य नहीं किए गए। इलाज के बिना गरीब असमय ही मर जाता है। वह इस दिशा में कार्य करेंगे और बेरोजगारी दूर करने की ओर भी काम किया जाएगा। उन्हें जनता का आशीर्वाद मिलना चाहिए।



# भारत माला परियोजना : आर्बिट्रेटर ने दिया समाधान का भरोसा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले में भारतमाला परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण से संबंधित किसानों की समस्याओं की सुनवाई आज समाहरणालय परिसर स्थित समाहर्ता न्यायालय कक्ष में पटना प्रमंडल के आयुक्त सह आर्बिट्रेटर के द्वारा की गई। यह सुनवाई विशेष रूप से कैमूर जिले के 48 मौजों से जुड़े किसानों के लिए आयोजित की गई थी, जिससे वे बिना पटना गए अपनी बात सीधे रख सकें। आर्बिट्रेटर के आगमन पर जिला पदाधिकारी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया तथा परेड की सलामी दी गई। इसके पश्चात न्यायालय की कार्यवाही औपचारिक रूप से आरंभ हुई। आर्बिट्रेटर ने कहा कि भारतमाला परियोजना केंद्र सरकार की एक अति महत्वपूर्ण योजना है, जिसकी निगरानी सीधे भारत सरकार के उच्चतम स्तर से की जा रही है। उन्होंने बताया कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ही यह निर्णय लिया गया है कि सभी मामलों की सुनवाई कैमूर में ही की जाएगी, ताकि उन्हें पटना आकर अनावश्यक परेशानी न झेलनी पड़े।सुनवाई के दौरान कई किसानों ने क्रमवार अपने वादों में अपनी समस्याएं और मांगें प्रस्तुत कीं। प्रमुख किसान नेताओं में अनिल सिंह और पशुपति सिंह ने गंभीर मुद्दों को उठाया।अनिल सिंह ने कंपाउंड इंटरेस्ट के आधार पर मुआवजा भुगतान, भूमि विवाद की स्थिति में भभुआ स्थित स्थानीय न्यायालय में ही अपील की सुविधा, तथा किसानों को लंबित मुआवजा राशि के शीघ्र भुगतान की मांग रखी। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि भूमि की माप मूल नक्शे के आधार पर की जाए, न कि फोटोकॉपी से, जिससे भौगोलिक असमानता उत्पन्न हो रही है। पशुपति सिंह ने भी इस बात पर ज़ोर दिया कि नक्शे की फोटोकॉपी से भूमि की नापी करने में गड़बड़ी हो रही है और इससे किसानों की जमीन के वास्तविक क्षेत्रफल में अंतर उत्पन्न हो रहा है। आर्बिट्रेटर ने इन बातों को गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिया कि भूमि की माप सिर्फ और सिर्फ मूल नक्शे से ही की जाए, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और किसी भी किसान को नुकसान न हो।सुनवाई के दौरान किसानों द्वारा यह शिकायत भी की गई कि एलपीसी (भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र), वंशावली प्रमाण पत्र एवं अन्य राजस्व अभिलेख समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं और कर्मचारियों का रवैया भी सहयोगात्मक नहीं है।इस पर जिला पदाधिकारी ने तुरंत संज्ञान लेते हुए यह निर्देश दिया कि समाहरणालय परिसर में प्रतिदिन दोपहर 1:30 से 2:00 बजे तक भारतमाला परियोजना से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायतों की सुनवाई की जाएगी।उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने पहले से ही सभी अंचलाधिकारी एवं भूमि सुधार उपसमाहर्ता को आवश्यक निर्देश दे दिए हैं, फिर भी किसी किसान को कोई परेशानी हो तो वह सीधे डीएम कार्यालय आकर अपनी बात रख सकता है।

# रेलयात्रियों का मोबाइल चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**डिहरी ऑन-सोन(नबिटा ब्यूरो)।** ट्रेनों में यात्रियों से मोबाइल चोरी करने के आरोपित को आरपीएफ ने शनिवार को अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन पर ट्रेन नंबर 12875 अप से गिरफ्तार किया है। आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी राम विलास राम ने बताया कि शनिवार को अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन पर ट्रेन नंबर 12875 अप में गया जी जिले के अलीपुर थाने के उर विशुनपुर निवासी राजीव लाल श्रीवास्तव को चोरी के चार एंड्रॉयड मोबाइल के साथ पकड़ा गया। इसमें दो ओपो, एक रेडमी व एक वीवो कंपनी का मोबाइल फोन है। पूछने पर उसने स्वीकार किया कि इन सभी मोबाइलों को उसने ट्रेनों में यात्रियों से चुराया है। इस कार्रवाई में आरपीएफ डेहरी के उप निरीक्षक मनोज कुमार, प्रधान आरक्षी बीबी मिश्रा, प्रधान आरक्षी ब्रजभूषण मिश्रा, आरक्षी उमेश कुमार सिंह, आरक्षी पवन कुमार सिंह, अपराध आसूचना शाखा गया जी के निरीक्षक चंदन कुमार, आरक्षी दीपक कुमार ओझा, नवीन कुमार पांडेय, अपराध नियंत्रण व खोजी दल गया-दो के आरक्षी ईश्वर कुमार सिंह, आरक्षी अमित कुमार शामिल थे।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स में योगा खिलाड़ियों का अद्वितीय प्रदर्शन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू(रोहतास)।** बिहार के गौरवपूर्ण इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में योगासना स्पर्धा के तहत तिलौथू की टीम ने कोच सावली सिन्हा के कुशल नेतृत्व में अद्भुत प्रदर्शन किया। भले ही टीम को पदक न मिला हो, लेकिन उनके योग कौशल, अनुशासन और समर्पण ने पूरे प्रदेश का मान गर्व से ऊंचा कर दिया। विशेष गौरव की बात यह रही कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वयं अमलतास निकेतन, तिलौथू की छात्रा-कक्षा 5 में अध्ययनरत सावली कुमारी, पिता सत्येंद्र कुमार से भेंट कर उसे आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री की यह आत्मीय पहल न केवल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने वाली रही, बल्कि यह भी दर्शाता है कि बिहार सरकार योग और पारंपरिक खेलों को कितनी गंभीरता से प्रोत्साहित कर रही है। इस प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया है कि तिलौथू जैसे ग्रामीण क्षेत्र से भी प्रतिभाएं राष्ट्रीय मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकती हैं, बशर्ते उन्हें सही दिशा और प्रशिक्षण मिले। यह सफलता उन सभी युवाओं के लिए एक प्रेरणा है जो योग, खेल और आत्मविकास की राह पर अग्रसर हैं। प्रदेश की इस उपलब्धि पर कोच सावली सिन्हा समेत समस्त टीम और उनके परिवारों को हार्दिक बधाई। राज्य में योग और खेलों के उज्ज्वल भविष्य के लिए यह क्षण मील का पत्थर साबित होगा।


बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2025/06 दिनांक- 18.05.2025

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2025**
**Industrial Training Institute Competitive Admission Test (I.T.I.C.A.T.)-2025**

**Online आवेदन-पत्र भरने से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा-2025 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)- 2025/05 दिनांक- 25.04.2025 के अनुसार ITICAT-2025 की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये Online आवेदन प्राप्त करने हेतु Registration/ Payment करने की अंतिम तिथि 18.05.2025 निर्धारित है। **छात्रहित में ITICAT-2025 से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् विस्तारित किया जाता है;**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Online Registration Closing Date | : **24.05.2025** |
| (ii) | Last date of payment through Net Banking/ Debit Card/ Credit Card/ UPI after submission of the Online Application Form of Registered Candidate | : **25.05.2025** |
| (iii) | Online Editing of Application Form | : **26.05.2025 to 27.05.2025** |
| (iv) | Uploading of Online Admit Card | : **07.06.2025** |
| (v) | Proposed Date of Examination | : **15.06.2025** |

(2) दिनांक 26.05.2025 तक पूर्णरूपेण भरे गये आवेदन में यदि किसी अभ्यर्थी के आवेदन के डाटा में कोई त्रुटि रह जाती है तो वे अपने भरे हुए Data को दिये गये उपरोक्त कार्यक्रम अनुसार Edit कर त्रुटि सुधार कर सकते हैं। इसके बाद त्रुटि सुधार का मौका नहीं दिया जायेगा।

(3) उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व प्रकाशित विज्ञापनों की अन्य सभी सूचनाएँ / शर्तें यथावत रहेंगी।

(4) सभी सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि परीक्षा से सम्बन्धित अद्यतन जानकारी हेतु पर्षद के website **bceceboard.bihar.gov.in** के सम्पर्क में रहें।

परीक्षा नियंत्रक

# विकास के पथ पर अग्रसर है बिहार : श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** राज्य सरकार के खजाने पर पहला हक आपदा पीड़ित परिवारों का है। यह बात बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्रवण कुमार ने रविवार को बिहारशरीफ प्रखंड के ग्राम पंचायत मेघी स्थित दीपनगर और जमालीचक में कही। वे यहां आपदा पीड़ित परिवारों को राज्य सरकार की ओर से प्रदत्त सहायता राशि का चेक सौंपने पहुंचे थे। मृतक अखिल कुमार के आश्रित पिता यतन महतो और मृतक सुधीर मिस्त्री की पत्नी गायत्री देवी को उन्होंने चेक प्रदान किया। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार गरीबों की खिदमत में यकीन रखती है। हर आपदा पीड़ित परिवार को सरकार की ओर से न केवल आर्थिक सहायता दी जा रही है, बल्कि हरसंभव मदद का



भरोसा भी दिया जा रहा है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार उनके साथ है। परिजनों को धैर्य और हिम्मत से काम लेने की सलाह देते हुए उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, हमारी सरकार सेवा के लिए सत्ता में है, मेवा के लिए नहीं। विपक्षी दल जनता को दिग्भ्रमित कर अफवाह फैलाने में लगे हैं, जबकि बिहार की जनता सब समझ रही है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में आज बिहार विकास के पथ पर अग्रसर है। बोलने में कम, काम करने में ज्यादा विश्वास रखने वाली सरकार न्याय के साथ विकास कर रही है। आज 'बिहारी' कहलाना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सुशासन का ब्रांड बन चुका है। जब उन्होंने राज्य की बागडोर संभाली थी, तब खजाना खाली था, लेकिन उनके विजन और जनहितकारी नीतियों ने बिहार को अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर किया। भ्रष्टाचार और अपराध के प्रति नीतीश जी की ज़ीरो टॉलरेंस नीति आज उदाहरण बन चुकी है। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार, जदयू जिला प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, प्रखंड अध्यक्ष संजय कुशवाहा, रविंद्र कुशवाहा, इंदू चौहान, विश्वास सिंह, जयंत शर्मा, दिनेश साव, सुरेश कुशवाहा, शिवचरण प्रसाद कुशवाहा, मुन्ना महतो, मुन्ना पासवान, संजय प्रसाद कुशवाहा, धर्मेंद्र महतो, धनपत पासवान, कमलनयन पासवान सहित बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# होमगार्ड बहाली स्थल का डीएम ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नवादा जिला अंतर्गत गृह रक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु 17 मई 2025 को शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा का आयोजन आईटीआई, नवादा परिसर में किया गया। इस परीक्षा के लिए कुल 1400 उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र जारी किए गए, जिनमें से 943 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए।

प्रथम चरण में आयोजित 1600 मीटर की दौड़ में कुल 437 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए। तत्पश्चात इन सभी 437 अभ्यर्थियों की ऊंचाई एवं सीना की माप की गई, जिसमें निर्धारित मानकों को पूर्ण नहीं करने के कारण 47 अभ्यर्थी असफल हुए। इसके उपरांत कुल 343 अभ्यर्थियों ने ऊंची कूद, लंबी कूद एवं गोला फेंक जैसी अन्य शारीरिक दक्षता परीक्षाओं में भाग लिया। इनमें से 72 अभ्यर्थी चिकित्सकीय परीक्षण में अनफिट/ असफल पाए गए, जबकि 302 अभ्यर्थी चिकित्सकीय रूप से फिट



घोषित किए गए। 16 अभ्यर्थियों द्वारा चिकित्सकीय परीक्षण में असफल होने के उपरांत पुनः परीक्षण हेतु अपील की गई है। 302 उम्मीदवार दैनिक रूप से सफल घोषित किये गए। उक्त परीक्षा का निरीक्षण जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा संचालन में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने हेतु प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि चयन प्रक्रिया की शुचिता बनाए रखना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, एवं इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही कदापि स्वीकार्य नहीं होगी। परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होकर उन्होंने अभ्यर्थियों की सुविधा एवं सुरक्षा हेतु उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं–जैसे पेयजल, स्वच्छता, प्राथमिक उपचार, शौचालय आदि की समीक्षा की एवं संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

# जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने अपर मुख्य सचिव से की मुलाकात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिले के शिक्षकों से संबंधित विभिन्न ज्वलंत समस्याओं जैसे वेतन विसंगति, हाउस रेंट, नियोजित शिक्षकों की प्रोन्नति, विशिष्ट शिक्षकों का वेतन निर्धारण एवं सेवा निरंतरता, प्रधान शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक की पोस्टिंग, शिक्षकों का ट्रांसफर सहित कई लंबित मामलों को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ नवादा का एक प्रतिनिधिमंडल अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग डॉ एस. सिद्धार्थ से मिला। इस प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, राज्यकोषाध्यक्ष अयोध्या पासवान, राज्य कार्यकारिणी सदस्य एवं वारसलीगंज प्रखंड अध्यक्ष शंभु सिंह, जिला कार्य समिति सदस्य गणेश कुमार सिंह, जिला कोषाध्यक्ष छोटेनारायण सिंह, अरविंद कुमार



तिवारी, जयंत कुमार, अविनाश कुमार, राजीव रंजन मिश्रा, राजेश कुमार, रजनीश कुमार अकबरपुर प्रखंड अध्यक्ष नरेंद्र कुमार तथा अन्य पदाधिकारीगण एवं शिक्षक शामिल थे। यह मुलाकात नवादा अतिथि गृह में हुई। जहां प्रतिनिधिमंडल ने जिले के शिक्षकों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा और हर बिंदु पर विस्तृत चर्चा की। अपर मुख्य सचिव डॉ एस. सिद्धार्थ ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। शिक्षकों के साथ अपर मुख्य सचिव के संवाद के दौरान कई शिक्षकों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना की जमकर खिंचाई की। कई शिक्षकों ने आरोप लगाया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में बिना चढ़ावा शिक्षकों का काम नहीं हो पाता है। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग बिहार सरकार डॉ एन विजयलक्ष्मी भी मौजूद थी।

# सार्थक जीवन के लिए जोंक नहीं, हंस बनो : विशल्य सागर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** गाय के स्तन में चिपकने वाला जोंक गाय का दूध नहीं, बल्कि खून पीता है जबकि हंस मोती चुगता है एवं मिलावटी दूध से सिर्फ दूध को पीकर शेष पानी को छोड़ देता है। अगर जीवन को सार्थक बनाना है, तो हंस बनो, जोंक नहीं। ये बातें प्रख्यात दिगम्बर जैन संत श्रमण श्री विशल्य सागर जी महाराज ने जैन धर्मावलंबियों द्वारा स्थानीय दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही।

अनुष्ठान के आठवें दिन रविवार को श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुनिश्री ने कहा कि अगर आपको हरा, काला, पीला दिखाई देता है, तो यह दृष्टि का दोष नहीं, बल्कि चश्मे के शीशे के रंग का दोष है। उन्होंने कहा कि चश्मे को बदलो, नेत्र को नहीं। उन्होंने कहा कि अच्छाई देखोगे, तो अच्छाई एवं बुराई देखने पर सिर्फ बुराई ही दिखेगी। मन में अच्छा विचारने से ही अच्छा होता है। अगर बुराई को विचारोगे, तो हमेशा बुराई ही दिखेगी। मुनिश्री ने कहा कि यदि इस अनुष्ठान के बाद भी आपके जीवन में शुभ विचार का उदय नहीं हुआ एवं मन निर्मल नहीं हुआ, तो इस अनुष्ठान का आपके जीवन में कोई महत्व नहीं रह जाता है। उन्होंने जीवन को सार्थक बनाने के लिए जोंक एवं कंस नहीं, बल्कि हंस बनने का उपस्थित श्रद्धालुओं का आह्वान किया। इस दौरान क्षुल्लक श्री विश्व मर्यादा सागर जी महाराज ने सस्वर गुरू महिमा का बखान करते हुए अपने जीवन में गुरू के अमृत वचनों को अपने व्यवहारिक जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। इस अवसर पर साध्वी विशाम्यश्री माता जी एवं धवलश्री माता जी के साथ ही सभी श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# शहीद मनीष कुमार को सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** सरकार के सहकारिता मंत्री एवं भाजपा के वरीय नेता डॉ. प्रेम कुमार ने रविवार को नवादा जिला अंतर्गत कौआपुर प्रखंड के पांडेयगंगोट गांव पहुंचकर लद्दाख में शहीद हुए वीर सपूत मनीष कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शहीद के घर जाकर तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। मंत्री ने कहा कि शहीद मनीष कुमार चंद्रवंशी ने जम्मू-कश्मीर में मां भारती की रक्षा करते हुए वीरगति पाई। उनका साहस, पराक्रम और समर्पण न केवल बिहार बल्कि पूरे देश के लिए गर्व



का विषय है। देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर जवानों पर हमें गर्व है। हम उनके चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं, मंत्री ने कहा। उन्होंने यह भी कहा कि सेना के शौर्य और वीरता की वजह से ही आज देश सुरक्षित है। सैनिक मनीष कुमार का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर नवादा के जिलाधिकारी से फोन पर बात कर शहीद मनीष कुमार के नाम पर एक स्वास्थ्य केंद्र का नामकरण कराने की पहल की है। इसके लिए संबंधित विभाग को पत्र भेजने के निर्देश भी दिए गए हैं।

इस अवसर पर लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक प्रेम सागर, मगध प्रमंडल विपणन सहकारी संघ के अध्यक्ष वसंत परमार, मगध सब्जी उत्पादक समिति के अध्यक्ष पप्पू चंद्रवंशी, मनोज चंद्रवंशी, जिला पार्षद विनीता मेहता, मोहन सिंह, पैक्स अध्यक्ष राहुल कुमार, पंकज मुखिया, भूषण सिंह सहित कई गणमान्य लोग एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# नारी शक्ति सम्मेलन सह महिला संपर्क यात्रा का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सरमेरा (नालंदा)।** रविवार को नालंदा जिला जदयू महिला प्रकोष्ठ के सौजन्य से नगर पंचायत सरमेरा सह प्रखंड मुख्यालय स्थित डाक बंगला भवन में नारी शक्ति सम्मेलन सह महिला संपर्क यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद कौशलेंद्र कुमार सत्तारूढ़ दल के सचेतक एमएलसी रीना यादव, महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ भारती मेहता, प्रदेश उपाध्यक्ष उषा सिन्हा, प्रखंड अध्यक्ष विभा कुमारी आदि लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि नारी शक्ति से बड़ी कोई शक्ति नहीं इस बात को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने धरातल पर सच कर दिखाया है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाई है। शिक्षा के क्षेत्र में बालिका पोशाक योजना, बालिका साइकिल योजना, छात्रवृत्ति, मैट्रिक, इंटर तथा बीए उतीर्ण छात्राओं के लिए प्रोत्साहन राशि के साथ-साथ महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण लागू किया है। महिलाएं आरक्षण के बल पर विभिन्न विभागों के सरकारी सेवा के अलावा पंचायत स्तर से लेकर संसद तक अपना परचम लहराने में पुरुष वर्ग से पीछे नहीं है।

# शहीद के पार्थिव शरीर के साथ गांव पहुचे डॉ भीम सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** भारत की बहादुर सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिन्दूर से बौखलायी पाक सेना द्वारा की गई गोलाबारी में भारत माता की रक्षा में तैनात सैनिक मनीष कुमार 14 मई को शहीद हो गए। उनका पार्थिव शरीर पूरे सैनिक सम्मान के साथ कल पटना एयरपोर्ट पर लाया गया था। आज पूरे सैनिक सम्मान और भारी भीड़ के बीच उनके पैतृक गांव नवादा जिले के कौआकोल प्रखंड अंतर्गत पांडे गंगोट ग्राम में उनका दाह संस्कार किया गया। जुलूस में शामिल होकर बिहार भाजपा उपाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद डॉ



भीम सिंह अपनी टीम के साथ दाह संस्कार में शामिल होने के लिए उनके गांव पहुंचे और पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण किया तथा परिजनों को सांत्वना दी। डॉ सिंह ने कहा कि यह अवसर अवश्य ही 'गम' का है पर साथ ही 'गर्व' का भी है क्योंकि भारत माता की रक्षा में तैनात रहते अपनी जान न्यौछावर कर देने का सौभाग्य सबों को नहीं मिलता। यह गौरव शहीद मनीष कुमार को मिला। वे पूरे भारत के प्यारे हो गए। जनता की निगाहों में उन्होंने कितना उच्च स्थान बना बना लिया है, उनकी शव यात्रा में उमड़े जन समुदाय से साबित हो जाता है. उनकी शहादत से बिहार का भी गौरव बढ़ा है। डॉ सिंह ने घोषणा की कि उनके सम्मान में अपने सांसद कोष से 'शहीद मनीष कुमार स्मारक चौपाल' का निर्माण कराएंगे। डॉ भीम सिंह ने राज्य सरकार तथा नवादा जिला प्रशासन से भी मांग की कि नवादा शहर में निर्माणाधीन नगर भवन का नाम शहीद मनीष कुमार के नाम पर रखा जाए।

# सफल होगा मेरा बूथ-सबसे मजबूत कार्यक्रम : अनिल मेहता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** अतौआ रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय में जिला कार्यसमिति की बैठक समपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने किया। मंच संचालन जिला महामंत्री अरविंद गुप्ता ने किया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार भाजपा प्रदेश मंत्री सह क्षेत्रीय प्रभारी रत्नेश कुशवाहा सह जिला प्रभारी राजेश चंद्रवंशी उपस्थित रहे। बैठक शुरू होने के उपरांत डाँ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। दीप प्रज्वलन, वंदेमातरम के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुरुआत हुआ। मंचासीन मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ नेताओं का अंगवस्त्र एवं बुके से स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने अपनी पार्टी का प्रस्तावना, मुख्य विचारधारा हिंदू राष्ट्रवाद, राष्ट्रवाद, आर्थिक उदारीकरण, सांस्कृतिक



राष्ट्रवाद, पार्टी के प्रमुख सिद्धांत अखंड भारत, हिंदू-मुस्लिम एकता,राष्ट्र हित एवं पार्टी के प्रमुख योजनाएं, कार्यक्रम नमो भारत, स्वच्छ भारत अभियान ऐसे विभिन्न अपनी पार्टी के देशहित में सर्व समाज के हित में किये गये कार्यों के विषय में विस्तृत रूप से बैठक में कार्यकर्ताओं को बताया।

बिहार भाजपा प्रदेश मंत्री सह क्षेत्रीय प्रभारी रत्नेश कुशवाहा, जिला प्रभारी राजेश चंद्रवंशी पार्टी के हर कार्यक्रम को बिहार एवं केन्द्र सरकार द्वारा देशवासियों, बिहार वासियों के हित में जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में पार्टी के कार्यकर्ताओं को बताया। कार्यकर्ताओं से ये निवेदन भी किया कि हम सभी कार्यकर्ता मिलकर बूथ लेवल पर जाकर स्थानीय कार्यकर्ताओं,पार्टी समर्थकों के बीच जाकर हर बूथ को सशक्त,मजबूत बनाये। केन्द्र के मोदी सरकार की उपलब्धियों एवं बिहार के एनडीए सरकार की जनहित में किये गये कार्यों को अवगत कराये। आगामी बिहार के विधानसभा चुनाव में हम सबों का वोट प्रतिशत एवं नये मतदाता को वोटर लिस्ट में कैसै नाम जोड़े इस संबंध में भी अपनी बात रखी। जिला उपाध्यक्ष पुनीता वर्णवाल ने पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रधानमंत्री के दृढ़ इच्छाशक्ति, नेतृत्व, भारतीय सेना पराक्रम की शौर्यता पर प्रधानमंत्री एवं देश के जांबाज सैनिकों के प्रति सम्मान के साथ सैल्यूट करते हुये धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। पार्टी के जिला के महामंत्री, बूथ सशक्तीकरण कार्य योजना के संयोजक गौरव शांडिल्य गगन ने अपने संबोधन में बताया कि हमारी पार्टी का बूथ सशक्तीकरण का उद्देश्य-पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाना, ताकि हम सभी जनता के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज करा सके। बैठक में प्रदेश सोशल मीडिया सह संयोजक शिवनारायण कुमार, रोहित उपाध्याय दोनो ने अपने संबोधन में बूथ लेवल पर सोशल मीडिया कैसे प्रभावी, सशक्त बने इस दिशा में विस्तार से बात रखा गया। जातीय जनगणना एवं केन्द्रीय बजट में मोदी सरकार ने हर क्षेत्र में एक से बड़ा सौगात पटना आई.आई.टी का विस्तार, मखाना बोर्ड का उपहार, किसानों की समृद्धि के लिये राष्ट्रीय खाध प्रधौगिकी संस्थान, किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर दिया गया ऐसे विभिन्न बिहार के विकास संबंधित हर क्षेत्र में जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विशेष पैकेज का सौगात देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिया। जिससे बिहार आत्मसंबल, आत्मनिर्भर बन सके। बिहार के विशेष पैकेज देने हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अभिनंदन करते हुए आभार प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यक्रम के अंत में ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए नवादा के लाल मनीष कुमार के प्रति दो मिनट का मौन रख कर संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर वारसलीगंज विधायक अरुणा देवी, पूर्व विधायक रजौली कन्हैया कुमार, पूर्व प्रदेश मंत्री पूनम शर्मा, निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजय कुमार मुन्ना, जिला महामंत्री नंदकिशोर चौरसिया, शैलेन्द्र शर्मा, गौरव शांडिल्य गगन, अरविंद गुप्ता, वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार चुन्नू, जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार भोली, प्रमोद चंद्रवंशी, तेजस सिन्हा, पुणीता वर्णवाल, नीतू गुप्ता, मुकेश कुमार, जिला मंत्री निशा राजवंशी, अन्नपूर्णा कपूर, विजय पांडेय, जिला परिषद सदस्य कौआकोल अजीत यादव, जिला परिषद सदस्य वसंती देवी, रवि गुप्ता, सोशल मीडिया संदीप कुमार, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभिजीत सिन्हा, युवा मोर्चा जिला महामंत्री गुलशन कुमार, सुधीर कुमार, प्रोफ़ेसर सुरेन्द्र चौधरी, विमल राजवंशी, चंद्रिका राम, सरोज राजवंशी, अनिता मेहता, रंजन कुमार बब्लू, सुनीता कुमारी, ज्योति कुमारी, एवं अन्य जिला कार्यसमिति सदस्य, जिला मोर्चा अध्यक्ष,मंडल अध्यक्ष, पार्टी के जिला के विभिन्न क्षेत्रों के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पंडित केशवराम भट्ट पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित हुए पत्रकार विशाल कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** विश्व संवाद केंद्र के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट रिपोर्टिंग के लिए दिया जाने वाला पंडित केशवराम भट्ट पत्रकारिता सम्मान 2025 से नवादा के पत्रकार विशाल कुमार को सम्मानित किया गया। रचनात्मक पत्रकारिता के लिए राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां तथा विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने सम्मानित किया। पटना के बीआईए हॉल में आयोजित किए गए कार्यक्रम विशाल कुमार के अलावे जीवन भर की पत्रकारीय उपलब्धि के लिए दिया जाने वाला 'डॉ. राजेंद्र प्रसाद पत्रकारिता शिखर सम्मान' इस वर्ष पटना व छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार अनिल विभाकर को प्रदान किया गया। फोटो पत्रकारिता के लिए दिया जाने वाला सम्मान 'बाबूराव पटेल रचनाधर्मिता सम्मान'पटना के प्रसिद्ध छाया-पत्रकार सचिन कुमार को प्रदान किया गया। सम्मान पाने के बाद




विशाल कुमार ने बताया कि पत्रकारिता जगत में इतनी बड़ी उपलब्धि प्राप्त करना गौरव की बात है। यह उपलब्धि अभिभावक व गुरुजनों के आशीर्वाद और अपनी टीम के सहयोग से प्राप्त हो सका है। सम्मान मिलने से काम को और बेहतर तरीके से करने का जज्बा बढ़ा है। सम्मानित किए जाने पर नवादा जिले के सैकड़ों बुद्धिजीवियों, समाजसेवी और पत्रकार बंधुओ ने बधाई दी है। वरीय पत्रकार डॉ पंकज कुमार सिन्हा ने पत्रकार विशाल को बधाई दी है।

# सर्पदंश से महिला घायल, रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के होरीला गांव में एक युवती सर्पदंश से गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों के सहयोग से पीड़ित युवती के इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। चिकित्सक डॉ. सतीश चंद्र सिन्हा ने बताया कि सर्पदंश से घायल युवती की पहचान शशांक प्रसाद की पुत्री श्वेता कुमारी के रूप में हुई है। युवती का प्रारंभिक इलाज कर उसे बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया गया। चिकित्सक ने बताया कि अभी भीषण गर्मी पड़ रही है, जिससे धरती बहुत ज्यादा गर्म हो रही है वहीं अंदर बिल बनाकर रहने वाले विषैले जीव ठंडक और पानी की तलाश में इधर उधर भटकते नजर आते हैं वहीं दूसरी शिकार की तलाश में निकलते हैं और प्रजनन भी करते हैं। इसलिए लोगों को थोड़ी सावधानियां भी बरतनी चाहिए। सर्पदंश के बाद लोगों को घबराना नहीं चाहिए, बल्कि घाव को साफ पानी और साबुन से साफ करें। सबसे पहले सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति को किसी प्रकार की शारीरिक क्रिया न करने दें और जिस व्यक्ति को सांप ने काटा है,उसकी घबराहट दूर करें, क्योंकि जितनी घबराहट होंगी, उतनी तेजी से जहर फैलता जायेगा।

# नवादा के बुद्धिजीवियों से मिलकर डॉ एस सिद्धार्थ और डॉ एन विजय लक्ष्मी ने जाना जिले का हाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ और पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ एन विजयलक्ष्मी शनिवार की देर शाम नवादा पहुंची। नवादा में शिक्षकों से मुलाकात करने के उपरांत रविवार को डॉ एस सिद्धार्थ और डॉ एन विजयलक्ष्मी ने बुद्धिजीवी लोगों से मुलाकात की । पिछले 24 साल पूर्व नवादा की डीएम रही डॉ एन विजयलक्ष्मी ने नवादा में हो रहे विकास कार्य और अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की। बुद्धिजीवियों से मिलकर डॉ एन विजय लक्ष्मी ने जाना कि नवादा के रोटरी क्लब के साथ-साथ महिला कोषांग और अन्य कई संगठन कैसे चल रहे हैं। क्या विकास हुआ, क्या उत्तरोत्तर प्रगति



हो रही है। सभी का हाल जाना। शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए कार्य को लोग आज भी याद रखते हैं। डॉ एस सिद्धार्थ ने बुद्धिजीवियों से बात करते हुए कहा कि 24 साल पहले जब नवादा आया करता था तो यहां की स्थिति अब कुछ अलग थी, अब अलग हो गई है। उन्होंने सारे बुद्धिजीवियों से जिले के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की बात कही है। वे एक निजी शिक्षण संस्थान के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। कार्यक्रम में भी उन्होंने प्रमाण पत्र वितरण के दौरान कहा कि बिहार के विकास के लिए आने वाले पीढ़ी ही कुछ कर सकते हैं। बिहार के विकास में सभी लोगों का योगदान होना जरूरी है। मुलाकात के दौरान मॉडर्न शैक्षिक समूह के अध्यक्ष डॉ अनुज सिंह, डॉ मुख्तार उल हक, हिसुआ के संजय सिन्हा, जदयू के जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, बेडमिंटन खिलाड़ी गुलशन कुमार और पत्रकार डॉ पंकज कुमार सिन्हा उपस्थित थे। इसके उपरांत डॉ एस सिद्धार्थ और डॉ एन विजयलक्ष्मी हिसुआ स्थित नगर परिषद कार्यालय भी पहुंचकर वहां के लोगों से मुलाकात की और विकास से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की।

# विश्व मगही सम्मेलन 20 मई को दाउदनगर में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**राजगीर।** विश्व मगही सम्मेलन का आयोजन 20 मई को औरंगाबाद के दाउदनगर के बुद्धन विगहा स्थित डॉ. भरत सिंह सभागार में आयोजित होगा। सम्मेलन में मगही भाषा, साहित्य, संस्कृति, लोककला, लोकगाथाओं और जनमानस की चेतना को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित और संरक्षित करने के लिए गहन चिंतन मंथन किया जायेगा। तीन सत्रों में आयोजित सम्मेलन का उद्घाटन सत्र मगही भाषा के इतिहास, उसकी वर्तमान स्थिति और संरक्षण के प्रयासों पर केन्द्रित होगा। इस सत्र में देश-विदेश के विद्वानों, शोधकर्ताओं, कवियों और साहित्यकारों द्वारा मगही भाषा की विविध समस्याओं, विकास की संभावनाओं, तकनीकी और शैक्षणिक समर्थन पर विमर्श किया जाएगा।

# शहीद मनीष के घर पहुंच पूर्व सांसद ने जताई संवदेना



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कौआकोल। नवादा के पूर्व सांसद रहे रालोजपा नेता चंदन सिंह ने रविवार को नवादा जिले के कौआकोल प्रखंड के पांडेयगंगौट गांव पहुंच शहीद मनीष कुमार के परिजनों से मुलाकात कर संवेदनाएं जताया तथा हर संभव मदद करने की बात कही। पूर्व सांसद ने कहा कि उन्होंने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। जिसे देशवासी कभी भूल नहीं पाएंगे। पूर्व सांसद ने कहा कि एक घर परिवार के लिए शहादत काफी दुखद है लेकिन साथ ही बहुत गर्व का भी विषय है कि नश्वर शरीर को एक दिन जाना ही है। गर्व का विषय है कि कोई सपूत अपने भारत मां की रक्षा करते शहीद हुआ। उन्होंने कहा कि शहीद मनीष कुमार के परिजनों के साथ देश के लोग दुख की घड़ी में साथ खड़े हैं।

# की जा रही है विश्वविद्यालय के पुरातन गौरव की पुर्नस्थापना : एसपी शाही

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के शिक्षा विभाग स्थित राधाकृष्णन सभागार में रविवार को धर्म-संस्कृति संगम विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एसपी शाही ने की। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. इंद्रेश कुमार, केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे और बिहार सरकार के अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और कुलगीत के साथ हुई। इसके बाद कुलपति प्रो. एसपी शाही ने अपने अध्यक्षीय भाषण में मगध विश्वविद्यालय की भौगोलिक, ऐतिहासिक और शैक्षणिक पहचान को रेखांकित करते हुए विश्वविद्यालय के पुरातन गौरव की पुर्नस्थापना की दिशा में चल रहे प्रयासों की जानकारी दी। भंते शील रत्न ने अपने संबोधन में कहा कि संवाद से भेदभाव समाप्त होता है और मगध मोक्ष की धरती रही है। उन्होंने पाली भाषा को शास्त्रीय दर्ज़ा देने के प्रधानमंत्री के निर्णय को ऐतिहासिक बताया। स्वामी विवेकानंद गिरि ने भारतीय राष्ट्रवाद को वैश्विक राष्ट्रवाद से भिन्न बताया और कहा कि करुणा, प्रेम, दया और आत्मीय सहयोग से ही राष्ट्रवाद का सच्चा निर्माण संभव है। बिहार सरकार के मंत्री जनक राम ने अपने संबोधन में कहा कि जब राष्ट्र सशक्त होता है, तभी उसकी वैश्विक पहचान बनती है। निजी हितों से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि भारत को अखण्ड राज्य के रूप में स्थापित करने का प्रयास जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और विकसित भारत 2047 जैसे संकल्पों को साकार करने के लिए प्रत्येक नागरिक को आगे आना होगा। डॉ. इंद्रेश कुमार ने कहा कि मातृभाषा का जन्म माँ की गोद से होता है, यही संवाद की जड़ है। तर्क से विज्ञान और विश्वास से ईश्वर का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति विविधता में एकता का संदेश देती है और बहुभाषी भारत संवाद कर सकता है, जिससे दुनिया में फैली हिंसा और विभेद से मुक्ति संभव है। उन्होंने हिंदी और संस्कृत के प्रति उत्पन्न हीनता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी को हीनता और अंग्रेजी को विकास का प्रतीक बना दिया गया, जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जातीय जनगणना का उद्देश्य देश को जाति के नाम पर तोड़ना नहीं, बल्कि उसे जोड़ने का प्रयास है। 'अपने धर्म, जाति और भाषा से प्रेम करो, पर दूसरों से घृणा मत करो। यही राष्ट्र निर्माण का मूलमंत्र है,' उन्होंने कहा।

## बिना कार्य के निकासी पर डीएम सख्त, अस्पतालों में जांच के लिए त्रि-सदस्यीय समिति गठित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**गया।** राज्य स्वास्थ्य समिति गया के अधीन संचालित अस्पतालों में बिना कार्य के राशि निकासी का मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। जिला पदाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने इस प्रकरण का त्वरित संज्ञान लेते हुए जांच के लिए त्रि-सदस्यीय समिति का गठन किया है। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि समिति तीन दिनों के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट उपलब्ध कराए। गठित समिति में उप विकास आयुक्त गया, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) तथा अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक को नामित किया गया है। डीएम ने कहा कि यदि जांच में अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस तत्परता से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है।

## मध्याह्न भोजन योजना में कालाबाजारी का वीडियो वायरल, शिक्षक के खिलाफ प्राथमिकी और निलंबन का आदेश, डीएम ने मांगा स्पष्टीकरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**गया।** जिले के फतेहपुर प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय फतेहपुर में मध्याह्न भोजन योजना के चावल को बाजार में बेचने की कथित अनियमितता का वीडियो 16 मई 2025 को वायरल होने के बाद जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की है। विभिन्न समाचार पत्रों और सोशल मीडिया पर वीडियो के व्यापक प्रसार के बाद जिला पदाधिकारी (डीएम) डॉ. त्यागराजन एसएम ने कड़ा रुख अपनाते हुए मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

डीएम ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि वायरल वीडियो में कालाबाजारी में शामिल मध्य विद्यालय फतेहपुर में विशिष्ट शिक्षक के रूप में कार्यरत संजीत कुमार के खिलाफ 24 घंटे के भीतर प्राथमिकी दर्ज की जाए और उन्हें तत्काल निलंबित किया जाए। इसके साथ ही, डीएम ने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (पीएम पोषण योजना), प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (फतेहपुर), और प्रखंड साधन सेवी (पीएम पोषण योजना, फतेहपुर) से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगने का आदेश दिया है। जिला पदाधिकारी ने विद्यालय और प्रखंड स्तर के शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए सवाल उठाया कि इस गंभीर मामले की जानकारी जिला शिक्षा कार्यालय, गया को क्यों नहीं दी गई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू की जाएगी।

इसके अलावा, मध्य विद्यालय फतेहपुर के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार दास द्वारा भी इस मामले में जिला शिक्षा कार्यालय को कोई जानकारी न देने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की और उनसे भी स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया है।

## डॉ. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत 155 स्थानों पर विशेष विकास शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** डॉ. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत आज 155 स्थानों पर विशेष विकास शिविर का आयोजन जिले के सभी सुदूरवर्ती प्रखंडो के महादलित टोला में किया गया। ज़िला पदाधिकारी गया डॉ. त्यागराजन एसएम ने आज स्वंय डोभी के पचरतन महादलित टोला एवं बजाउरा के मनिपर टोला पहुचकर लोगो से किया संवाद किया है। अपने हाथों से अनेको लोगो को 22 प्रकार की सेवाएं संबंधित प्रमाणपत्र उनके हाथों में सौपने का कार्य किया है।

जिलाधिकारी द्वारा डोभी के पचरतन महादलित टोला एवं बजाउरा के मनिपर टोला में आयोजित अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत आयोजित विशेष विकास शिविर पहुंचे। औपचारिक उद्घाटन कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा इस कार्यक्रम का जिले में विधिवत शुरुआत अप्रैल से ही है, हर टोले के लिये रोस्टर तैयार किया गया है, और उसी अनुसार हर टोलो में कैम्प लगाकर आपके बीच लाभ पहुचाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सप्ताह बुधवार एवं शनिवारको को निर्धारित टोला में शिविर आयोजित कर सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत लाभुकों तक पहुंचाया जाएगा ताकि एक भी पात्र लाभुक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहे। जिला पदाधिकारी ने कहा कि आने वाले दो महीना में 4000 से ऊपर अनुसूचित जाति जनजाति के टोला में अभियान चलाकर राज्य सरकार की 22 प्रकार की विभिन्न योजनाओं को आप सभी के बीच लाभ पहुंचाया जाएगा।

ज़िला पदाधिकारी गया ने अनुमण्डल पदाधिकारी एवं एमओ को निर्देश दिया है कि पात्रता रखने वाले कोई भी व्यक्ति राशन कार्ड से वंचित नही रह पाए, इसे हर हाल में सुनिश्चित करवाये। साथ ही कहा कि आयुष्मान भारत के लाभार्थियों को आशा एवं विकास मित्र इलाज के दौरान की पूरी मदद करे। अस्पताओ तक उनको पहुचाये एवं उपचार करवाये। डोभी में मत्स्य पालन के लिये बोरींग से तालाब में पानी भरा जाता है जिसके कारण आस पास के चापाकल सुख जाने की मामला आने पर डीएम ने जिला मत्स्य पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि भीषण गर्मी को देखते हुए बोरींग से तालाब में पानी भरने पर रोक लगाए है ताकि स्थानीय चापाकलों में पानी आ सके। आज 155 शिविरो में कुल 13905 लोगो को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कराया गया है जिनमें मुख्य रूप से 822 लाभार्थियों के बीच राशन कार्ड का वितरण किया गया, 27 लाभुकों को उज्ज्वला योजना से अच्छादित करवाया गया, 1205 लाभार्थियों को औपचारिक शिक्षा हेतु विद्यालय में दाखिला करवाया गया, 790 छोटे बच्चो को आंगनवाड़ी केंद्र में नामांकन करवाया गया, 3982 लोगों को जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र से आच्छादित करवाया गया, 199 लोगों को आधार कार्ड बनवाया गया, 84 लोगों को कुशल युवा प्रोग्राम /कौशल विकास कार्यक्रम के तहत लाभ दिलाया गया , 24 लोगों को मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना का लाभ दिलाया गया, 2262 लोगो को ई0 श्रम कार्य बनवाया गया और उनको लाभान्वित करवाया गया, 1333 लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड/ स्वास्थ्य कार्ड /हेल्थ कार्ड बनवाया गया, 15 लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना से आच्छादित करवाया गया।

# मशरूम की खेती देखने पहुंचे मंत्री जीतन राम मांझी

### कहा- एक साल से विभाग का मंत्री हूं, आज तक किसी ने मिलने की जरूरत नहीं समझी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**कोंच (गया)।** राज्य के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी रविवार को गया जिले के कोंच प्रखंड अंतर्गत बड़गांव पहुंचे। वे यहां टिकारी एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा संचालित मशरूम उत्पादन इकाई का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उनके साथ पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक डॉ. अनिल कुमार भी मौजूद थे।

निरीक्षण के दौरान मंत्री मांझी ने मशरूम उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया का अवलोकन किया। कंपनी निदेशक डॉ. सुरभि कुमारी ने उन्हें बताया कि मशरूम के लिए भूंसा, मुर्गी की लाही और चोकर को मिलाकर कंपोस्ट तैयार किया जाता है, जिसे 35 दिनों तक नियंत्रित तापमान वाले कमरे में रखा जाता है। इसके बाद दो महीनों तक लगातार मशरूम की कटाई होती है।

उन्होंने कहा कि गर्मियों में तापमान अधिक होने के कारण मशरूम की खेती चुनौतीपूर्ण हो जाती है, क्योंकि इसे 18 डिग्री सेल्सियस से कम तापमान की आवश्यकता होती है। तैयार मशरूम की आपूर्ति गया, झारखंड और अन्य राज्यों में की जाती है। इस यूनिट से जुड़े करीब 700 किसान उत्पादन से लेकर विपणन तक की प्रक्रिया में शामिल हैं। कंपनी इन किसानों के उत्पादों का बाज़ार तक पहुंच सुनिश्चित करती है। निरीक्षण के दौरान मंत्री मांझी ने ग्रामीणों से भी बातचीत की और जानना चाहा कि क्या यहां से मशरूम की आपूर्ति बाहर की जाती है। इस पर ग्रामीणों ने बताया कि ट्रकों के माध्यम से यहां से विभिन्न स्थानों पर मशरूम भेजा जाता है। मंत्री ने इस बात पर नाराज़गी जताई कि हम पिछले एक वर्ष से इस विभाग के मंत्री हैं, लेकिन अब तक किसी ने हमें इस गतिविधि की जानकारी देना या मिलने की ज़रूरत नहीं समझी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। मंत्री ने कंपनी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए ऐसे प्रयास प्रेरणादायी हैं। उन्होंने किसानों को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। निरीक्षण के दौरान कंपनी प्रतिनिधियों, किसानों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

## मनरेगा योजना के तहत लूट जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू (गया)।** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी पंचायतों में मनरेगा योजना अंतर्गत कराये जा रहे कच्चा वर्क में पदाधिकारियों, पीआरएस, जेई, पीटीए, पंचायत प्रतिनिधियों, बिचौलियों, एवं लेबरों द्वारा संयुक्त रूप से पईन, पटवन के स्त्रोतों की मरम्मती, आदि के नाम पर चल रहे कच्चा वर्क की योजना में खुलेआम लुट चल रहा है। न कोई देखने वाला न कोई जांच पड़ताल करने वाला। पिछले साल मनरेगा से लगाये गये एवं घेरे गये पौधों का नहीं तो कहीं पौधे का नाम निशान बचा है और न घेरे गये बांस के फराठीयों का। इस संबंध में एक मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि हमलोग मनरेगा कार्यालय से परेशान हैं। सभी योजनाओं में तीस प्रतिशत ऑफिस खर्चा दे देना पड़ता है वहीं मनरेगा का पैसा लेबरों के खाते में आता है। उन्हें भी प्रति हज़ार दो सौ रुपए बीना काम किए दे देना पड़ता है। तब जाकर कुछ पैसा बचता है। ऐसी स्थिति में लिपापोती नहीं होगा तब क्या होगा। सौ पचास डेली मिट्टी का काम तो होता ही है। मनरेगा के तहत कच्चा वर्क योजना लुट योजना का सबसे अच्छा और सटीक तरीका है। मात्र एक वारिस के बाद ही इस योजना के तहत किये गये पाप धूल जाते हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रोग्राम पदाधिकारी मिथलेश कुमार ने अंभिज्ञता जाहिर करते हुए बताया कि मैं योजनाओं का जांच करूंगा। ज्ञात हो मनरेगा के तहत पदाधिकारियों से लेकर कर्मचारियों तक की सेवा संविदाधीन है।

## ट्रक से कुचलकर युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** कतरीसराय थाना अंतर्गत सैदी गांव के पास रविवार को ट्रक से कुचलकर युवक की मौत हो गई। मृतक नवादा जिला के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के भेड़िया गांव निवासी आनंदी चौधरी के 25 वर्षीय पुत्र विनोद कुमार थे। परिवार ने बताया कि युवक रिश्तेदार के घर जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने सैदी गांव आया था। जहां से लौटने के दौरान युवक सड़क किनारे खड़ा हो वाहन का इंतजार कर रहा था। उसी दौरान ट्रक ने उसे कुचल दिया। जिससे मौके पर मौत हो गई।

# कर्मचारियों ने ग्रामीण विकास मंत्री को सौंपा ज्ञापन

### सचिव पर लगाए वेतन नहीं देने और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** स्थानीय पहाड़पुरा स्थित पैरू महतो सोमरी महाविद्यालय के शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारियों ने रविवार को बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री एवं महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष श्रवण कुमार से मुलाकात कर कॉलेज के सचिव राजेंद्र प्रसाद सिंह को हटाने की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। कॉलेज कर्मचारियों ने कार्यपालक दंडाधिकारी, बिहारशरीफ के समक्ष भी अपनी मांगों को रखा। इस दौरान शिक्षकों और कर्मचारियों में सचिव के खिलाफ भारी रोष देखा गया। महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. बलिराम प्रसाद सिंह ने बताया कि राजेंद्र प्रसाद सिंह वर्तमान समय में पैरू महतो सोमरी कॉलेज एवं देवशरण वोमेन्स इवनिंग कॉलेज दोनों के सचिव हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बीते 38 वर्षों के लंबे कार्यकाल में सचिव ने न केवल कर्मचारियों का शोषण किया, बल्कि कॉलेज की संपत्ति का दुरुपयोग कर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई की है। डॉ. बलिराम ने यह भी कहा कि सचिव ने किसी भी कर्मचारी को नियमित वेतन नहीं दिया और लगातार नियुक्तियों के माध्यम से भ्रष्टाचार फैलाया। उनके कथित अत्याचार और दुर्व्यवहार से कॉलेज का शैक्षणिक माहौल बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इसके चलते शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी अब उन्हें पद से हटवाने के लिए कृतसंकल्पित हैं। इसके पहले, देवशरण महिला कॉलेज में शासी निकाय की बैठक में शामिल होने पहुंचे सचिव राजेंद्र प्रसाद सिंह का शिक्षकों और कर्मचारियों ने घेराव भी किया। प्रदर्शन के दौरान सचिव के खिलाफ नारेबाजी की गई और उन्हें तुरंत हटाने की मांग दोहराई गई। ज्ञापन सौंपने वालों में डॉ. मिथिलेश कुमार, गुलाम साबिर, नारायण प्रसाद, प्रेमनाथ, डॉ. संजय कुमार, शारजील अहमद, महेश कुमार, शिव बालक प्रसाद, संजय कुमार, प्रोव आशा किरण, प्रोव अलका सिन्हा सहित कई अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी शामिल थे।

## तेज आंधी से पेड़ और पोल गिरा, घंटों जाम में फंसे रहे लोग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोंच (गया)।** प्रखंड के अहियापुर-गुरारू मुख्य पथ पर रविवार दोपहर आई तेज आंधी ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। अमरा गांव के समीप आंधी के कारण एक विशाल पेड़ और विद्युत पोल सड़क पर गिर पड़ा, जिससे मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया।

अचानक गिरे पेड़ से राहगीर बाल-बाल बचे, लेकिन हादसे के बाद मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। कई घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा।

इसी मार्ग से गुजर रहे गुरारू के जिला पार्षद बालेश्वर प्रसाद यादव ने बताया कि आंधी के कारण कई स्थानों पर पेड़ और पोल गिरने से आवागमन बाधित हुआ है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीम से अविलंब सड़क से मलबा हटाने की मांग की है।

## राशन कार्ड से लेकर जमीन की रसीद कटाने तक रिश्वत ले रहे अधिकारी: प्रशांत किशोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर आज नीतीश कुमार की वादाखिलाफी और भ्रष्टाचार के खिलाफ बदलाव का हस्ताक्षर अभियान शुरू करने नालंदा पहुंचे। उन्होंने बिहारशरीफ में जनसभा को संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि नालंदा बिहार के लाड़ले मुख्यमंत्री का गृह जिला है। कहा जाता है कि नालंदा में बहुत विकास कार्य किए हैं। हम उन्हीं के विकास कार्य को देखने उनके गांव कल्याण बिगहा जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने हमें उनके गांव में घुसने नहीं दिया। ऐसा इसलिए क्योंकि जब हम उनके गांव जा रहे थे तो रास्ते में मिले लोगों ने बताया कि पूरे बिहार में बहुत भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि बिहार में अधिकारी और नेता राशन कार्ड बनाने से लेकर जमीन की रसीद कटाने तक के लिए रिश्वत ले रहे हैं, जिससे आमलोग परेशान हैं। इसलिए अगली बार वोट लालू, नीतीश और मोदी के चेहरे पर नहीं अपने बच्चों के चेहरे को देखकर दीजिएगा। उन्होंने बिहारशरीफ की जनता से अपील की कि उन्हें और उनके बच्चों को लूटने वाले नेताओं को वोट न दें। अगली बार अपने बच्चों के लिए वोट दें और बिहार में जनता का राज स्थापित करें। प्रशांत किशोर को नालंदा आते ही सियासी घमासान नया मोड़ ले लिया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार में अब गांव जाने के लिए भी अनुमति लेनी पड़ेगी। ये पूरी तरह से गैर-लोकतांत्रिक है। उन्होंने विधानसभा चुनाव की तैयारियों की घोषणा करते हुए कहा था कि वह घर-घर जाकर यह जानने का प्रयास करेंगे कि बिहार सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंच रहा है या नहीं। पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत प्रशांत किशोर शनिवार को कल्याण बीघा पहुंचने वाले थे, लेकिन गांव से कुछ दूरी पर ही उन्हें प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस द्वारा रोक दिया गया। पुलिस की रोक के विरोध में किशोर ने कहा कि यह लोकतंत्र की हत्या है और प्रशासन सत्ता के दबाव में काम कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नहीं चाहते कि जनता की असल स्थिति सामने आए। नीतीश कुमार नहीं चाहते कि उनकी योजनाओं और प्रशासनिक कार्यों का असली चेहरा जनता के सामने आए। इसलिए हमें गांव में जाने से रोका जा रहा है। लेकिन हमारी आवाज को कोई दबा नहीं सकता। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती, पूर्व एमएलसी रामबली सिंह चंद्रवंशी, प्रदेश महासचिव किशोर कुमार मुन्ना, प्रदेश उपाध्यक्ष सरवर अली, प्रदेश युवा सचिव तारिक अनवर, जिलाध्यक्ष वीरमणी यादव, महिला अध्यक्षा पुनम सिंहा, प्रदेश कार्यकारणी दिनेश कुमार समेत बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मारपीट मामले में दोनों पक्षों के पांच आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** बिंद थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव में शनिवार को देर शाम जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। जिसमें दोनों पक्षों के बारह लोग घायल हो गए। इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दिया गया। जहां मौके पर पहुंची 112 की गाड़ी मामले को शांत कराया। सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिंद प्राथमिक उपचार किया गया। इस मामले में पुलिस ने दोनों तरफ के पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव निवासी अवधेश माहतो के 25 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार, पारस माहतों के 45 वर्षीय अजूल माहतों व संजय माहतो के 20 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार एवं दूसरे पक्ष के भगवान माहतो के 35 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार व 30 वर्षीय पुत्र कमलेश कुमार के रूप में की गई हैं। थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से मारपीट के मामले में थाना में लिखित आवेदन दिया गया है।

## चोरी की कार के साथ चालक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** रहुई थाना की पुलिस ने थाना गेट के सामने वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार विशेष वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में रहुई की ओर से बिहारशरीफ की तरफ जा रही एक ब्रेज्जा कार को पुलिस ने रोककर जांच किया। जहां जांच के क्रम में गाड़ी का चेसिस नंबर रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर मिलान नहीं हुआ। पुलिस ने गहराई से कार चालक से पूछ ताछ किया तो पाया गया कि कार चोरी की है। पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चालक की पहचान बेलछी थाना क्षेत्र के मुर्तजापुर गांव निवासी रविकांत कुमार के रूप में की गई है। पुलिस कार को जब्त कर लिया है थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था इसी क्रम में एक चोरी की कार को बरामद किया गया है और आगे की कारवाई की जा रही है।

## प्यासे लावारिस पशु दे रहे जान, सरकार बेखबर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** गुरारू थाना क्षेत्र के कोरमथु गांव में रविवार को तीन दिनों से गांव के हीं एक पुराना कुआं में गिरा नीलगाय को उप मुखिया शनि कुमार सिंह, थानाध्यक्ष चाहत कुमार, वन विभाग की टीम एवं ग्रामीणों के सहयोग से निकाला गया। गौरतलब है कि भयंकर गर्मी के कारण लावारिस पशु नीलगाय, सांवर आदि प्यास बुझाने गांवों में चले आते हैं। ये जानवर कभी कुंओं में तो कभी कभी किसी के घर में घुस जाने के कारण पीटाई से जान दे देते हैं।

# छज्जे से दबकर युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** राजगीर थाना क्षेत्र के बंगालीपाड़ा में शनिवार को एक हादसा हुआ है। इस हादसे में बाले केवट के 30 वर्षीय पुत्र दामोदर केवट की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी है। राजगीर थानाध्यक्ष रमन कुमार ने इस घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि दामोदर पुराने मकान की छत के नीचे कुछ मरम्मत का कार्य कर रहा था। इसी दौरान अचानक ऊपर का छज्जा भरभरा कर दामोदर केवट के उपर गिर पड़ा। इससे वह मलबे के नीचे दब गया। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत उसे मलबे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दामोदर की असमय मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच शुरू कर दी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया गया है।

## ताड़ के पेड़ से गिरकर युवक की मौत

**बिहारशरीफ।** राजगीर थाना क्षेत्र के कोणार्क नगर निवासी कारू चौधरी के 26 वर्षीय पुत्र इन्द्रण कुमार की मौत हो गई है। यह हादसा उस समय हुआ जब वह ताड़ का रस निकालने के लिए पेड़ पर चढ़ा हुआ था। बताया जाता है कि इन्द्रण रोज की तरह सुबह ताड़ के पेड़ पर चढ़ा था, तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर पड़ा। गिरने के बाद स्थानीय लोगों ने उसे गंभीर हालत में राजगीर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष रमन कुमार ने बताया कि पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया है।

CMYK

संपादकीय

# पलटीबाज डोनाल्ड ट्रंप!

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ताजा पलटी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि इस आदमी की किसी भी बात पर भरोसा नहीं किया जा सकता। बीती 10 मई को उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच जारी संघर्ष में अचानक सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दोनों देशों में सीजफायर कराने का श्रेय ले लिया। लेकिन जब भारत ने ट्रंप को ऐसा कोई श्रेय देना तो दूर उनसे इस बारे में कोई बात न होने का अपना रूख कायम रखा तो ट्रंप ने कतर की राजधानी दोहा में अपने भाषण में सफाई दी कि उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच पिछले सप्ताह काफी खतरनाक चीजें हो रही थी। इसलिए हमने सिर्फ समस्या को सुलझाने में मदद की है। ट्रंप ने कहा, 'मैं यह नहीं कह रहा कि मैंने मध्यस्थता कराई।' मैंने समस्या सुलझाने में मदद की। हालांकि ट्रंप ट्रेड वाले बयान पर अडिग रहे। उन्होंने फिर कहा कि यह मामला तभी सुलझा जब मैंने व्यापार की बात की। हालांकि भारत ने शुरू से ही ट्रंप के दावे को खारिज कर दिया था। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भी प्रेस ब्रीफिंग में केवल इस बात की पुष्टि की कि दोनों देशों में तनाव को कम करने के लिए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच बात हुई थी। लेकिन ट्रंप से सीधी कोई बात नहीं हुई। इसमें कोई मध्यस्थ नहीं है। सीजफायर भी पाक डीजीएमओ द्वारा भारतीय डीजीएमओ से किए गए अनुरोध के बाद किया गया है। इसके बावजूद ट्रंप ने जल्दबाजी में मध्यस्थता का खुद श्रेय ले लिया। इधर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट किया कि पाक के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर जारी है। सीजफायर हमने अपनी शर्तों पर किया है। उधर पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने जरूर अपने भाषण में सीजफायर के लिए राष्ट्रपति ट्रंप का आभार माना। ट्रंप के इस रवैये से कई सवाल उठ रहे हैं। पहला तो यह जब उन्होंने किसी से कोई बात की ही थी तो सीजफायर का श्रेय खुद क्यों ले लिया? जब ट्रंप की बात पीएम मोदी से नहीं हुई तो पाक प्रधानमंत्री शरीफ ने सीजफायर का क्रेडिट किस बिना पर ट्रंप को दिया? क्या यह केवल चापलूसी थी? एक बात साफ है कि ट्रंप का कोई भरोसा नहीं। वो कभी भी और कुछ भी कह और कर सकते हैं। यह जानते हुए भी वो आज दुनिया की सबसे बड़ी ताकत अमेरिका के राष्ट्रपति हैं और उनका कहा एक शब्द भी पूरे विश्व में उथल पुथल मचा देता है। सवाल यह भी है कि कैसे एक वैश्विक महाशक्ति का राष्ट्राध्यक्ष इतने गैर जिम्मेदार तरीके से व्यवहार कर सकता है? वैसे राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा झूठ बोलते जाने की सच्चाई को खुद अमेरिकी मीडिया ने बेनकाब किया है। अमेरिकी अखबार 'वाशिंगटन पोस्ट' ने बतौर राष्ट्रपति ट्रंप के पिछले कार्यकाल के झूठ उजागर किए। इसके मुताबिक उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में दिसंबर 2017 से दिसंबर 2021 के बीच कुल 30 हजार 573 झूठ बोले। यानी कि औसतन रोजाना 21 झूठ। ऐसे अगंभीर राष्ट्रपति को अमेरिकी जनता ने क्यों जिताया और उन्हें क्यों झेल रही है, समझना मुश्किल है। हैरानी की बात तो यह है कि ऐसे पलटीबाज ट्रंप की बातों पर भारत में विपक्ष भी पूरा भरोसा कर रहा है। यानी विपक्ष मोदी से जो सवाल एक हफ्ते से पूछ रहा था, उसका जवाब भी ट्रंप ने ही दे दिया है। भारत के सामने अब बड़ी चुनौती यह है कि वह ट्रंप जैसे नितांत अविश्वसनीय व्यक्ति के साथ कैसे डील करे? क्योंकि वो कब किसको धोखा दे देंगे और कब पलटी मारकर सामने वाले को शर्मिंदा कर देंगे, कोई नहीं जानता।

# ऑपरेशन सिंदूर: राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रीय सम्मान का संगम



*सुश्री लक्ष्मी पुरी, संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक महासचिव और संयुक्त राष्ट्र महिला की उप कार्यकारी निदेशक तथा भारत की पूर्व राजदूत।*

ऑपरेशन सिंदूर ने स्पष्ट किया है कि भारत वैधता नहीं चाहता है। देश न्याय चाहता है। भारतीय संयम को कभी भी कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए।

पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी कृत्य के प्रति भारत की जवाबी प्रतिक्रिया - ऑपरेशन सिंदूर, जो अभी भी जारी है ङ्क आतंकवाद-रोधी और सैन्य सिद्धांत तथा रुख में एक बड़े बदलाव का संकेत देता है। अपने जोशीले भाषण में, जिसकी गूंज पूरे भारत और दुनिया के विभिन्न देशों की राजधानियों में सुनायी दी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा करते हुए कहा कि सीमा-पार आतंकवाद के किसी भी कृत्य के खिलाफ निर्णायक सैन्य कार्रवाई की एक नई सामान्य स्थिति स्थापित की गई है।

कोई भी देश, जो आतंकवादी अवसंरचना को पनाह देता है, उसे वित्तीय मदद देता है और उसका पोषण करता है, उसे अपने सैन्य बलों के साथ जोड़ता है और निर्दोष नागरिकों के खिलाफ क्रूर हमलों के लिए भारत को निशाना बनाता है, उसे त्वरित, दंडात्मक और प्रतिशोधी परिणामों का सामना करना पड़ेगा।

सोची-समझी सैन्य कार्रवाई से न केवल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बल्कि अंतरराष्टीय सीमा के पार पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के बीच में भी आतंकवादी नेटवर्क ध्वस्त हो जाएंगे, भले ही राज्य प्रायोजित आतंकवादी ठिकाने आधिकारिक सुरक्षा संरचनाओं के साथ कितने भी जुड़े हुए हों।

सिंदूर सिद्धांत, भारत की संप्रभुता और सभ्यतागत लोकाचार को बनाए रखने में निहित है। इसका उद्देश्य इसकी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करना, आंतरिक एकता, सद्भाव और शांति सुनिश्चित करना और 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए देश को त्वरित आर्थिक विकास के पथ पर आगे बढ़ाना है। यह सीमा-पार आतंकवाद के प्रति शून्य-सहिष्णुता के रुख की पुष्टि करता है और भारत को अपने सुरक्षा हितों की रक्षा में निर्णायक रूप से कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध करता है, जिसे पुनर्परिभाषित और विस्तृत किया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट रूप से कहा है- भारत के खिलाफ़ किसी भी तरह की आतंकी कार्रवाई युद्ध मानी जायेगी - अब कोई संदेह की स्थिति नहीं है, किसी दूसरे तरीके से युद्ध को बर्दाशत नहीं किया जाएगा, आतंकवाद से होने वाले नुकसान के आगे हार नहीं मानी जाएगी। ऑपरेशन के बाद राष्ट्र और अंतरराष्टीय समुदाय के समक्ष प्रधानमंत्री का संबोधन सफलता की पुष्टि से कहीं अधिक था। बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर दिए गए इस संबोधन ने एक नई रणनीतिक व्यवस्था का अनावरण किया- दृढ़, गरिमापूर्ण और भारत के सभ्यतागत मूल्यों पर आधारित।

इसने एक सरल लेकिन दृढ़ संदेश दिया- भारत शांति में विश्वास करता है, लेकिन शांति को शक्ति का समर्थन होना चाहिए।

अपने मूल में, प्रधानमंत्री मोदी का सिंदूर सिद्धांत तीन अलग सिद्धांतों पर जोर देता है, जिन पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। पहला, भारत उन देशों के साथ कोई बातचीत नहीं करेगा, जो आतंक को बढ़ावा देते हैं; जब बातचीत फिर से शुरू होगी, तो यह द्विपक्षीय होगी तथा इसमें केवल आतंकवाद और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर चर्चा होगी।

दूसरा, भारत आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों के साथ आर्थिक संबंधों को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करता है तथा व्यापार और राष्टीय सम्मान के बीच एक सुदृढ़ रेखा खींचता है। अंत में, भारत अब परमाणु धमकी को बर्दाशत नहीं करेगा- ऑपरेशन सिंदूर ने निर्णायक रूप से उन सभी भ्रमों को तोड़ दिया है कि परमाणु खतरे, आतंकी कृत्यों के ढाल बन सकते हैं।

÷सिंदूर÷ नाम का चयन गहन सांस्कृतिक प्रतीकात्मकता को रेखांकित करता है।

विवाहित हिंदू महिलाओं द्वारा पहना जाने वाला लाल सिंदूर - पीड़ित होने के रूपक के रूप में नहीं, बल्कि पवित्र कर्तव्य और राष्टीय गौरव के प्रतीक के रूप में इस्तेमाल किया गया। आतंकवादियों ने इस सम्मान को अपवित्र करने की कोशिश की; भारत ने पूरी ताकत के साथ जवाब दिया। व्यक्तिगत राजनीतिक हो गया, सांस्कृतिक रणनीतिक हो गया। चूंकि आतंकी हमला कश्मीर में हुआ था, जो भारत माता का भौगोलिक और प्रतीकात्मक सिर है, इसलिए ऑपरेशन सिंदूर भारत माता की रक्षा करने और उसे सलाम करने के लिए है। भारत की प्रतिक्रिया एक सैद्धांतिक विरासत का अनुसरण करती है।

कौटिल्य के अर्थशास्त्र से लेकर 1980 के दशक के इंदिरा सिद्धांत तक तथा 1998 में पोखरण-द्वद्ध परीक्षणों के जरिए वाजपेयी जी के साहसिक परमाणु दावे से लेकर – जिसने वैश्विक दबावों और प्रतिबंधों के बावजूद भारत के आत्मरक्षा के संप्रभु अधिकार की पुष्टि की और विश्वसनीय न्यूनतम अवरोध की नीति स्थापित की–से लेकर उरी और बालाकोट में प्रदर्शित मोदी सिद्धांत तक, भारतीय शासन नीति ने लंबे समय से संकट के समय और राष्टीय सुरक्षा के महत्वपूर्ण मामलों में संप्रभु निर्णय लेने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

सिंदूर सिद्धांत इसे आगे बढ़ाता है, आत्मविश्वास से भरे भारत ने इसका समर्थन किया है। देश अपने मूल हितों तथा अपने नागरिकों की संरक्षा और सुरक्षा के लिए स्वतंत्र व मजबूती से काम करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। भू-राजनीतिक रूप से, इस ऑपरेशन ने क्षेत्रीय उम्मीदों को फिर से स्थापित किया है।

आतंकवाद के लिए ढाल के रूप में परमाणु शक्ति का इस्तेमाल करने के आदी पाकिस्तान का सीधे सामना किया गया है। दंड से मुक्ति का भ्रम टूट गया है।

चीन, हालांकि औपचारिक रूप से तटस्थ है, उसे अपने सहयोगी की कमज़ोरी को समझना होगा। संयुक्त राज्य अमेरिका से लेकर रूस तक, वैश्विक शक्तियाँ भारत को बाहरी संकेत या समर्थन की प्रतीक्षा किए बिना कार्रवाई करते हुए देख रही हैं। अन्य पड़ोसियों को अब अपनी दुर्भावना और भारत विरोधी कार्रवाइयों के परिणामों का आकलन करना चाहिए।

पिछले 11 वर्षों में, भारत ने कई भौगोलिक क्षेत्रों में और प्रमुख शक्तियों के साथ द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी का एक सघन और मजबूत नेटवर्क सफलतापूर्वक निर्मित किया है। इसने बहुपक्षीय और लघुपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतर-क्षेत्रीय सहयोग व्यवस्थाओं में भाग लिया है और मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, प्रमुख शक्तियों और इन साझेदारियों से जुड़े भारत के कई रणनीतिक और रक्षा संबंध अग्नि परीक्षा से गुजरे।

पहलगाम के बाद, संतोषजनक बात यह थी कि हमारे भागीदारों द्वारा आतंकवादी हमलों की सार्वभौमिक निंदा की गयी। हालाँकि, ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में पाकिस्तान की तीव्र कार्रवाई के बाद, परमाणु-संपन्न पड़ोसियों के बीच तनाव बढ़ने के बारे में चिंताएँ व्यक्त की गईं। प्रतिक्रियाएँ इस बात से भी प्रभावित थीं कि इस सैन्य संघर्ष में उनके हथियार प्रणालियों ने कैसा प्रदर्शन किया या कि क्या प्रदर्शन करने में विफल रहे। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, हमें न केवल अपने रणनीतिक साझेदारों को सावधानी से चुनना चाहिए, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि ये साझेदारियाँ सिंदूर सिद्धांत को शामिल करती हों।

इसका मतलब यह है कि उन्हें पाकिस्तान पर अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके उसके आतंकी ठिकानों को खत्म करना चाहिए और राज्य-नीति के रूप में आतंकवाद का परित्याग करना चाहिए।

यदि हमें पाकिस्तानी आतंकवादी-सैन्य ढांचे के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सैन्य बल का इस्तेमाल करना पड़ता है, तो उन्हें हमारे साथ एकजुटता दिखानी चाहिए। दुष्टों के लिए कोई शरणस्थली नहीं, कोई बचाव नहीं। महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत जिस आतंकी ढांचे को निशाना बना रहा है, वह न सिर्फ भारत और लोकतंत्र के लिए, बल्कि वैश्विक आर्थिक वृद्धि और विकास के इंजन के रूप में देश की भूमिका के लिए भी खतरा है।

पाकिस्तान से आतंकवाद को वैश्विक स्तर पर निर्यात किया जाता है - यूरोप, यूके, संयुक्त राज्य अमेरिका और उससे आगे। फिर भी, अंतरराष्ट्रीय समुदाय का अधिकांश हिस्सा आंखें मूंद कर बैठा है, जबकि संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित आतंकवादी समूह पाकिस्तान में खुलेआम काम करते हैं। पाकिस्तान पहले भी आतंकवादी समूहों की शरणस्थली था और अब भी है। ऑपरेशन सिंदूर 1.0 के दौरान, पाकिस्तान के रक्षा और विदेश मंत्रियों ने सार्वजनिक रूप से इतना स्वीकार किया। भारत ने आतंक के इस असंख्य सिर वाले राक्षस के खिलाफ कार्रवाई करके वैश्विक सेवा की है।

यह अंतरराष्टीय आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अग्रिम पंक्ति के योद्धा के रूप में खड़ा है।

दुनिया को कार्रवाई करने के लिए जागरूक होना चाहिए और आतंक के अपराधियों और इसके खिलाफ काम करने वालों के बीच नैतिक समानता स्थापित करना बंद करना चाहिए - चाहे उनके संकीर्ण, अल्पकालिक, दिखावटी विचार कुछ भी हों। सिंदूर सिद्धांत का आर्थिक आयाम भी महत्वपूर्ण है। ÷आतंकवाद के साथ कोई व्यापार नहीं÷ की स्पष्ट घोषणा करके, भारत ने राष्टीय सुरक्षा के लिए आर्थिक उपायों को क्रियान्वित किया है।

व्यापार और सिंधु जल संधि जैसी संधियों को निलंबित करने जैसे कदम आर्थिक संबंधों को राष्टीय सुरक्षा उद्देश्यों के साथ मजबूती से सरेखित करने के भारत के संकल्प को रेखांकित करते हैं। ये उपाय एक स्पष्ट संदेश देते हैं- आतंक के खात्मे के बाद आर्थिक संबंध बनने चाहिए, न कि पहले।

अस्तित्व आधारित संदेश यह है कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते।

नारी-शक्ति से जुड़ा एक शक्तिशाली आख्यान ऑपरेशन के संदेश को पुष्ट करता है और इसे सुर्खियों में लाता है- भारत की राष्टीय सुरक्षा व्यवस्था में महिलाओं की भूमिका।

ऑपरेशन के बाद दो महिला अधिकारियों ने प्रमुखता से सैन्य प्रेस वक्तव्यों का नेतृत्व किया, जो भारत के रक्षा परिदृश्य में महिलाओं के बढ़ते महत्व का प्रतीक है।

÷नारी शक्ति÷ (महिला सशक्तिकरण) के इस क्षण ने महिलाओं के प्रति भारत के सभ्यतागत सम्मान को मजबूत किया, रानी लक्ष्मीबाई से लेकर समकालीन महिला सैन्य अधिकारियों तक के ऐतिहासिक उदाहरणों की प्रतिध्वनि की, जिससे राष्टीय गौरव को लैंगिक समावेश के साथ जोड़ा गया। भारत की सैन्य ताकत घरेलू नवाचार की मदद से तेजी से बढ़ रही है। हालांकि, कुछ विदेशी प्रणालियों का इस्तेमाल किया गया था, स्वदेशी मिसाइलों, ड्रोन और निगरानी उपकरणों की सफल तैनाती, रक्षा में आत्मनिर्भरता की परिचालन परिपक्वता को उजागर करती है। यह हमारे निर्यात जोर और मांग को बढ़ाता है। हमने भारत में आयातित और सह-निर्मित हथियार प्रणालियों के साथ-साथ पाकिस्तान द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली हथियार प्रणालियों का भी परीक्षण किया और इनसे हमारे द्वारा लिए गए सही निर्णयों की पुष्टि हुई।

ऑपरेशन सिंदूर से यह स्पष्ट हो गया कि भारत वैधता नहीं चाहता - वह न्याय चाहता है। भारतीय संयम को कभी भी कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए। सिंदूर सिद्धांत केवल प्रतिक्रियात्मक नहीं है; यह सैद्धांतिक स्पष्टता का एक सक्रिय दावा है। भारत के नागरिकों के, विशेषकर महिलाओं के जीवन, गरिमा, भलाई और सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इसी बिंदु पर राष्टीय सुरक्षा का राष्टीय सम्मान के साथ संगम होता है। यहीं पर प्राचीन मूल्य, आधुनिक ताकत के साथ मिलते हैं। और यहीं पर भारत खड़ा है- निडर, अडिग और एकजुट।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो टूक, प्रखर और समयानुकूल स्वाभाविक प्रखर आक्रामक तेवर और घोषणाओं के साथ भाव भंगिमाओं को देखने के बाद भारत के अंदर और पूरे विश्व में जिन्हें भी सीमा पार आतंकवाद, जम्मू कश्मीर और भारत-पाकिस्तान संबंधों को लेकर कोई भ्रम रहा होगा वह दूर हो जाना चाहिए। अगर दूर नहीं होता है तो देशों की अपनी कुटिल नीति हो सकती है और भारत के अंदर मानसिक ग्रंथि। वास्तव में 10 मई को टकराव रुकने की सेना की दोनों महिला अधिकारियों तथा विदेश सचिव के वक्तव्य के बाद कम से कम भारत के अंदर आश्वस्ति होनी चाहिए थी। उसके बाद लगातार दो दिनों तक सेना के तीनों अंगों के तीन शीर्ष अधिकारियों ने जिस तरह बिंदुवार सुस्पष्ट और मुखर भाषा में सैन्य रणनीति और स्टैंड को सामने रखा उनसे साफ हो गया था कि ऑपरेशन सिंदूर के तात्कालिक लक्ष्य और उद्देश्य पूरे हो गए हैं किंतु पाकिस्तान के विरुद्ध केवल सैन्य कार्रवाई छोड़कर संपूर्ण रणनीति जारी है।**

# प्रधानमंत्री का संदेश आतंकवाद के विरुद्ध मानक

प्रधानमंत्री अगर घोषणा कर रहे हैं कि टेरर के साथ टॉक, ट्रेड यानी आतंकवाद के साथ बातचीत और व्यापार नहीं चल सकता है, पानी और खून एक साथ नहीं बह सकता है और उसके बाद अगर देश के अंदर कोई सोचता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप या वहां के विदेश मंत्री के पोस्ट के आधार पर भारत की नीति चल रही है तो वैसे लोगों के लिए क्या शब्द प्रयोग किया जाए यह पाठक तय कर लें।

प्रधानमंत्री ने कहीं भी अपने संबोधन में सीजफायर यानी युद्धविराम शब्द का प्रयोग नहीं किया और इसके पूर्व सेना के प्रवक्ताओं ने भी नहीं किया। विदेश सचिव के वक्तव्य तब में भी यह शब्द नहीं था। प्रधानमंत्री के वक्तव्य से साफ है कि आतंकवाद और सैन्य दुस्साहस रोकने की पाकिस्तान द्वारा दी गई गारंटी के आधार पर ही ऑपरेशन सिंदूर और सेना का प्रतिप्रहार रुका तथा इस कसौटी पर उसके आचरण को देखकर ही भविष्य तय होगा। वास्तव में प्रधानमंत्री के वक्तव्य में मूल पांच बातें स्पष्ट थी। पहला, पहलगाम हमले के बाद सीमा पार आतंकवाद और पाकिस्तान के संदर्भ में हमारा स्टैंड और पूरी सैन्य रणनीति कायम है। दूसरा, पाकिस्तान के हमले के लगातार विफल होने और उनके सैन्य अड्डों के तवाह होने के बाद शांति की पहल उन्होंने की और भारत अपनी शर्तों पर इसे स्वीकार किया। यह देश के अंदर बनाए गए झूठे नैरेटिव का उत्तर था जो सेना के प्रवक्ताओं द्वारा पत्रकार वार्ताओं में पहले भी दिया जा चुका था। आत्महीनता की मानस वाले समूह इसे स्वीकारने की जगह अपनी ही नीति को कटघरे में खड़ा करने लगे। अगर आतंकवाद हुआ तो कार्रवाई केवल आतंकवादियों और उनके अड्डों के विरुद्ध ही नहीं होगी इसे पाकिस्तानी सत्ता की भूमिका मानकर होगी। कोई भी समझ सकता है कि यह सीधी सीधी चेतावनी है। तीसरा, अमेरिका सहित दूसरे देशों के लिए संदेश था कि यह संभव नहीं की आतंकवादी देश न्यूक्लियर ब्लैकमेल के आधार पर शांति की बात करें और हम स्वीकार कर लें। यानी मार पड़ने से डरा पाकिस्तान किसी देश के पास यह कहते हुए जाता है कि हम न्यूक्लियर अस्त्र का प्रयोग करेंगे और उसके आधार पर कार्रवाई रोकने या समझौता करने को कहा जाएगा तो स्वीकार नहीं होगा। ध्यान रखिए, भारत ने जिन वायु सेना अड्डों पर पाकिस्तान में कार्रवाई की उनमें माना जाता है कि उसके तीन न्यूक्लियर इंस्टॉलेशन के पास थे और वह घबरा गया कि अगर भारत यहां पहुंच सकता है तो आगे हमारे लिए इसका भी उपयोग करना संभव नहीं होगा। चौथा, अगर पाकिस्तान से कोई बातचीत होगी तो केवल पाक अधिकृत कश्मीर पर और आतंकवाद पर। यह भारत के अंदर विरोधियों और विशेषकर ट्रंप प्रशासन को उत्तर था जो जम्मू कश्मीर समस्या को सुलझाने और तटस्थ स्थान पर बातचीत करने का दंभ भर रहे थे। मोदी सरकार का यह स्टैंड पहले से क्लियर था। और पांचवां, हमारे स्वदेशी निर्मित विषयों और सैनिक उपकरणों ने जैसी सफलता प्राप्त की है उसके बाद कोई देश यह न सोचे कि युद्ध के दौरान हमको उनकी अपरिहार्यता रहेगी।



गहराई से देखें अमेरिका सहित पश्चिमी देशों को संदेश के साथ ही यह भारत की रक्षा सामग्रियों के अंतरराष्ट्रीय बाजार की एक बड़ी ब्रांडिंग थी। यानी हम भी प्रतिस्पर्धा में उतर गये हैं। आप भले किन्ही कारण से प्रधानमंत्री मोदी का सार्वजनिक विरोध करिए लेकिन किसी घटना को वे केवल तत्कालिकता में न देखकर उसके साथ दूरगामी और भविष्य के भारत के वैश्विक उद्देश्यों के आधार पर समग्र विचार कर सामने रखते हैं। देखा जाए तो भारत ने स्वयं को ऑपरेशन सिंदूर तथा उसके बाद प्रधानमंत्री के वक्तव्य से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नेतृत्वकारी भूमिका वाले देश के रूप में प्रस्तुत किया है। अमेरिका की परेशानी यह भी हो गई कि अगर भारत इस तरह साहसिक सैन्य कार्रवाई करता रहा तो दुनिया के नेता का उसका स्थान खतरे में होगा और बड़ी संख्या में देश उसके साथ खड़े हो जाएंगे। तभी डोनाल्ड ट्रंप की भाषा भारत और पाकिस्तान दोनों के लिए समान थी। उन्होंने दोनों को महान देश बताया तथा दोनों के साथ सतत् व्यापार करने की भावना व्यक्त की। अचानक चीन के साथ व्यापार टकराव दूर करने के पीछे भी यही रणनीति हो सकती है।

प्रधानमंत्री को सारी बातें ध्यान में रही होगी और उसी अनुसार 22 अप्रैल के पहलगाम हमले के बाद पूरी तात्कालिक और दूरगामी सैन्य रणनीति, कूटनीति, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नीति और राजनीति निश्चित हुई है। प्रधानमंत्री ने अमेरिका और यूरोप को भी यह कहते हुए आईना दिखा दिया कि आपके यहां भी 11 सितंबर, 2001 के और ब्रिटेन में ट्यूब के हमले के पीछे भी यही बहावलपुर के जैश ए मोहम्मद और मुरीदके के लश्कर ए तैयबा केंद्र की भूमिका थी। यह सच है कि तब वैश्विक आतंकवाद के केंद्र में ये स्थल थे। ओसामा बिन लादेन खुलेआम इन स्थानों में तकरीरें - बैठकें करता था, इनसे सीधे रिश्ते थे और अलकायदा एवं उसके द्वारा स्थापित इंटरनेशनल इस्लामिक फ्रंट के साथ सारे संगठन संबंद्ध हो गए थे। अगर प्रधानमंत्री कहते हैं कि उन्होंने हमारी माताओं - बहनों की मांगों के सिंदूर उजड़े तो हमने उनके अड्डों को ही उजाड़ दिया। साथ यह भी कि ऑपरेशन सिंदूर एक अखंड प्रतिज्ञा है। नहीं लगता कि इस समय विश्व का कोई भी नेता इतने खतरनाक पड़ोसी, जिसके पास न्यूक्लियर अस्त्रागार हो और मजहबी उन्माद के आधार पर देश के बड़े वर्ग को मरने- मारने पर उतारू करने की विचारधारा, इस प्रकार के विचार और तेवर सामने रख सकता है। अब न केवल आतंकवादियों बल्कि उनको प्रायोजित करने वाले पाकिस्तान की सेना और संपूर्ण सत्ता को इस चेतावनी को गंभीरता से लेना होगा कि उन्हें आतंकवाद का इंफ्रास्ट्रक्चर ध्वस्त करना ही होगा। नहीं करेंगे तो फिर ऑपरेशन सिंदूर की विस्तारित प्रचंड हमले के लिए तैयार रहें और वह निर्णायक होगा।

वास्तव में ऑपरेशन सिंदूर सीमा पार ही नहीं वैश्विक आतंकवाद से संघर्ष के लिए भी विचारधारा और रणनीति दोनों स्तरों पर एक विशिष्ट मानक बना है। यह बताता है कि नेतृत्व के पास इसके पीछे की संपूर्ण सोच और योजनाओं की पूरी समझ हो, प्रतिकार के लिए दीर्घकालिक सोच और रणनीति तथा उसे क्रियान्वित करने की संकल्पबद्धता और दृढ़ता हो तो पाकिस्तान जैसे दुष्ट देश को भी सबक सिखाया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने साफ कर दिया है कि आतंकवाद से पीड़ित विश्व शांति की बजाय इस रणनीति को अपनायें तथा भयभीत छोटे देश भारत के साथ आएं। कुल मिलाकर यहां से भारत की दक्षिण एशिया सहित संपूर्ण विश्व के आतंकवाद तथा कश्मीर जैसे मुद्दों के संदर्भ में विजय और समाधान के आत्मविश्वास से भरी निर्भीक, दूरगामी और तथा कमजोर देशों के लिए नेतृत्वकारी भूमिका सामने आई है। इस तरह ऑपरेशन सिंदूर के साथ भारत एक ऐसे नए दौर में प्रवेश का संदेश दे चुका है जहां उसकी स्वयं की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता तथा वैश्विक शांति की उसकी अपनी दृष्टि सर्वोपरि है और किसी देश का इसके परे सुझाव या साथ उसे स्वीकार नहीं। क्या देश में विरोधी भी इस युगांतरकारी सच को स्वीकार करेंगे?

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
पारिवारिक जीवन उतार-चढ़ाव से भरपूर रहेगा। सबके प्रति सहज व्यवहार रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। विवादित विषयों से दूर रहने का प्रयास करें।

**वृषभ**
दाम्पत्य जीवन काफी अच्छा रहेगा। सेहत की दृष्टि से दिन काफी अच्छा है। बुद्धिमान लोगों की संगत से आपको लाभ प्राप्त होगा।

**मिथुन**
परिवार के साथ बैठकर गम्भीर विषय पर चर्चा कर सकते हैं। आपके मन में बहुत सारे सवाल रहेंगे जिसके जवाब के लिये आपको काफी धैर्य रखना होगा।

**कर्क**
आज आप परिवार का काफी ध्यान रखेंगे। यदि आप नयी नौकरी ढूँढ रहे हैं तो आपको सफलता मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में नये मित्र बन सकते हैं।

**सिंह**
व्यावसायिक गतिविधियाँ सुचारू रूप से चलती रहेंगी। पेट में कब्ज की समस्या होने की आशंका है। अधीनस्थ कर्मचारियों पर नियन्त्रण बनाये रखें।

**कन्या**
जिस कार्य के लिये प्रयासरत थे उसे पूरा कर सकते हैं। मित्रों की सहायता से व्यापार में लाभ हो सकता है। इसका आपको काफी अच्छा परिणाम प्राप्त होगा।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में दिन सामान्य रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। आज किसी को धन उधार न दें। आपकी सलाह लोगों के लिये काफी सहायक रहने वाली है।

**वृश्चिक**
सन्तान के प्रति आपका स्नेह और बढ़ेगा। विद्यार्थी नये विषयों का अध्ययन कर सकते हैं। शत्रु आपके सामने काफी कमजोर दिखेंगे।

**धनु**
घरेलू समस्याओं से घिरे रहेंगे। आप अपने काम के प्रति काफी समर्पित रहेंगे। लेकिन लोग आपका मजाक बना सकते हैं। वैवाहिक जीवन में संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**मकर**
आपको सरकार से सम्मान और पुरस्कार प्राप्त हो सकता है। लोग आपकी बातों को काफी गम्भीरता से लेंगे। ज्यादातर मामलों के लिये आज दिन बहुत शुभ रहेगा।

**कुंभ**
आपकी जीवनशैली में भी सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा। कारोबार की जटिल समस्यायें भी आज हल हो सकती है।

**मीन**
घर के सदस्यों के बीच आपसी सामंजस्य कम हो सकता है। बातचीत के दौरान शब्दों के चयन में सावधानी रखें। आप किसी बड़े कार्य की योजना बना सकते हैं।

# सेना सम्मान तिरंगा यात्रा में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री

## सुरक्षा व्यवस्था के थे पुख्ता इंतजाम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली। रविवार को यात्रा हर-हर महादेव चौक से शुरू होकर टेडिनाथ मंदिर शहीद स्थल तक पहुंची। इस यात्रा के माध्यम से भारतीय सेना की वीरता और बलिदान का सम्मान किया जाएगा। पुलिस प्रशासन ने तिरंगा यात्रा के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के नेतृत्व में निकाली जा रही इस यात्रा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है। यात्रा के मार्ग पर सुरक्षा कर्मियों की निगरानी में यह आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने का प्रयास किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री श्री सिंह ने तिरंगा यात्रा के दौरान कहा कि भारत की सेना ने पाकिस्तान को धूल चटा दी है। आतंकवादियों का नाश किया है। उन्होंने कहा कि सेना के शौर्य और सम्मान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका की सराहना करते हुए तिरंगा यात्रा निकाली गई है। गिरिराज सिंह ने कहा कि भारत की सेना ने अपनी बहादुरी से पाकिस्तान के नापाक हरकतों को विफल कर दिया है। देश का सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि देश की सेना और प्रधानमंत्री के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकालना एक महत्वपूर्ण कदम है। ऑपरेशन सिंदूर के बैनर तले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा ऑपरेशन सिंदूर के बैनर तले तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के माध्यम से भारतीय सेना के प्रति सम्मान और समर्थन प्रकट किया गया।

# 'जीवन समर' उपन्यास है परिवर्तन की अकुलाहट : डा. चंद्रभानु

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी।** नगर परिषद बीहट में डॉ संगीता राजन चिकित्सालय परिसर में शनिवार को चर्चित लेखक प्रलेस के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव राजेन्द्र राजन लिखित जीवन समर उपन्यास का लोकार्पण हुआ। उपन्यास का लोकार्पण आगत अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। लोकार्पण सह परिचर्चा में मुख्य वक्ता एलएनएमयू के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रख्यात आलोचक डॉ. चन्द्रभानु प्रसाद सिंह ने कहा कि जीवन समर उपन्यास में परिवर्तन की अकुलाहट दिख रही है। उन्होंने कहा कि उपन्यासकार राजेन्द्र राजन ने इस उपन्यास के पात्र के माध्यम से यह संदेश दिया है कि इस देश में वैचारिक रूप से परिपक्व कम्युनिष्ट नहीं होने के कारण कम्युनिष्ट आंदोलन सफल नहीं हुआ। कम्युनिष्टों के भीतर के अंतरविरोध को इस उपन्यास में दिखाया गया है। जीवन समर का परिअवसान जीवन संघर्ष से होता है। लेखक ने राहुल सां.त्यायन एवं यशपाल की परंपरा का निर्वाह किया है। अतिथियों का स्वागत एवं परिचर्चा का विषय प्रवेश कराते हुए लेखक राजकिशोर सिंह ने कहा कि मौत की शताब्दी में इस तरह के उपन्यास का आना सुखद है। उन्होंने उपन्यासकार राजेन्द्र राजन की 78वां जन्मदिवस पर बधाई देते हुए कहा कि दुनिया जब तक रहेगी मार्क्सवाद किसी न किसी रूप में अवश्य रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार डॉ. सीताराम प्रभंजन एवं संचालन डॉ. कुंदन कुमार ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में आनंद ने अपनी टीम के साथ कलम आज उनकी जय बोल को प्रस्तुत किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शगुफ्ता ताजवर ने किया। प्रलेस बेगूसराय इकाई की सचिव कुंदन कुमारी एवं प्रलेस के सदस्य डॉ. रामरेखा ने भी परिचचर्चा में हिस्सा लिया। मौके पर दिनकर पुस्तकालय के अध्यक्ष विश्वंभर सिंह, जयप्रकाश सिंह, डॉ. संगीता राजन, दिलेर अफगन, जनसुराज के आर. एन. सिंह, शिक्षक नेता अमरनाथ सिंह, रामकुमार, संजीत कुमार, नरेन्द्र सिंह, अनिल पतंग, अशोक रजक, फुलेना पासवान, उपमुख्य पार्षद ऋषिकेश कुमार, अशोक पासवान, नवीन सिंह, राजेश कुमार सिंह, रामनाथ सिंह, यदुनंदन कुमार, अवनीश राजन, मनोरंजन विप्लवी, पंकज कुमार, संजीव फिरोज, विनोद बिहारी, बबलू दिव्यांशु समते सैकड़ों बुद्धिजीवी व साहित्यकार मौजूद थे।

## एक नजर

### हत्याकांड के अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बखरी थाना क्षेत्र के महादेवचक गांव में हत्या कांड के एक फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार नोटिस चिपकाया। इस दौरान ढोल-नगाड़ा बजाकर पूरे गांव को सूचित किया गया, जिससे अभियुक्त की जानकारी सार्वजनिक की जा सके। इस केस के अन्य आरोपी मनटुन महतो भी फरार है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बखरी थाना कांड संख्या 463/24 के आरोपी महादेवचक निवासी मनटुन महतो का पुत्र रवीश कुमार एक हत्या के मामले में लंबे समय से पुलिस के नजर से फरार है। पुलिस द्वारा उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी। तब कांड के अनुसंधानकर्ता सह अपर थानाध्यक्ष उदय शंकर कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि न्यायालय के निर्देश पर यह इश्तेहार चिपकाया गया है। यदि अभियुक्त 30 दिनों के भीतर न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करता है, तो अगली कार्रवाई के रूप में उसकी संपत्ति की कुर्की-जब्ती की जाएगी।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत विभिन्न गांवों से दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी पहसारा पूर्वी पंचायत के ररिऔना के जगरूप यादव का पुत्र नाथो यादव तथा विष्णुपुर पंचायत के रामदेव तांती का पुत्र रंजन तांती है। लंबी अवधि से न्यायालय में अनुपस्थित था। इससे न्यायालय ने इसके विरूद्ध गिरफ्तारी वारंट निर्गत किया था। इस गिरफ्तारी में एस आई कुंदन रजक, उमाशंकर झा, अबोध कुमार सिंह तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के आदि शक्ति ग्राम संगठन देवपुरा तथा दर्पण ग्राम संगठन विष्णुपुर द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। इस अवसर पर बीपीएम मनोरंजन कुमार ने राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से महिलाओं के जीवन में आये बदलावों को विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जीविका से जुडने के बाद महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में काफी बदलाव आया है। प्रचार रथ में लगे एलईडी पर फिल्मों के द्वारा महिलाओं को सुदृढ़ीकरण करने का उपाय बताया गया। राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए चलाये जा रहे योजनाओं से लाभ लेने के तरीके के संबंध में जानकारी संबंधित फ्लीपकार्ड का वितरण किया गया। योजनाओं का लाभ ले चुकी महिलाओं ने अपने-अपने अनुभवों का साझा करते हुए लाभ लेने की अपील की। लाभार्थी महिलाओं ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बदौलत वे सामाजिक तथा आर्थिक रूप से सशक्त हुई है। अपनी अपेक्षाओं को भी साझा किया। मौके पर क्षेत्रीय समन्वयक रूपम कुमारी, सामुदायिक समन्वयक कुंदन कुमार, विकास कुमार, रीना कुमारी, रेणु कुमारी, अर्चना कुमारी के अतिरिक्त काफी संख्या में महिलाओं ने शिरकत किया।

### बखरी में होगा यूथ फेडरेशन का जिला सम्मेलन

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बखरी, नावकोठी,डंडारी एवं गढ़पुरा अंचल के भाकपा के शाखा सचिवों एवं अंचल परिषद सदस्यों की संयुक्त बैठक को सम्बोधित करते हुए बखरी विधायक सूर्यकांत पासवान ने कहा कि एक जून को बखरी में यूथ फ़ेडरेशन का जिला सम्मलेन ऐतिहासिक होगा। उन्होंने योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि हमने बखरी विधानसभा क्षेत्र में 54 सड़क को स्वीकृत कराया है। बखरी के विकास के लिए जब भी सदन चलता है, तो हर दिन हम सवाल उठाते हैं। बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व सांसद शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने कहा कि भारत के संविधान के साथ भाजपा छेड़छाड़ करना चाह रही है। दलित पिछड़ा के साथ बदसलूकी करती है। लेकिन बखरी विधायक सूर्यकांत पासवान ने दलितों के सम्मान को झुकने नही दिया और बाबा साहब के झण्डा को बुलंद किया है। बैठक में शाखा मंत्री अशोक केशरी, जैनुल, राटन मखिया प्रतिनिधि सुरेश राम,समदर्शी नंदन विद्यार्थी,आनंद प्रसाद सिंह, पूर्व मुखिया छतौना महेंद्र महतो, मो नसीम, जितेंद्र राय, विशम्भर महतों नवल सिंह, राकेश शर्मा, पूर्व मुखिया जय प्रकाश यादव, यूथ लीडर मो शबाब आलम, प्रखण्ड अध्यक्ष संजय राय, ऋषि कुमार, सुमित कुमार,बलराम स्वर्णकार, मणि जी, सुरेश सहनी, विजय मुखिया सहित अन्य लोगों ने भाग लिया।

# आशाकर्मी की हड़ताल को सफल बनाने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** ऑल इंडिया स्कीम वर्कर्स फ़ेडरेशन से संबद्ध संगठनों की ओर से 20 मई को समाहरणालय द्वार पर प्रदर्शन और आशाकर्मियों के 20 से 24 मई तक आयोजित पांच दिवसीय राज्यव्यापी हड़ताल को पूर्ण रूप से सफल बनाने की अपील की गई। ऐक्टू के जिला प्रभारी चंद्रदेव वर्मा ने कहा कि आशा, आंगनबाड़ी और रसोइया कर्मी वर्षों से मात्र 50 से 100 रुपये प्रतिदिन जैसे अपमानजनक मेहनताने पर समाज के सबसे वंचित तबके की सेवा कर रही हैं। उन्हें सरकारी कर्मचारी का दर्ज़ा, पेंशन, जीवन बीमा, प्रोन्नति और न्यूनतम 21 हजार रुपये मासिक मानदेय की गारंटी मिलनी चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि राज्य सरकार ने वर्ष 2023 में आशा कर्मियों को 2500 रुपये मासिक मानदेय देने का लिखित समझौता किया था। लेकिन आज तक उसे लागू नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ मेहनताना या दर्जे की लड़ाई नहीं बल्कि सम्मान और हक की लड़ाई है। बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता संघ गोपगुट संबद्ध ऐक्टू के जिलाध्यक्ष मंजू देवी बिहार राज्य आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन की सुनीता कुमारी और बिहार राज्य विद्यालय रसोइया संघ ऐक्टू की जिलासचिव किरण देवी ने संयुक्त रूप से मांगों पर कहा कि केंद्र सरकार आशा-रसोइया व आंगनबाड़ी सहित सभी स्कीम वर्कर्स को सम्मानजनक जीवन जीने लायक मासिक 21 हजार मानदेय लागू करने तथा सरकारीकर्मी का दर्ज़ा देने की घोषणा करे।

# कोचिंग से घर लौट रही छात्रा को ट्रैक्टर ने कुचला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रम।** बेलगाम गाड़ियों एवं नवसिखुआ चालकों पर प्रशासन का अंकुश नहीं रहने के कारण बिक्रम के व्यस्त मार्गों पर प्रतिदिन दुर्घटना हो रही है। रविवार को नवम वर्ग की छात्रा पायल कोचिंग से पढ़कर साइकिल से वह अपने गांव बैगवां लौट रही थी इसी क्रम में बिक्रम प्रखंड मुख्यालय के ठीक सामने एक तेज रफ्तार से गुजर रहे ट्रैक्टर ने उसे धक्का मारा जिससे वह ट्रैक्टर के नीचे आ गई। आसपास के लोग समझ पाते चालक ट्रैक्टर को लेकर निकल गया। आसपास खड़े लोगों ने आनन फानन लड़की को बिक्रम पीएचसी लेकर पहुंचे। लड़की को पेट और कमर में चोट लगी है। जख्मी लड़की पायल बैगवां गांव के अमर पासवान की बेटी बताई जाती है। नगरवासियों ने बेलगाम चालको पर प्रशासन से अंकुश लगाने की मांग की है।

### प्रधान सहायक का शव पहुंचा बिक्रम

**बिक्रम।** थाना क्षेत्र के गोविन्दपुर गांव निवासी अभिनंदन प्रकाश (36 वर्ष) का शव जैसे ही पैतृक गांव पहुंचा तो घर में कोहराम मच गया। अभिनंदन प्रकाश का बाढ़ थाना क्षेत्र के सलालपुर गांव के समीप फोन लेन पर हाईबा व कार की टक्कर में मौत हो गयी थी। घटना रविवार की अहले सुबह की है। वे बेगूसराय डीडीसी कार्यालय में प्रधान सहायक के पद पर कार्यरत थे। अभिनंदन प्रकाश की पंद्रह वर्ष पहले शादी हुई थी। उनका एक पुत्र 9 वर्षीय संस्कार प्रकाश व एक पुत्री संस्कृति प्रकाश अष्टम वर्ग की छात्रा है।

# स्वास्थ्यकर्मियों ने निकाला कैंडल मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** सीतामढ़ी सदर अस्पताल में पदस्थापित जेएनएम आशीष शर्मा अचानक मौत को लेकर रविवार शाम बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के बैनर तले स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सदर अस्पताल से कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च का नेतृत्व बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिला मंत्री राजीव रंजन कर रहे थे। कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में सदर अस्पताल के नर्स और स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया। सदर अस्पताल से निकला कैंडल मार्च शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए अंबेडकर स्थल पहुंचा। जहां स्वास्थ्य कर्मियों ने एक सभा का आयोजन किया। बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के पूर्व राज्य अध्यक्ष लक्ष्मीकांत झा ने कहा कि सीतामढ़ी की घटना दुखद है। कार्य बोझ के कारण लगातार बिहार में स्वास्थ्य कर्मी बीमार पड़ रहे हैं । उनकी मौतें हो रही है सरकार मृतक स्वास्थ्य कर्मी को उचित मुआवजा दे। अनुकंपा के आधार पर उनके परिजनों को नौकरी दें। अगर सरकार इस कार्य में कोताही बरतती है तो आने वाले दिनों में आंदोलन किया जाएगा। जिला मंत्री राजीव रंजन ने कहा कि कार्य बोझ के कारण पूरे बिहार के स्वास्थ्यकर्मी परेशान हैं। चार-चार व्यक्तियों का काम एक स्वास्थ्यकर्मी से कराया जाता है। उन्हें फील्ड वर्क के साथ ही ऑफिशियल कार्य भी कराया जाता है। जिससे उन्हें उचित आराम भी नहीं मिल पाता। उनकी परेशानी बढ़ी हुई है। जिस कारण आए दिन अकारण स्वास्थ्य कर्मियों की मौत की सूचनाओं दुख पहुंचाती है।

# मां कोई शब्द नहीं बल्कि ईश्वर का है रूप : कमांडेंट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**बेगूसराय।** माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल उलाव के प्रांगण में 'मदर्स डे' के उपलक्ष्य पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि आईपीएस डॉ नवजोत सिमी ने दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर कक्षा प्ले ग्रुप से चतुर्थ के नन्हे बच्चों ने मां को समर्पित संगीत ऐसा क्यों मां, थैंक यू मॉम, आई लव माय मम्मी, आज मेरी मां, जन्म जन्म, यादों की बारात आदि भावपूर्ण संगीत से दर्शक दीर्घा में बैठी माताओं को मंत्र-मुग्ध किया। वहीं आज की नव पीढ़ी में मां के प्रति कर्तव्यों को अंतःकरण में बीजारोपण के लिए एक लघु नाटक मां-घर की दुनिया प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर डॉक्टर नवजोत सिमी ने उपस्थित माताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मां एक शब्द नहीं बल्कि ईश्वर का रूप है। जो विपरीत परिस्थितियों में भी हर पीड़ा को सहकर नौ माह तक अपने बच्चे को गर्भ में रखती है। बस उसकी किलकारी सुनने के लिए जो पालने में ही गूंगे जुबान को भाषा-बोली का बोध कराती है। जहां मां शब्द में सारी दुनिया समा जाती है। वही मां के लिए संतान ही उसकी दुनिया होती है। विद्यालय की प्राचार्या डॉ शीतल देवा ने कहा कि मां जो खुद मृत्यु की गोद में जाकर एक जीवन को जन्म देती है और जीवन वही दे सकता है। जो परमात्मा है। मां की महिमा केवल विद्यालय के निदेशक डॉ मनीष देवा ने कहा कि मां की महिमा का गुणगान जितना किया जाए उतना ही कम है। वह मां ही है जो बच्चों के लिए अपना सुख-श्रृंगार भी त्यागने को तैयार रहती है। वह जीवन दायिनी बन के सबको अस्तित्व में लाती है। तभी तो वह मां कहलाती है। डॉ देवा ने कार्यक्रम की सफलता के लिए आए हुए सभी माताओं मुख्य अतिथि एवं माउंट लिट्रा व किड्जी परिवार को धन्यवाद दिया।

# ई रिक्शा एवं टेंपो स्टैंड की निविदा अवैध : मुख्य पार्षद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी।** बीहट नगर परिषद द्वारा ई रिक्शा एवं टेंपो स्टेंड की निविदा को नगर परिषद सशक्त कमिटी ने अवैध करार दिया है। शनिवार को मुख्य पार्षद नगर परिषद बीहट बबीता देवी ने अपने शशक्त कमिटी के सदस्य अशोक सिंह, नेहा पटेल, बबीता कुमारी के साथ एक बैठक की। साथ ही नगर परिषद बीहट क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर दो स्थित वार्ड पार्षद प्रमिला देवी के आवास पर प्रेस वार्ता आयोजित की। जिसमे नगर परिषद बीहट में बीते दिनों ई रिक्शा एवं टेंपो स्टैंड की निविदा को लेकर हुए विवाद पर कहा कि यह निविदा प्रकिया के तहत नहीं किया गया है तथा इसके आर में अवैध वसूली का कार्य शुरू कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि सामान्य बोर्ड और सशक्त कमिटी के बिना अनुमति प्राप्त किए विधि विरुद्ध जाकर बीते 13 मई को कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण स्वरूप ने निविदा किया है। जिसमें उपमुख्य पार्षद ऋषिकेश कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि कार्यपालक पदाधिकारी बिना सशक्त कमिटी और मुख्य पार्षद को निविदा से संबंधित जानकारी दिए निविदा की प्रक्रिया आरम्भ कर दिया। इसके साथ ही निविदा की विज्ञापन भी प्रकाशन समाचार पत्रों में प्रकाशित कारवाई गई थी। जिसके बाद 4 मई को निविदा की तिथि निर्धारित की गई थी। जिस निर्धारित तिथि पर निविदा की बोली नहीं हो पाई। कार्यपालक पदाधिकारी ने पुनः अपने स्तर से 8 मई को रखा। जिसे भी रद्द कर दिया गया था। फिर निविदा की बोली का तिथि 13 मई को निर्धारित की गई थी। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि बीते माह 11 अप्रैल को हुए सशक्त कमिटी की बैठक में उपमुख्य पार्षद ऋषिकेश कुमार द्वारा प्रस्ताव में अन्य निकायों की भांति नगर परिषद बीहट में भी ई रिक्शा एवं टेंपो स्टेंड, सार्वजनिक शौचालयों, विज्ञापन स्थल पर विज्ञापन लगाने की अनुमति, बिना अनुमति विज्ञापन लगाए जाने पर दण्ड वसूली, ई रिक्शा परमिट शुल्क इत्यादि हेतु सैरात किया जाना आवश्यक है यह प्रस्ताव लाया गया। जिसे सर्वसम्मति से सदस्यों द्वारा उक्त प्रस्ताव का विरोध किया गया था। परंतु एजेंडा में कार्यपालक एवं कार्यालय द्वारा प्रस्ताव संख्या -10 में इसे सर्वसम्मति से विरोध के स्थान पर पारित उलल्खित कर दिया गया है। नगर परिषद बीहट में कार्यपालक पदाधिकारी एवं सदर एसडीओ राजीव कुमार द्वारा आपसी मिलीभगत से अफसर शाही चलाया जा रहा है। जिसका हम अपने शशक्त कमिटी की ओर से निंदा करते हैं। ई रिक्शा एवं टेंपो, छोटे बड़े वाहनों के लिए पार्किंग और स्टैंड का निर्माण कराया जाएगा फिर निविदा की प्रक्रिया विधि सम्मत आरम्भ की जाएगी। ऐसे तत्काल प्रभाव से निविदा प्रक्रिया को शिथिल कर दिया गया है।

# चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की संयुक्त बैठक सम्पन्न

## 'महासभा चली गांव की ओर' कार्यक्रम को चलाने का लिया गया निर्णय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** रविवार को अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की उत्तर एवं दक्षिण बिहार प्रदेश समिति की संयुक्त बैठक प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार एवं कृष्ण कुमार चंद्रवंशी की संयुक्त अध्यक्षता में तीन सर्कुलर रोड, पटना स्थित राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार के सरकारी आवास पर संपन्न हुई। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन देव चंद्रवंशी, राष्ट्रीय महामंत्री रण विजय रोशन, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शिवपूजन, राष्ट्रीय मंत्री हरेराम एवं उत्तर बिहार के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुनील चंद्रवंशी ने महासभा एवं संगठन के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। बैठक में संयुक्त प्रस्ताव को प्रदेश महामंत्री देवेंद्र चंद्रवंशी ने पढ़कर सुनाया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस प्रस्ताव में संगठन के विस्तार, नियमित बैठकें, तथा प्रमंडल एवं विधानसभा स्तर पर सम्मेलन आयोजित करने की योजना को मंजूरी दी गई। साथ ही, ''महासभा चली गांव की ओर'' कार्यक्रम को सघन और सक्रिय रूप से चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में औरंगाबाद जिला के नवीनगर प्रखंड अंतर्गत धन्वा गांव की एक चंद्रवंशी बेटी पर हुए अत्याचार की तीव्र निंदा की गई तथा प्रशासन से दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। वहीं, ऑपरेशन सिंदूर में शहीद अमर जवान मनीष कुमार चंद्रवंशी के बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में समाज के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक करने की आवश्यकता जताई गई। महासभा ने विभिन्न राजनीतिक दलों से चंद्रवंशी सहित अतिपिछड़ा वर्ग की राजनीति में उचित भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग भी की। सभी उपस्थित प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार के नेतृत्व में एनडीए को समर्थन देने की अपनी प्रतिबद्धता जताई। बैठक के दौरान गया, आरा, हाजीपुर और खगड़िया में आगामी प्रमंडल स्तरीय सम्मेलन की घोषणा की गई। बैठक का समापन प्रदेश मंत्री श्याम देव चंद्रवंशी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। बैठक में रंजीत राज चंद्रवंशी (जगदीशपुर), गोपाल चंद्रवंशी, विकास चंद्रवंशी, अशोक चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी, धीरज चंद्रवंशी, बंटी चंद्रवंशी, पिंटू चंद्रवंशी सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने समाजहित में अपने सुझाव रखे। बैठक में बिहार के 44 सांगठनिक जिलों में से 33 जिलों के प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे संगठन की एकता एवं समर्पण का परिचय मिला।

# तिरंगा यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**बाढ़।** भारत के द्वारा पाकिस्तान को दिए गए जवाब के बाद देश के सेवा का हौसला बुलंद है हालांकि इस कार्रवाई में कुछ भारतीय सेना के जवानों ने भी अपनी शहादत दी है। ऑपरेशन सिंदूर चलकर देश ने पाकिस्तान को अपनी ताकत दिखा दी है साथ ही प्रधानमंत्री के द्वारा हर आतंकी कार्रवाई पर बिना बताए बदला लेने की घोषणा से सेना के हौसले बुलंद हैं। देश के वीर जवानों ने अपने पराक्रम को आतंक के खात्मे का पर्याय बनाया है। इस ऑपरेशन की ऐतिहासिक सफलता पर जवानों के सम्मान में बाढ़ के डाकबंगला से आयोजित भारत शौर्य तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में हर दल के स्थानीय राजनीतिज्ञ और समाज से भी के साथ-साथ आम जनता ने शामिल होकर इस तिरंगा यात्रा में जमकर नारेबाजी करते हुए भारत माता की जैसे आसपास का इलाका गूंज उठा वहीं पाकिस्तान मुर्दाबाद के भी नारे लगे।

# 1994 में नीतीश कुमार ने की थी जातीय जनगणना की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**समस्तीपुर।** जिला जदयू कार्यालय में रविवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित हुई। इस दौरान जिला अध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि राहुल गांधी झूठ बोल रहे हैं। दरअसल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी गांधी ने दरभंगा में जातीय जनगणना को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस के कारण मोदी सरकार जनगणना करा रही है। इस पर जदयू का कहना है कि साल 1994 में नीतीश कुमार ने लोकसभा में जातीय जनगणना करने की मांग रखी थी। उस समय देश में कांग्रेस की सरकार थी। लेकिन जातीय जनगणना नहीं करायी गयी। अब बिहार में नीतीश कुमार ने 2022 में अपने बल पर जातीय जनगणना कराई है। उसकी रिपोर्ट भी प्रकाशित की गई। जिला अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी बिहार की तर्ज पर पूरे देश में जातीय जनगणना करने की बात रखी थी । जिस पर प्रधानमंत्री ने सहमति व्यक्त करते हुए पूरे देश में जातीय जनगणना कराने की घोषणा की, तो अब इसकी क्रेडिट लेने की होड़ लगी हुई है। राहुल गांधी देश में तेलंगाना जैसे जातीय जनगणना की बात करते हैं जिसकी रिपोर्ट भी आज तक प्रकाशित नहीं हुई। जबकि, बिहार में नीतीश कुमार की ओर से कराई गई जातीय जनगणना की रिपोर्ट भी प्रकाशित की गई। राहुल गांधी को दरभंगा में कार्यक्रम से रोके जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष है। उनकी सुरक्षा को लेकर कई तरह के प्रोटोकॉल हैं। अचानक उनके कार्यक्रम के कारण सुरक्षा के ख्याल से उन्हें इस जगह पर जाने की अनुमति नहीं दी गई थी। हालांकि वह वहां पहुंच भी गए। कांग्रेस के कार्यकर्ता अनर्गल बयान दे रहे है। बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास की गंगा बह रही है। इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव भी नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए लड़ेगी।

# भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक दल, बूथ सशक्तीकरण पर जोर : राधामोहन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मोतिहारी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जिला कार्यालय चंद्रहिया में रविवार को नवगठित जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पवन राज ने की, जबकि संचालन महामंत्री योगेंद्र प्रसाद ने किया। बैठक में बूथ सशक्तिकरण अभियान पर विस्तृत चर्चा हुई, जिसका विषय प्रवेश पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना ने किया। सांसद व पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह ने कहा कि भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राजनीतिक दल है, और यह प्रतिष्ठा समर्पित कार्यकर्ताओं की बदौलत हासिल हुई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा संगठन और कार्यकर्ता आधारित दल है, जिसमें बूथ सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। बूथ जीता-चुनाव जीता के नारे को दोहराते हुए उन्होंने बूथ की मजबूती को चुनावी जीत और सामाजिक कार्यक्रमों की सफलता का आधार बताया।

श्री सिंह ने बूथ सशक्तीकरण अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जिला स्तरीय टोली के गठन पर बल दिया। इस टोली में एक संयोजक और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए एक प्रभारी होंगे, जो अभियान के संचालन और समन्वय की जिम्मेदारी निभाएंगे। उन्होंने केंद्र और बिहार सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि मोतिहारी को विकास कार्यों के लिए एक हजार करोड़ रुपये की योजनाएं मिलीं, जो किसी स्मार्ट सिटी को भी नसीब नहीं हुई। तिरंगा यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मोतिहारी में 1500 मीटर लंबे तिरंगे के साथ 25 हजार लोगों की भागीदारी वाली भव्य यात्रा निकाली गई, जो देश में अनूठी थी।

बैठक में बिहार के नगर विकास एवं आवास मंत्री जीवेश मिश्र ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर धन्यवाद प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि जब भारत की बेटियों के सुहाग को धर्म के नाम पर उजाड़ा जाता है, तब ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से जवाब दिया जाता है। उन्होंने नए भारत की ताकत का जिक्र करते हुए कहा कि आज का भारत कलम और तलवार, मिशन और मिसाइल दोनों रखता है। मेड इन इंडिया हथियारों ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद किया है। उन्होंने दावा किया कि भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और यदि भविष्य में कोई आतंकी गतिविधि हुई तो पीओके भारत का होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर स्थगित हुआ है, बंद नहीं।

बिहार के गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान ने सांसद राधामोहन सिंह के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि मोतिहारी संगठन ने उनकी दूरदृष्टि से राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा अर्जित की है।

बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद शंकर सिंह, चंद्रकिशोर मिश्र, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, जिला प्रभारी वरुण सिंह, मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, पिपरा विधायक श्यामबाबू यादव, गोविंदगंज विधायक सुनील मणि तिवारी, उप महापौर डॉ. लालबाबू प्रसाद, पूर्व विधायक सचिंद्र प्रसाद सिंह, प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक मोर्चा मोहिब्बुल हक, जिला उपाध्यक्ष विनोद कुशवाहा, सुधांशु रंजन, राकेश गुप्ता, सनीता देवी, शिवकुमार मांझी, इलाइची देवी सहित कार्यसमिति के स्थायी व आमंत्रित सदस्य उपस्थित थे।

## आम आदमी पार्टी की बैठक 20 मई को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** 16 मई 2025 को बिहार प्रदेश कार्यकारणी की बैठक में निर्णय लिया गया कि पार्टी बिहार विधान सभा 2025 का चुनाव लड़ेगी। बिहार के सभी विधान सभा सीटों पर अपना उम्मीदवार उतारेगी। इस बैठक में बिहार प्रदेश प्रभारी एवं चुनाव प्रभारी दिल्ली के पूर्व विधायक अजेश यादव सह प्रभारी अभिनव राव, प्रदेश अध्यक्ष राकेश यादव तथा प्रदेश के सभी कार्यकारणी सदस्यों की उपस्थिति में निर्णय लिया गया। शीर्ष नेतृत्व का यह निर्णय स्वागत योग्य है। इससे पार्टी का प्रभाव प्रदेश में बढ़ेगी और जनता में विश्वाश बढ़ेगा बिहार के नेताओं को बिहार के जनता का सेवा करने का अवसर मिलेगा जो बिहार के विकाश के मार्ग को प्रशस्त करेगा।

## डीजीपी के आदेश पर शराब और भू-माफियाओं पर कार्रवाई तेज, डीआईजी ने जारी की सूची, मचा हड़कंप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** बिहार के डीजीपी विनय कुमार के सख्त आदेश का असर अब पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण और बगहा में दिखने लगा है। शराब और भू-माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की तैयारी में पुलिस जुट गई है। चंपारण प्रक्षेत्र के डीआईजी हरि किशोर राय ने मोतिहारी, बेतिया और बगहा के भू-माफियाओं की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची के आधार पर संबंधित जिलों के एसपी को दो दिनों के भीतर इन माफियाओं के आपराधिक इतिहास की पूरी कुंडली सौंपने का निर्देश दिया गया है।

के इस कदम से भू-माफियाओं में हड़कंप मच गया है। सूत्रों के अनुसार, एसपी से प्राप्त आपराधिक रिकॉर्ड के आधार पर इन माफियाओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के साथ-साथ उनकी संपत्तियों की जांच आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) द्वारा की जाएगी। डीजीपी के आदेश के बाद यह कार्रवाई भू-माफियाओं से पीड़ित लोगों के लिए राहत की उम्मीद जगा रही है।

**सूची में शामिल प्रमुख नाम**

डीआईजी द्वारा जारी सूची में मोतिहारी जिले के कई कुख्यात भू-माफियाओं के नाम शामिल हैं। इनमें रूपेश कुमार (पिता शत्रुघ्न चौधरी, आजाद चौक, ढाका), भवानी सिंह (पिता अंबिका सिंह, झौआराम, ढाका), रंजीत राय (पिता वीरेंद्र राय, शंकर सरैया, तुरकौलिया), किशु साह (पिता महावीर साह, हेनरी बाजार, नगर थाना), भोला चौधरी (पिता जानकी चौधरी, बलुआ चिकपट्टी, नगर थाना), अच्छे लाल साह (पिता सत्यनारायण साह, नवकठवा, रामगढ़वा), रंजीत गुप्ता (पिता गणेश साह, जीवधारा, पीपराकोठी), चंदन कुमार गुप्ता (पिता गणेश साह, जीवधारा, पीपराकोठी), मुखी राय (पिता रामचंद्र राय, टिकुलिया, मुफस्सिल), संजय यादव (पिता अंबिका यादव, महारानी बैरिया, कोटवा), मुकेश कुमार (पिता बड़ेलाल साह, मौजे, रक्सौल), सुनील कुमार (पिता शंभू साह, फलमंडी, रक्सौल), गुड्डू राय (पिता दीनानाथ राय, सपगढ़ा, चिरैया), अवधेश साह (पिता रामविलास साह, कसवा कदमवा, घोड़ासहन), अरुण सहनी (पिता जवाहर सहनी, बैरिया, केसरिया), विक्की तिवारी (पिता गौरी शंकर तिवारी, दीपही, चिरैया), अशोक साह (पिता शिवलखन साह, बरमदिया, चकिया), राहुल सिंह (पिता बच्चा प्रसाद ठाकुर, खजुरिया, गोविंदगंज), सचिन कुमार (पिता चंद्रदेव, बंसतपुर, कुंडवाचैनपुर), सुबोध राम (पिता सुरेश राम, पताही), संजीव यादव (पिता हिरामन यादव, चिउटही गगलवा टोला, तुरकौलिया), भोला सहनी (पिता भगवान सहनी, झखिया नयका टोला, बंजरिया), वीरेंद्र मुखिया (पिता शंकर मुखिया, रामपुर बड़का टोला, दरपा), अभिमन्यु सिंह (पिता नंदकिशोर सिंह, बलुआ सोहरहिया, पहाड़पुर), अभिषेक सोनार (पिता भोला साह, श्यामपुर, आदापुर), अमन कुमार (पिता विनय सिंह, बैरिया, कुंडवाचैनपुर), मड़वनबारी, पीपराकोठी), अरविंद कुमार यादव (पिता नगीना यादव, शंकर सरैया, तुरकौलिया), और पुरुषोत्तम कुमार (पिता नवल किशोर यादव, वाजिदपुर मनिया, मधुबन) शामिल हैं।

**आगे की कार्रवाई**

पुलिस अब इन माफियाओं के आपराधिक रिकॉर्ड, संपत्ति और अवैध गतिविधियों की गहन जांच में जुट गई है। डीआईजी ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई भू-माफियाओं के खिलाफ सख्ती से लागू की जाएगी, ताकि आम लोगों को उनकी दादागिरी से निजात मिल सके। आने वाले दिनों में इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप बड़े खुलासे होने की संभावना है।

## जहानाबाद: किरण क्रिकेट अकादमी रॉयल्स ने फाइनल में किंग्स को हराकर जीता खिताब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** किरण क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में रविवार को किरण क्रिकेट अकादमी किंग्स और किरण क्रिकेट अकादमी रॉयल्स के बीच रोमांचक फाइनल मैच खेला गया। रॉयल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए किंग्स को 4 विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। मैच में किंग्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 35 ओवर में 10 विकेट खोकर 164 रन बनाए। हर्ष राज ने सर्वाधिक 62 रन और ऋषिकेश ने 35 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। रॉयल्स की ओर से गेंदबाजी में निलेश और ऋषिकेश राज ने दो-दो विकेट लिए, जबकि हर्ष और बसंत को एक-एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल्स ने 31.5 ओवर में 6 विकेट खोकर 166 रन बनाकर जीत हासिल की। उमंग कुमार ने 80 रन की शानदार पारी खेली, जबकि मोहम्मद अतीकुल्लाह ने 24 रन और आर्य निधि ने 14 रन का योगदान दिया। उमंग कुमार को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार दिया गया।

विजेता रॉयल्स टीम को मगध फुटबॉल अकादमी के राजीव कुमार रंजन ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा रही है। उन्होंने खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि खेल से मनोबल बढ़ता है और जीवन को नई दिशा मिलती है। उन्होंने शिक्षकों की सलाह का हवाला देते हुए बच्चों को खेलों से जोड़ने पर जोर दिया।

किरण क्रिकेट अकादमी के कोच संतोष कुमार ने कहा कि खेल से बच्चों में टीम भावना विकसित होती है, जो उनकी जीवनशैली को बेहतर बनाती है। उन्होंने खिलाड़ियों से कड़ी मेहनत जारी रखने की अपील की और कहा कि कुछ खिलाड़ी पहले ही स्टेट लेवल पर खेल रहे हैं, और भविष्य में वे राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकते हैं।

## साहित्यकार प्रसाद रत्नेश्वर की पुस्तकों का नई दिल्ली में भव्य लोकार्पण, 'साहित्य श्री सम्मान' से सम्मानित

**नई दिल्ली/नबिटा संवाददाता।** प्रसिद्ध साहित्यकार प्रसाद रत्नेश्वर की साहित्यिक उपलब्धियों का उत्सव नई दिल्ली के कनस्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में धूमधाम से मनाया गया। बिहार महोत्सव समिति द्वारा आयोजित 'प्रसाद रत्नेश्वर पुस्तक लोकार्पण समारोह' में उनकी चार नई पुस्तकों का विमोचन किया गया। इस अवसर पर उन्हें प्रतिष्ठित 'साहित्य श्री सम्मान' से भी नवाजा गया। समारोह में प्रसाद रत्नेश्वर की पुस्तकों–'बेचिरागी' (हिन्दी कविता-संग्रह), 'लड़कियों के कपड़े' (हिन्दी ग़ज़ल-संग्रह), 'निलही कोठी' (पाँच मंचीय नाटकों का संग्रह) और 'थारुः विश्व की एक नई सभ्यता' (शोध-पत्र-संग्रह)–का लोकार्पण बिहार विधान परिषद के सदस्य संजय मयूख, प्रसिद्ध कवयित्री डॉ. निवेदिता झा, वरिष्ठ नाट्यकर्मी महेंद्र प्रसाद सिंह, दिल्ली एमसीडी के सहायक आयुक्त नीरज कुमार और फिल्मकार तनवीर हसन ने संयुक्त रूप से किया। संजय मयूख ने अपने संबोधन में कहा, ˝प्रसाद रत्नेश्वर का साहित्य विश्व साहित्य की धरोहर है। उनकी पुस्तकें भारतीय संस्कृति और चिंतन-धारा का सशक्त प्रतिनिधित्व करती हैं।˝ डॉ. निवेदिता झा ने इस आयोजन को दिल्ली के साहित्यिक मंच पर एक ऐतिहासिक और अविस्मरणीय क्षण बताया।

## बी.डी. वर्ल्ड स्कूल शिक्षा के साथ सांस्कृतिक विकास का प्रमुख केंद्र : राधामोहन सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** मोतिहारी के चंद्रहिया नगर स्थित बी.डी. वर्ल्ड पब्लिक स्कूल न केवल शिक्षा, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक विकास का भी एक अनूठा केंद्र है। यह बात स्थानीय सांसद राधामोहन सिंह ने रविवार को शहर के राजाबाजार स्थित गांधी प्रेक्षागृह में आयोजित स्कूल के 'तरंग-7' वार्षिकोत्सव के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इस स्कूल के छात्र बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं, जो यहां से निकलकर सरकारी नौकरियों में उच्च पदों पर आसीन हो रहे हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि बिहार के नगर विकास एवं आवास मंत्री जीवेश मिश्र ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, बौद्धिक, सांस्कृतिक और शारीरिक विकास भी आवश्यक है। उन्होंने बी.डी. वर्ल्ड स्कूल को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रमुख केंद्र बताते हुए इसकी सराहना की वहीं, एसएसबी कमांडेंट प्रफुल्ल कुमार ने बच्चों को भारतीय सेना के पराक्रम की गाथाएं सुनाने के साथ-साथ शिक्षा और करियर से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए। वार्षिकोत्सव में छात्रों ने गणेश वंदना, महाकुंभ, देशभक्ति, ज्योतिर्लिंग, महाभारत और मोबाइल की लत जैसे सामाजिक मुद्दों पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्होंने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन गीता श्रीवास्तव, देवकुमार, सूरज कुमार, रवि कुमार, अदिया और अविक कुमार ने किया। समारोह की अध्यक्षता स्कूल की चेयरमैन धनपती देवी, निदेशक विकास कुमार जायसवाल, विवेक कुमार, निदेशिका जगदंबा जायसवाल और आरती रानी ने की। इस अवसर पर नगर विधायक प्रमोद कुमार, उपमहापौर लालबाबू प्रसाद, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र शाही, प्रिंसिपल मलोग, दिव्य प्रकाश तिवारी, उज्ज्वल, गीता श्रीवास्तव, सोना, आंचल कुमारी, देवेंद्र दूबे सहित हजारों छात्र, शिक्षक और अभिभावक उपस्थित थे।

## ऑटो चालक ने पेश की इमानदारी की मिसाल, ऑटो में छूटे मोबाइल को पुलिस को सौंपा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** नेकी और इमानदारी के साथ मानवता आज भी जीवित है, इस बात को साबित किया है जहानाबाद के एक ऑटो रिक्शा चालक ने। बताया जाता है कि अरवल से जहानाबाद आ रहे एक यात्री का महंगा मोबाइल ऑटो में छूट गया, जिसे ऑटो चालक और एक अन्य पैसेंजर ने पुलिस के हवाले कर मोबाइल उसके वास्तविक मालिक को वापस दिलवा दिया। इस घटना की चर्चा पूरे इलाके में हो रही है।घटना के अनुसार, अरवल निवासी पप्पू मिस्त्री प्रत्येक दिन की तरह जहानाबाद जाने के लिए ऑटो में सवार हुए। जहानाबाद के राजाबाजार में उतरते वक्त वे करीब 14,000 रुपये की कीमत वाला नया मोबाइल ऑटो में ही भूल गए। इसके कुछ देर बाद फिदा हुसैन रोड के पास ऑटो में एक अन्य यात्री फैजल अहमद बैठे। उन्होंने सीट पर पड़ा मोबाइल देखा और तत्काल इसकी जानकारी ऑटो चालक टिंकू कुमार को दी। टिंकू ने पहले मोबाइल को स्टैंड पर जमा करने की बात कही, लेकिन फैजल ने आग्रह किया कि मोबाइल सीधे पुलिस को सौंपा जाए। दोनों की यह नेक पहल शहर के लिए मिसाल बन गई। दोनों जहानाबाद शहर स्थित पुलिस चौकी नंबर एक पहुंचे, जहां उन्होंने टाइगर मोबाइल दस्ते के जवानों को मोबाइल सौंप दिया। कुछ ही देर में मोबाइल के मालिक पप्पू मिस्त्री भी मोबाइल की तलाश में वहां पहुंचे और पहचान साबित करने के बाद पुलिस ने मोबाइल उन्हें लौटा दिया। मोबाइल मिलते ही पप्पू मिस्त्री के चेहरे पर राहत की चमक लौट आई। वहीं, फैजल और टिंकू भी संतुष्ट और खुश नजर आए कि उन्होंने एक नेक काम किया। ऑटो चालक टिंकू कुमार ने बताया कि हमने सोचा कि किसी का सामान लौटाना इंसानियत है, और ये हमारा फर्ज़ भी है। वहीं इस दौरान ऑटो पर सवार सवार यात्री फैजल ने कहा कि मैं चाहता था कि मोबाइल सही जगह पहुंचे, इसलिए पुलिस को सौंपा। मोबाईल वापस मिलने पर पप्पू मिस्त्री ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं और शुक्रगुजार हूं उन दोनों व्यक्तियों का जिनके इमानदारी और नेक दिली के कारण मुझे अपना खोया मोबाइल तुरंत वापस मिल सका।

## गायत्री परिवार ने किया साप्ताहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम, भव्य जागरण रथ का स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** जिले के काको प्रखंड अंतर्गत बड़की मुरारी गांव में गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के द्वारा लगातार 207 वां सप्ताह वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर गायत्री परिवार के दर्जनों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने कहा कि आज पूरा विश्व दूषित होते वायु के प्रकोप को ग्लोबल वार्मिंग के रूप में झेल रहा है। पर्यावरण को बचाने के लिए वृक्षारोपण जैसे पर्यावरण सुरक्षा के मुहिम को तेज करने की जरूरत है। वृक्षारोपण कार्यक्रम के जिला प्रभारी रंगेश कुमार ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकारों के द्वारा लगातार वृक्षारोपण का कार्य विभिन्न माध्यमों से कराया जा रहा है। लेकिन जरूरत है वृक्षारोपण को जन अभियान बनाने की। उन्होंने बताया कि गायत्री परिवार द्वारा निस्वार्थ भाव से यह सेवा पूरे देश में जगह जगह एवं जिले में लगातार पिछले 207 लगातार सप्ताहों से किया जा रहा है ताकि हमें और हमारे आने वाले पीढ़ियों को शुद्ध वायु मिल सके। लोगों ने यह माना कि वृक्षारोपण के माध्यम से ही पृथ्वी को प्राचीन काल की भांति हरा भरा और पृथ्वी को स्वर्ग बनाया जा सकता है। रविवार को आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान पूरे देश में शांतिकुंज हरिद्वार से अखंड ज्योति के प्रारंभ शताब्दी वर्ष और माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी समारोह को लेकर भ्रमण पर निकले माता गायत्री के दिव्य जागरण रथ का लोगों ने स्वागत अभिनन्दन और वंदन किया। जबकि आगामी कार्यक्रम को लेकर साथ में प्रस्थान भी किया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान गायत्री परिवार के रंगेश कुमार, बचन देव कुमार, हरिजी, शंकर कुमार, श्याम नारायण कुमार, प्रवीण शर्मा, भारती जी, शिशुपाल सिंह,संतोष शर्मा, अवधेश प्रसाद केशरी, रामनारायण सहित कई लोग भी मौजूद रहे।

## अनियंत्रित होकर गिरा बाइक चालक, सदर अस्पताल रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद )।** पटना गया राष्ट्रीय मार्ग के मीरा विगहा गांव के समीप अनियंत्रित होकर एक बाइक चालक गिर गया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। घायल बाइक चालक बेलागंज थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव निवासी रंजन कुमार बताया जाता है। जो जहानाबाद से बाजार कर अपने ससुराल सोलहंडा जा रहा था। जानकारी के अनुसार बाइक चालक रंजन जहानाबाद से मखदुमपुर की ओर जा रहा था तभी मीरा विगहा गांव के समीप अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। जिससे वह सड़क पर गिर गया। घटना के सूचना पर पहुंची 112 नंबर पुलिस सहायता वाहन ने उसे रेफरल अस्पताल मखदुमपुर पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल जहानाबाद रेफर कर दिया है।

## 999 लीटर विदेशी शराब से लदा 18 चक्का ट्रक जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेहसी (पूर्वी चंपारण)।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत मोतिहारी पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर मेहसी थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 999 लीटर विदेशी शराब से लदा एक 18 चक्का ट्रक जब्त किया है। इस दौरान ट्रक के चालक और खलासी को भी मौके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत मेहसी थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भारी मात्रा में शराब की एक खेप पंजाब से बिहार भेजी जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने एनएच-27 पर नाकेबंदी कर संदिग्ध वाहनों की तलाशी शुरू की। इसी क्रम में एक 18 चक्का ट्रक को रोका गया। जब ट्रक की तलाशी ली गई तो उसमें 999 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रक को जब्त कर लिया और चालक हरप्रीत सिंह (निवासी ऽ मोगा, पंजाब) तथा खलासी गुरप्रीत सिंह (निवासी फतेहगढ़, पंजाब) को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि यह शराब पंजाब से बिहार लाई जा रही थी, जिसे राज्य के विभिन्न हिस्सों में खपाने की योजना थी।

इस बड़ी कार्रवाई पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने कहा कि यह सफलता अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ पुलिस की सक्रियता और सख्ती का परिणाम है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है, ताकि पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़ किया जा सके। एसपी ने स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी हाल में अवैध शराब कारोबार को पनपने नहीं दिया जाएगा।

## आनंद कुमार मिस्टर फेयरवेल और सुप्रिया पाठक बने मिस फेयरवेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के आचार्य बृहस्पति सभागार में समाजकार्य विभाग के 2023-25 बैच के छात्रों के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह अवसर छात्रों के जीवन के उस मोड़ पर आया जहां वे शिक्षा के एक अध्याय को समेटकर नए सफर की ओर बढ़ रहे हैं। कार्यक्रम का आयोजन समाज कार्य विभाग के द्वितीय सेमेस्टर के छात्र - छात्राओं द्वारा चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र - छात्राओं के लिए किया गया, जिसमें कला, संस्कृति और स्नेह की एक अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाज विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता सह समाज कार्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. सुनील महावर उपस्थित थे। अपने शांत, विनम्र और प्रेरणादायक व्यक्तित्व के लिए प्रसिद्ध प्रो. महावर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हर अंत एक नई शुरुआत है। आप सभी को अपने भविष्य में अपार सफलता और समृद्धि की शुभकामनाएं देता हूं। इस विश्वविद्यालय ने आपको केवल ज्ञान नहीं, जीवन के मूल्य भी दिए हैं द्य इन्हें साथ लेकर चलिए और विभाग को गौरान्वित कीजिए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को उनके व्यक्तित्व, व्यवहार और योगदान के आधार पर सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### एसडीओ ने परिजनों को सौंपा 12 लाख का चेक

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)।** नरकटिया पश्चिम टोला में बीते दिन हुई भीषण अग्निकांड की घटना में तीन मासूम बच्चियों की मौत के बाद प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लिया है। शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी शिवाक्षी दीक्षित ने पीड़ित परिजनों को आपदा राहत मद से 12 लाख रुपये का चेक अपने हाथों से सौंपा। जानकारी हो कि आग की चपेट में आकर पायल कुमारी, संतोषी कुमारी और मुस्कान कुमारी की जलकर मौत हो गई थी। घटना के बाद विधायक सह पूर्व मंत्री शमीम अहमद के हस्तक्षेप से प्रशासन सक्रिय हुआ। अंचलाधिकारी ऋषभ सिंह यादव एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद वशिक हुसैन ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर राहत राशि का वितरण किया। इसके तहत जिनके घर जलकर खाक हो गए थे, उन्हें 11-11 हजार रुपये की सहायता राशि भी प्रदान की गई। वहीं जले हुए मवेशियों की क्षतिपूर्ति हेतु भी राशि स्वीकृत किए जाने की संभावना है। विधायक शमीम अहमद ने भी व्यक्तिगत रूप से मदद करते हुए पीड़ितों को सांत्वना दी और आपदा मद से जल्द से जल्द राहत दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

### नेपाल से अफीम ला रहा तस्कर गिरफ्तार

नव बिहार टाइम्स ▪ संवाददाता

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** भारत-नेपाल सीमा के रास्ते मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाने में शनिवार को पुलिस को बड़ी सफलता मिली। हरैया थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एनएच-28 स्थित रक्सौल लाइट ओवरब्रिज के नीचे से एक तस्कर को गिरफ्तार किया, जिसके पास से करीब 5 किलो अफीम बरामद किया गया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान रंजन कुमार, पिता सोनालाल प्रसाद, निवासी बेला जितापुर वार्ड संख्या-16, थाना जितना, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में की गई है।

हरैया थाना अध्यक्ष किशन कुमार पासवान ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है तथा तस्कर से पूछताछ कर तस्करी से जुड़े फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक का पता लगाया जा रहा है।

### शराब कारोबारी सहित वारंटी गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)।** जितना थाना पुलिस ने रविवार को गश्त के दौरान पिपरा चौक के पास से एक वारंटी सहित पांच शराब पीने वालों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान झांझड़ा गांव निवासी चंद्रिका महतो, भवानीपुर निवासी बुधन मांझी व योगेन्द्र मांझी, पिपरा गांव निवासी राजकुमार पासवान व रूपेश पासवान तथा चिकनी गांव निवासी महेंद्र पासवान के रूप में हुई है। थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### गंडक नदी पर पुछरिया के पास सोल कटिंग कार्य लगभग पूर्ण

**संग्रामपुर (पूर्वी चंपारण)।** बाढ़ और कटाव से सुरक्षा के मद्देनज़र गंडक नदी के पुछरिया क्षेत्र में हो रहे सोल कटिंग कार्य अब लगभग पूर्ण हो चुका है। यह कार्य दो किलोमीटर की लंबाई और औसतन 50 मीटर चौड़ाई में कराया गया है, ताकि बाढ़ के समय नदी की धार गांव की ओर न मुड़े और कटाव से जनधन की हानि न हो। गौरतलब है कि बीते वर्ष इसी क्षेत्र में भारी कटाव से ग्रामीणों को गंभीर नुकसान उठाना पड़ा था। इस बार बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा समय रहते सुरक्षा उपाय किए गए हैं।

पुछरिया गांव के ग्रामीणों–अप्पू कुमार सिंह, गुड्डू सिंह और मुनिलाल यादव ने बताया कि अब उम्मीद है कि इस बार बाढ़ की विभीषिका से गांव सुरक्षित रहेगा।

### फरार आरोपित के घर कुर्की जब्ती

**चकिया (पूर्वी चम्पारण)।** पुलिस ने रविवार को लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी थाना क्षेत्र अंतर्गत बैशाहा गांव निवासी राजीव कुमार ठाकुर पिता प्रेमी ठाकुर उर्फ प्रेम चंद ठाकुर के घर की कुर्की जब्ती की। कुर्की जब्ती में घर का सभी सामान उठाकर थाना लाया। पुलिस ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की गई है। जिसमें गैस सिलेंडर, चूल्हा,चकला,बेलना आदि समान को जब्त किया गया है। कुर्की जब्ती में एसआई शिवनारायण चौधरी,अजीत कुमार गुप्ता व जिला की टीम समेत पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### उधार पैसा मांगने पर मारपीट कर किया घायल, दस नामजद

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** थाना क्षेत्र के ढ़ेकहा गांव में उधार दिए पैसा मांगने को लेकर मारपीट कर जख्मी कर दिया गया। इस बाबत उक्त गांव के देवनाथ यादव के आवेदन पर दस लोगों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया है। जिसमें उसने बताया है कि गांव का संजय यादव उसके बहनोई से दस हजार नकद उधार लिया था। लगभग तीन साल गुजर गये। उसके बहनोई ने जब संजय से पैसा मांगा तो उनके साथ गाली-गलौज करने लगा। जब देवनाथ ने संजय को पैसा मांगने पर गाली-गलौज करने से मना किया तो मारपीट कर घायल कर दिया गया।

### मंत्री ने नगर के विभिन्न स्थलों का लिया जायजा

**मोतिहारी।** बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग मंत्री जीवेश मिश्र ने अपने मोतिहारी आगमन पर नगर के विभिन्न स्थलों का जायजा लिया। जानपुल चौक स्थित पोखरा का निरीक्षण के बाद मंत्री श्री मिश्र ने कहा कि जनजीवन हरियाली योजना के तहत 23 करोड़ रुपये की लागत से जल्द ही उक्त पोखरा का सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य होगा। उन्होंने कहा कि उक्त पोखरा की तरह ही अन्य 21 पोखरा का सौंदर्यीकरण एवं विकास होगा। श्री मिश्र के साथ सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने शौर्य स्तंभ पर पुष्पार्पण किया और शौर्य स्तंभ के साथ पंडित राजकुमार शुक्ल पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया।

### डीआइजी की सूची में दर्ज भूमाफिया अशोक साह गिरफ्तार

**चकिया।** पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार ने कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र अंतर्गत बरमदिया गांव निवासी भूमाफिया अशोक साह को छापामारी कर रविवार को गिरफ्तार कर लिया। इसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट सहित कई मामले दर्ज है। ज्ञात हो कि पुलिस उप महानिरीक्षक चंपारण रेंज, बेतिया हरीकिशोर राय ने तीन जिले के भूमाफियाओं की सूची जारी की है। जिसमें क्रमांक 17 पर गिरफ्तार भूमाफिया अशोक साह पिता शिवमंगल साह का नाम है। छापामारी दल में थाना अध्यक्ष के अलावा अपर थाना अध्यक्ष गौरव कुमार एसआई राजकुमार राजू, पप्पू कुमार,मौसम कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# वज्रपात से महिला की मौत

## बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे छिपी थी मृतका लखमिनिया देवी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


गमगीन परिजन

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर के सलैया थाना क्षेत्र के महुलान मोड़ के समीप महुआ पेड़ पर वज्रपात होने से एक वृद्ध महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में उसे अस्पताल ले गए, जहां जांच के उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान महुलान टोले भुईयां बस्ती के स्व. मुखदेव राम की 60 वर्षीया पत्नी लखमिनिया देवी के रुप में की गई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल में भेज दिया है। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार मृतका किसी ईंट भट्ठे पर मजदूरी का काम करती थी। वह अपने घर जा रही थी, तभी बारिश होने लगी। भींगने से बचने के लिए वह उस जगह एक महुआ पेड़ के नीचे छिपा गई। इसी क्रम में वह वज्रपात की चपेट में आ गई। एसआई सूरज कुमार ने बताया कि मृतका हरि बिगहा से अपने घर लौट रही थी, तभी वह हादसे का शिकार हो गई। इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतका अपने पीछे चार पुत्र व दो पुत्री छोड़ गई है। घटना के बाद से गांव में मातमी माहौल है।

- **हरि बिगहा से अपने घर लौटने के दौरान हुआ हादसा**

## पुण्यतिथि पर याद किए गए प्रधानाध्यापक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के खडवां गांव में अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक स्व रामकुमार मिश्र की 11 वी पुण्य तिथी मनायी गयी। लोगो ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर राज किशोर पाठक, बाल किशोर पाठक, रंजीत मिश्र, अनूप मिश्र, ईश्वर दयाल मिश्र, अनिल मिश्र, सुनील मिश्र, कपिल मिश्र, सौरभ कुमार, सूरज भारद्वाज, आयुष कुमार, अंकित कुमार, संजय कुमार, सहित अन्य लोग उपस्थित थे। उपस्थित लोगों ने विस्तारपूर्वक उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला।

## लोगों ने जताई प्रसन्नता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** गोह प्रखंड के देवकुंड केंद्रीय विद्यालय के लिए राज्य सरकार की ओर से जमीन दे दिया गया इसके लिए राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रखंड कमेटी हसपुरा की ओर से राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं भूमिदाता महंत कन्हैया पुरी एवं रणविजय कुमार सिंह जी को आभार व्यक्त किया है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और सभी नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रदेश महासचिव विनोद कुमार सिन्हा, प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत कुमार वर्मा, संतोष शर्मा, बिजेंद्र सिंह, श्रीकांत प्रसाद, अखिलेश प्रसाद सिंह, नारायण शर्मा, देवनारायण यादव, कुंदन पांडे, नंदकिशोर सिंह, राजू कुमार वर्मा, बिजेंदर कुशवाहा, शैलेश शर्मा, रामजीत राम, जितेंद्र पासवान, राजेश कुमार, सचिन कुमार, राकेश कुमार, चुन्नू शर्मा, पुष्पलता देवी सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया।

# महादलित टोलों में शिविर लगा कर सुनी गई समस्याएं, बांटे गए प्रमाण पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** भरूब पंचायत के रजवार बिगहा महादलित टोले में शनिवार को आपूर्ति पदाधिकारी आशुतोष कुमार रंजन की अध्यक्षता में विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन मुखिया नागेंद्र पाण्डेय उर्फ नन्हकू पाण्डेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर आपूर्ति पदाधिकारी आशुतोष कुमार एवं मुखिया नागेंद्र पाण्डेय ने सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे मे विस्तारपूर्वक बताया। जॉब कार्ड, पेंशन योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ नली गली समस्याओं से अवगत करवाया। कहा कि जो लोग इस योजना से वंचित है वे आवेदन जमा करें। उनका ऑन द स्पॉट निष्पादन किया जाएगा। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों ने नल-जल, सामुदायिक भवन एवं नली-गली सहित अन्य समस्याओं के प्रति ध्यान आकृष्ट करवाया। साथ ही कहा कि इस संबध में बीडीओ को समस्या से अवगत करवाया गया है। इसके बावजूद कोई करवाई नही हो सकी। शिविर में जॉब कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड का वितरण मुखिया नन्हकू पाण्डेय के द्वारा किया गया। आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि बेल पंचायत के सिंहुडी, गैनी पंचायत के तारा, तेजपुरा पंचायत के चेचाडी, करसाव पंचायत के घेटरा, सोनहुली पंचायत के मायापुर, अमिलौना पंचायत के मेदन, डिहूरी पंचायत के हरिना गांव अंतर्गत महादलित टोले में शिविर आयोजित किया गया।

## विद्युत विभाग लगाएगा विशेष शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के किसानों को विद्युत से संबंधित समस्या ना हो इसके लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। एसडीओ अशोक राज ने शनिवार रात्रि 8:00 बजे बताया कि 18, 19 मई को बलीगांव, 20 मई को लोहरा, 21 को बलार, 22 को भादवा, 23 मई को भदुकीकला, 24 को चेंव, 25 को चरकावां सहित अन्य पंचायतों में 30 जून तक कृषि कनेक्शन को लेकर शिविर लगाया जाएगा। इस दौरान उन्होंने बताया कि लगभग 1 महीने से अधिक समय तक प्रखंड मुख्यालय में भी शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जिन किसानों को कृषि से संबंधित कनेक्शन लेना होगा या फिर कोई किसानों को विद्युत से संबंधित समस्या होगी इस शिविर में निष्पादन किया जाएगा।

# अतिक्रमणमुक्त कर पईन के जीर्णोद्धार की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड के बनियां पंचायत के सैलवां पईन का अतिक्रमण हो जाने एवं इसमें गाद भर जाने के कारण यह पईन विलुप्ति के कगार पर है। जब यह पईन अस्तित्व में था तब इससे दो पंचायत बनिया और महुआवां के करीब 500 से 600 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होती थी, लेकिन जब से कुछ लोगों द्वारा पईन का अतिक्रमण किया गया और इसमें गाद भरने लगा है, तब से यह अस्तित्व विहीन होने के कगार पर पहुंच गया है। खेतों में सिंचाई की समस्या उत्पन्न हो गया है। सूखे की मार किसानों को झेलना पड़ रहा है। बनियां पंचायत में सैलवां पईन के जीर्णोद्धार की मांग को लेकर प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। उन्होने बताया कि मदनपुर प्रखंड के बनिया पंचायत के शिवा बिगहा चहका से सैलवां कोइरी बिगहा तक पईन की उड़ाही एवं सैलवां महादलित टोला के समीप पईन में पक्का नाला निर्माण की आवश्यकता है। सैलवां पईन पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त एवं अतिक्रमित है। इस पईन से 500 एकड़ जमीन से अधिक बनियां एवं महुआवां पंचायत के कई गांवों का सिंचाई प्रभावित हो रहा है। इस क्षेत्र के लोग खेती पर ही निर्भर हैं और सिंचाई का कोई दूसरा साधन उपलब्ध नहीं है। सैलवां पईन की उड़ाही और जीर्णोद्धार करा दिया जाए तो खेतों के पटवन की समस्या समाधान हो सकता है। सैलवां पईन की उड़ाही लघु जल संसाधन विभाग से करवाई जाए, ताकि क्षेत्र के किसानों को सिंचाई की सुविधा मिल सके और उनकी खेती प्रभावित न हो। उन्होंने बताया कि कार्यपालक अभियंता लघु जल संसाधन विभाग को भी आवेदन दिया गया है।

## ड्राइवर को अपराधियों ने मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना सिटी के कौवाकोल इलाके में रविवार को एक टोटो (ई रिक्शा) ड्राइवर को गोली मार दी गई। घायल मोहम्मद काजिम (30) को नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चौक थाना प्रभारी दुष्यंत कुमार ने बताया कि कुछ दिन पहले काजिम का सुमित कुमार नाम के युवक से विवाद हुआ था। टोटो (ई रिक्शा) से धक्का लगने के बाद कहासुनी हुई थी। सुमित ने काजिम को धमकी दी थी। घटना के समय काजिम अपने घर पर था। परिजनों ने बताया कि घर में खाना बन रहा था, तभी गोली चलने की आवाज सुनाई दी। बाहर निकलने पर काजिम जख्मी हालत में मिला। उसे पेट में गोली लगी है।

# आंधी से घर पर गिरा पेड़, वृद्धा की मौत

- **करकटनुमा घर पर पेड़ गिरने से हुआ हादसा**
- **हादसे के बाद काराकाट सांसद राजाराम सिंह ने मृतका के परिजनों को बंधाया ढ़ाढ़स**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नबीनगर (औरंगाबाद)।** नबीनगर प्रखंड के कर्मा फतेहपुर गांव में तेज आंधी के कारण शीशम का पेड़ टूटकर करकटनुमा घर पर गिर गया। घर के अंदर सो रही महिला पेड़ के नीचे दब गई। आनन-फानन में पेड़ हटाकर परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान जनक देवी (69) के तौर पर हुई है। परिजनों ने बताया कि महिला के पति की पहले ही मौत हो चुकी है। चार बेटे और एक बेटी है। एक सप्ताह पहले ही बेटे अखिलेश की शादी हुई थी। घर में खुशियों का माहौल था। मौत के बाद घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे की जानकारी मिलने के बाद काराकट सांसद राजाराम सिंह मृतका के घर पहुंचे। परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। सरकारी प्रावधान के तहत मिलने वाली मुआवजा की राशि दिलाने का आश्वासन दिया है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है। वहीं, मदनपुर प्रखंड के जोगड़ी गांव में बरगद का पेड़ गुमटी पर गिर गया। हादसे में नर्मदेश्वर प्रसाद सिन्हा घायल हो गए। इसके अलावा बेरी कलाली में पेड़ गिरने से एक दुकान ध्वस्त हो गया। सलैया थाना क्षेत्र के रनिया गांव में तेज आंधी के कारण एक पेड़ उखड़ गया। चपेट में आने से एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल की पहचान चांदनी कुमारी के तौर पर हुई है। इलाज के लिए परिजन मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## मार्बल लदा ट्रक पलटा, बाल-बाल बचा चालक

**बारुन (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** एक अनियंत्रित ट्रक बारुन थाना क्षेत्र के टेंगरा के समीप नेशनल हाईवे पर पलट गया। इस घटना से घंटों यातयात प्रभावित रहा। काफी मशक्कत के बाद एनएचआई के कर्मियों ने क्षतिग्रस्त ट्रक को क्रेन की मदद से हटाया गया। एनएचआई के पदाधिकारी परशुराम सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह मार्बल लदा हुआ एक 18 चक्का ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया जिससे ट्रक पलट गया। इस घटना में चालक राकेश कुमार बाल-बाल बचा। जबकि ट्रक पर लदा लाखों रूपये का मार्बल क्षतिग्रस्त हो गया।

# सनदिया पुल का निर्माण कार्य सम्पन्न



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** आरा- सलेमपुर पथ कहा सनदिया गांव के समीप पुल का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। जिससे लग्न के समय लगने वाले जाम से लोगों को सहुलियत मिली है। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार सनदिया पुल का निर्माण कार्य जो पिछले वर्ष से लंबित था उसे बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के द्वारा सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। इस पुल के चालू हो जाने से आरा-सलेमपुर रोड पर लगने वाले जाम से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही स्थानीय निवासियों के आवागमन में अब पहले से कहीं अधिक सुविधा और गति आएगी।

# नव पदधारक छात्र-छात्राओं को दिलायी गयी शपथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** राजकीय मध्य विद्यालय रफीगंज में विजय प्राप्त बाल संसद मंत्रिमंडल के सदस्यों को निष्ठा एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। राजकीय मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद मस्कुर आलम ने बताया कि बीते 14 मई को बाल संसद का मतदान शांतिपूर्ण हुआ था और वोटो की गिनती के उपरांत शपथ ग्रहण का आयोजन आज किया गया है जिसमें प्रधानमंत्री पद के लिए सौरभ कुमार, उप प्रधानमंत्री पद के लिए सोनम कुमारी, शिक्षा मंत्री पद के लिए दिव्यांशु कुमार एवं उप शिक्षा मंत्री पद के लिए खुशी कुमारी, स्वास्थ्य मंत्री पद के लिए संध्या कुमारी एवं उप स्वास्थ्य मंत्री पद के लिए आशीष कुमार, खेल मंत्री पद के लिए सोनू राज एवं उप खेल मंत्री पद के लिए खुशी कुमारी, पुस्तकालय मंत्री पद के लिए पप्पू कुमार एवं उप पुस्तकालय मंत्री पद के लिए स्वीटी कुमारी, बागवानी एवं कृषि मंत्री पद के लिए रोहित कुमार एवं बागवानी एवं कृषि मंत्री के लिए कौशल कुमार, जल एवं पर्यावरण मंत्री पद के लिए जीतू कुमार एवं उप जल एवं पर्यावरण मंत्री के लिए अर्चना कुमारी विजय घोषित किए थे। सभी विजय प्राप्त मंत्रियों को माला, परिणाम कार्ड एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। प्रधानाध्यापक ने बताया कि बाल संसद का मुख्य कर्तव्य और दायित्व बच्चों को अपनी शिक्षा, विद्यालय और समुदाय से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रूप से भाग लेने का अवसर प्रदान करना है।

# 200 किलो महुआ फूल के साथ आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** बिहार में शराबबंदी कानून लागू है और इसका बखूबी से निर्वहन बिहार पुलिस द्वारा की जा रही है लेकिन शराब तस्कर नई-नई तरीके अपना रहे हैं। इसी क्रम में रफीगंज पुलिस ने इमादपुर के समीप से शराब निर्माण के लिए लेकर जा रहे 200 किलो महुआ फूल को बरामद किया है। इस संबंध में रफीगंज थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एएसआई बवनजीत कुमार के नेतृत्व में छापामारी की गई जिसमें एक ठेला पर लादकर शराब निर्माण के लिए लेकर जा रहे महुआ फूल को बरामद किया गया तथा राजा बिगहा निवासी 59 वर्षीय नागा दास को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपित को कागजी प्रक्रिया उपरांत जेल भेजा जाएगा।

# भव्य रूप से आयोजित किया जायेगा ओबरा महोत्सव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** जिला महोत्सव परिवार की ओबरा प्रखंड में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धेश्वर विद्यार्थी मौजूद रहे। इसकी अध्यक्षता शिव नारायण प्रसाद सोनी ने की। सभी लोगों ने संयुक्त रूप से निर्णय लिया है कि इस बार ओबरा महोत्सव आयोजन दो दिवसीय 6 सितंबर से 7 सितंबर तक आयोजित होगा। महोत्सव में स्थानीय कलाकारों के साथ बाहर के कलाकारों को भी आमंत्रित किया जाएगा। जिससे महोत्सव भव्य रूप में आयोजित हो। महोत्सव की तैयारी में कमिटी के कार्यकर्ता पूरी तरह लग चुके हैं जिसमें कई प्रायोजक ने सहयोग राशि देने का घोषणा किया जिससे महोत्सव बड़े स्तर पर आयोजित हो। बैठक संबोधन करते हुए सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने कहा कि बैठक का मूल उद्देश्य ओबरा में प्राचीन स्थित देवी मां मंदिर, ऐतिहासिक महत्व के स्थल मनोरा एवं स्वतंत्रता सेनानी जगतपति कुमार को देश दुनिया में प्रचारित और प्रसारित करना है। महोत्सव आयोजित होने से ओबरा की पहचान देश स्तर पर बनेगा, महोत्सव सफल होने जा रहा है ताकि कार्यकर्ता काफी ऊर्जावान तरीके से महोत्सव के लिए लग चुके हैं, साथ ही स्थानीय कलाकारों, छात्र छात्राओं को मंच दिलाने और स्थानीय उत्पादों को महत्व देना है। इसी उद्देश्य से महोत्सव को शुरुआत करने की पहल की जा रही है और यह तभी संभव है जब ओबरा के सभी लोगों की इसके प्रति सहयोग मिले। महोत्सव के मीडिया प्रभारी आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि जिला महोत्सव परिवार का हमेशा प्रयास रहा है कि जिले की विभिन्न जगहों के धार्मिक स्थलों को प्रचार प्रसार का बढ़ावा महोत्सव के माध्यम से मिल सके, इसी उद्देश्य से ओबरा की प्राचीन देवी मंदिर, प्रचार प्रसार के बढ़ावा हेतु एवं स्थानीय कलाकारों को प्रतिभाशाली व्यक्तियों को बेहतर मंच के माध्यम से देश स्तर पर नयी पहचान देने के लिए महोत्सव ओबरा में आयोजित किया जा रहा है।

# पंकज पासवान के प्रदेश महासचिव बनने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

- **नव मनोनीत प्रदेश महासचिव ने शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए निष्ठापूर्वक कार्य करने का दिलाया भरोसा**

**अंबा (औरंगाबाद)।** पंकज पासवान को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का प्रदेश महासचिव मनोनीत किए जाने पर एनडीए गठबंधन के नेता एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि पंकज पासवान के नेतृत्व में पार्टी सुदृढ़ होगी और संगठन को नई दिशा मिलेगी। इधर पंकज पासवान ने भी उन पर भरोसा जताने के लिए शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि वे अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन निष्ठापूर्वक करेंगे और शीर्ष नेतृत्व के भरोसे पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे। हर्ष व्यक्त करने वालों में योगेंद्र पासवान, विरेंद्र मेहता, राजीव पांडेय, अखिलेश पासवान, विजय कुमार वर्मा, सुरेंद्र सिंह, अनिल सिंह, शैलेंद्र चंद्रवंशी, प्रेम कुमार, मुकेश कुमार, डॉ प्रकाश वर्मा शकुंतला देवी, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, जितेंद्र मेहता, सुधीर सिंह सहित अन्य लोग शामिल हैं।

# वंचितों को सरकारी योजनओं का लाभ दिलवा रहे समाजसेवी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार सरकार द्वारा इन दिनों गांव- गांव में विकास शिविर लगाया जा रहा है जिसमें अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदाय से आवेदन लेकर सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है, परंतु जागरूकता एवं जानकारी के अभाव में लाभुक परिवार योजनाओं के लाभ से वंचित रह जा रहे हैं। औरंगाबाद की चर्चित स्वयंसेवी संस्था पथ प्रदर्शक के संस्थापक सह सचिव बमेंद्र कुमार सिंह सरकार की विशेष शिविर से वंचित परिवारों से मिलकर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जागरूक एवं प्रेरित कर रहे हैं। रविवार को समाजसेवी बमेन्द्र ने बारुन प्रखण्ड अंतर्गत कोचाढ पंचायत के इंग्लिश गांव में अनुसूचित जाति रविदास टोला जाकर विशेष शिविर से वंचित लाभुक परिवारों से मिले। अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए चलाई जा रही विशेष शिविर से वंचित लाभुकों की जानकारी ली एवं उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने की बात कही। बता दें कि बाइस सरकारी योजनाओं के लिए विशेष शिविर लगा कर आवेदन प्राप्त किया जा रहा है, जिस पर सरकार द्वारा त्वरित करवाई करते हुए लाभ दिया जा रहा है। विगत तीस अप्रैल को इंग्लिश गांव के आंगनबाड़ी केंद्र पर विशेष शिविर आयोजित किया गया था, परंतु जानकारी के अभाव में कई परिवार लाभ लेने से वंचित रह गये थे। मुख्य रूप से योजनाओं में राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, श्रम कार्ड, बासगीत पर्चा, जॉब कार्ड, विद्युत कनेक्शन इत्यादि शामिल है।

# जलयात्रा में शामिल हुए हजारों श्रद्धालु

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के थाना गली स्थित नवनिर्मित मंदिर में प्रतिमा स्थापना के लिए श्री शिव पंचायतन प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ हेतु शोभा यात्रा एवं गाजे- बाजे एवं हाथी- घोड़े के साथ जल यात्रा निकाली गई। जल यात्रा यज्ञ मंडप से प्रारंभ होकर थाना गली, बड़ी दुर्गा देवी स्थान, मुख्य बाजार, स्टेशन रोड, महाराजगंज रोड, बस स्टैंड होते हुए आरबीआर उच्च विद्यालय परिसर स्थित रानी तालाब के पास पहुंची। काशी के आचार्य राजेश मिश्रा, गिरीराम त्रिवेदी, अंगद पाण्डेय, अमित पुरोहित, धर्मेंद्र पाण्डेय, सुनील चौबे, नरेश शास्त्री के वैदिक मंत्रोच्चारण द्वारा जलभरी कर वापस मंडप पहुंचे। आयोजक राजु गुप्ता ने बताया कि खड़ेश्वरी बाबा के तत्वावधान में यज्ञ का शुभारंभ किया गया, जो 23 मई तक चलेगी। यज्ञ के यजमान दुर्गा प्रसाद, पिंकी देवी, अजीत उर्फ बिच्छा, रीता देवी, अजय गुप्ता, रिंकी गुप्ता, शिवनंदन प्रसाद, शीला देवी, मुना कुमार, ममता कुमारी है। यज्ञ के दौरान प्रत्येक दिन शाम में प्रवचन एवं भंडारे का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर जदयू अति पिछड़ाप्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव विजय विश्वकर्मा, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, चंदन सोनार, नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि दिलीप उर्फ करू प्रसाद, नगर भाजपा अध्यक्ष संतोष कुमार साहू, बाल गोविंद साहू, रोहन गुप्ता, रोहित गुप्ता, अजीत कुमार, शिवनंदन प्रसाद, सूरज कुमार, साजन कुमार, दुर्गा साहू, भोली प्रसाद, कृष्णा कुमार, मयंक, किशु गुप्ता, दीपू गुप्ता, सूरज कुमार, सनी राज मानस, ओम प्रकाश पाल, राहुल गुप्ता, गोविंद कुमार, संजय कुमार उर्फ जोगी, चंदेश्वर भगत, पिंकी राखी, गीता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# प्रदर्शन की तैयारी को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** आरा बंदोबस्त कार्यालय परिसर में भोजपुर जिले के सभी सेवा संघ, ट्रेड यूनियन, एआईसीटीयू, नगर निगम निकाय कर्मचारी संघ, सुधा डेयरी कर्मी संघ, महासंघ गोप गुट भोजपुर से संबद्ध संघों की बैठक रविवार को आयोजित किया गया। अध्यक्षता बाल मुकुंद चौधरी व संचालन उमेश कुमार सुमन जिला सचिव कर्मचारी महासंघ गोप गुट भोजपुर ने किया। बैठक में जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन को सफल बनाने पर चर्चा किया गया। नेताओं ने कहा कि प्रदर्शन के साथ जिला स्तर पर कर्मियों के ज्वलन्त समस्याओं का संलेख जिलाधिकारी को भी दिया जाना चाहिए, ताकि लंबित समस्या से ध्यानाकर्षित कराया जाए। आज लंबित एसीपी, एमएसीपी, अनुकम्पा लाभ, विभागीय कार्रवाई समाप्त कर निलंबित कर्मियों को निलंबन से मुक्त किया जाना चाहिए, निगम निकाय कर्मचारियों को 6ठा, 7वां वेतनमान लागू किया जाना चाहिए, मानदेय बढ़ाया जाये, शिक्षकों का बकाया राशि का भुगतान किया जाना चाहिए, चौकीदारों के लंबित मामलों सामान्य प्रशासन विभाग में लंबित है, सिचाई विभाग में कार्यरत दैनिक मजदूरों को समय पर मानदेय भुगतान किया जाना चाहिए, जिला स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों को विभागीय वरीयता सूची का प्रकाशन होना चाहिए, राजस्व कर्मचारियों, पंचायत सेवक, जनसेवकों, चौकीदार, सिंचाई कर्मचारियों, चिकित्साकर्मी, एएनएम, आशा, कार्यपालक सहायक, पंचायत रोजगार सेवक, मलेरिया छिड़काव कर्मचारी, किसान सलाहकार, सुधा डेयरी कर्मी, चतुर्थवर्गीय कर्मचारी, अनुसेवक, रसोइया कर्मी, अनुबंध मानदेय कर्मी के साथ साथ एआईसीटीयूके नेतृत्वकारी साथी बैठक में शामिल हुये। अपने संबोधन में कहा कि 20 मई 2025 का कार्यक्रम में अधिक संख्या में कर्मचारी उपस्थित होगे और जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। मौके पर मो इम्तियाज, ध्रुव पंडित, रामानंद सिंह, तरुण कपूर राम, उपाध्यक्ष नगर निगम निकाय कर्मचारी संघ, हरिवंश, सुधा डेयरी कर्मी संघ, मो समीम, जिला सचिव मलेरिया छिड़काव कर्मचारी संघ, जितेंद्र, लीलावती, पूनम, सरवन, संजीव, नीतू, अरविंद कुमार व अन्य थे।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### हथियार के साथ एक अपराधी गिरफ्तार



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विशेष समकालीन अभियान के तहत पुनपुन पुलिस ने रविवार को छापेमारी कर अवैध 01 रिवॉल्वर, 01 कारतूस, 02 मोबाइल एवं 19,000 रुपये कैश के साथ 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार अपराधी का नाम रितिक कुमार उम्र 20 वर्ष, पिता पप्पू कुमार,पकड़ी का रहने वाला है। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि समकालीन अभियान के तहत हो रही छापेमारी के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर जानकारी मिली की पकड़ी गांव में एक युवक अवैध हथियार रखे हुए हैं ऐसे में छापेमारी की गई जहां उसके घर पर देसी पिस्टल,कारतूस बरामद हुई है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी -2, कन्हैया कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी का अपराधीक इतिहास एवं अन्य पूरे मामले में छानबीन की जा रही है।

### तारेगना रेलवे स्टेशन पर सफाई ठप्प, गंदगी का लगा अंबार



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना गया रेल खंड के तारेगना रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म पर इन दिनों गंदगी का अंबार लगा हुआ है। पिछले तीन दिनों से सफाई कामकाज ठप हो गया है।दरअसल बकाया मजदूरी की मांग को लेकर सभी सफाई कर्मियों ने सफाई कामकाज को बंद कर विरोध जता रहे हैं। जिसको लेकर तारेगना रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर गंदगी का अंबार जहां तहां दिख रहा है। यात्रियों को बैठने में परेशानी हो रही है। रेलवे स्टेशन पर साफ सफाई करने वाले सफाई कर्मियों में मुन्नी देवी, कृष्ण उर्फ लाल मांझी आदि ने बताया कि डेढ़ महीने से हम लोगों की मजदूरी नहीं मिली है, कैसे काम करेंगे। वी इस पूरे मामले में सफाई कर्मियों के सीआई गौरव ने बताया कि तारेगना रेलवे स्टेशन पर छह सफाई कर्मी को लगाया गया है, बकाया मजदूरी को लेकर सफाई कर्मियों के नाराजगी चल रही है संभवत सोमवार तक सबों का पैसा मिल जाएगा। रक्षक एजेंसी के द्वारा सफाई कार्य किया जा रहा है।

### मालिकाना मोड पर फंसा ट्रक, 48 घंटों से लगा महाजाम



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी के पुरानी बाईपास रोड में शनिवार के देर रात को एक ट्रक गड्ढे में फंस गई, जिससे ट्रक का पूरा पिछला हिस्सा जमीन में धंस गया, जिसके कारण आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गई। और उ रूट में तकरीबन 40 गाड़ीयों की लंबी कतारे लगी रही। और इस दौरान वहां महाजाम की स्थिति बनी रही। स्थानीय लोगों ने बताया यह नगर परिषद की लापरवाही का नतीजा है, दरअसल मालिकाना मोड़ के पास पर टर्निंग पर नगर परिषद के द्वारा बनाया गया नाली कच्चा नाली बना दिया गया है और एक छोटा सा पतला पाइप लगाकर मिट्टी भर दिया गया है। जिससे उस रास्ते से गुजरने वाले भारी मालवाहक गाड़ियों को काफी फजीहत झेलनी पड़ती है। हर 2 महीना पर वहां पर कोई ना कोई एक वाहन फंस जाता है जिसको लेकर यातायात पूरी तरह से बाधित हो जाती हैं। शनिवार की देर रात को एक बड़ा सा ट्रक इस रूट से गुजरने के दौरान मोड पर धंस गया और एक मकान पर गिरते गिरते बचा, जिसको लेकर रविवार को दिन भर गाड़ियों की लंबी कतारे लगी रही, जहा महजाम मे परेशान दिखे।

### पांच दिवसीय प्रशिक्षण पीटीसी में शिक्षकों का प्रशिक्षण

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी के शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में पांच दिवसीय अध्यापकों का प्रशिक्षण हर बैच के अनुसार कराया जा रहा है।वहीं प्रशिक्षण संपन्न होने के बाद अध्यापकों के बीच प्रमाण पत्र वितरण किया जा रहा है।ऐसे मे सोमवार से एक नये बैच के साथ पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हो गया है। बताया जाता है की समग्र शिक्षा व परियोजना निदेशक के निर्देश पर अध्यापकों के कौशल क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जब अध्यापक विद्यालय जायेंगे तो नए तरीके से विद्यालय में शिक्षण कौशल का बच्चों के बीच प्रयोग करेंगे।ताकी बच्चे पढ़ाई को बोझ नहीं समझे और खेल खेल में भी पढ़ाई का आनंद उठा सके। वही प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र ठाकुर ने कहा कि शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण को उद्देश्य उनकी दक्षता, ज्ञान और कौशल को बढ़ाना है। यह प्रशिक्षण उन्हें बेहतर शिक्षण विधियों, नवीनतम शैक्षिक तकनीकों और पाठ्यक्रम में बदलावों के बारे में जानकारी प्रदान करता है। प्रशिक्षण उपरांत सतिश कुमार,ब्रजकिशोर प्रसाद, शहनवाज आलम,संजय कुमार, आन्नद कुमार, सुनिता कुमारी, आरती कुमारी, आशा कुमारी, अनय शामिल रहे।




### प्रेमी से वीडियो कॉल पर बात करते हुए प्रेमिका ने लगाई फांसी, बची जान

**एकमा थाना में केस दर्ज, एक गिरफ्तार**

**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवती ने प्रेमी से मोबाइल पर वीडियो कॉल पर बातचीत के दौरान अपने ही कमरे में फांसी लगा ली। समय रहते परिजनों के पहुंचने व इलाज के चलते उसकी जान बच गई। मिली जानकारी के अनुसार युवती ने अपने प्रेमी मिहिर पटेल को वीडियो कॉल किया। बातचीत के दौरान उसने अचानक फांसी लगाने की कोशिश की। यह देखकर माहिर ने तत्काल युवती के पिता को मोबाइल पर सूचना दी कि आपकी बेटी ने फांसी लगा ली है, जल्दी बचाइए। सूचना मिलते ही परिजन दौड़कर कमरे में पहुंचे और उसे फंदे से नीचे उतारकर इलाज के लिए एकमा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी जान बच गई। इलाज के बाद होश में आने पर युवती ने बताया कि माहिल पटेल मानसिक रूप से उसे लंबे समय से प्रताड़ित कर रहा था। इस मामले में युवती के पिता ने एकमा थाने में आवेदन देकर विष्णुपुरा गांव निवासी माहिल पटेल, बिगन प्रसाद, गोविंद प्रसाद व रामजश प्रसाद, राजन कुमार आदि पर मारपीट का भी आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जब वे माहिल के घर शिकायत करने गए, तो आरोपितों ने मारपीट की। उधर मामले में एकमा थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर एक आरोपित राजन कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# पुलिस चालक की मौत के बाद पार्थिव शरीर पहुंचा पैतृक गांव

**नम आंखों से लोगों ने दी विदाई, सरकार से परिवार ने की कई मांगें**





**बिहटा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के पथलौटिया गांव निवासी सह बिहार पुलिस के चालक हवलदार मिथिलेश कुमार ड्यूटी के दौरान सड़क हादसे में बीते दिन पूर्व मौत हो गई।रविवार को पैतृक गांव बिहटा प्रखंड के पथलौटिया गांव में पार्थिव शरीर पहुंचा।जिसके बाद अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ा।उसके बाद पार्थिव शरीर को सह सम्मान के साथ मनेर के हल्दी छपरा संगम घाट लाया गया।जहा इस अंतिम यात्रा में हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पर सभी के मुंह पर था शहिद मिथलेश कुमार अमर रहे। उनका अंतिम संस्कार उनके पिता बृजनंदन राय ने नमः आंखों से किया।इधर मृतक जवान की पत्नी मधु कुमारी और घर की महिलाओं का रो-रो कर हाल बेहाल है। मृतक जवान की पत्नी मधु कुमारी 4 माह की गर्भवती भी है और फिलहाल अभी 4 साल की एक बेटी अंशी कुमारी है। बीते 2020 में विवाह मिथिलेश कुमार का हुआ था और 2017 में बिहार पुलिस में पूर्णिया जिला बल में बतौर चालक हवलदार के पद पर तैनात हुए थे। इधर मौत के बाद मृतक के बड़े भाई अनिल कुमार ने सरकार से मांग किया है कि घर में केवल मेरा छोटा भाई कमाने वाला था उसके नौकरी लगने से पूरा परिवार खुश चल रहा था लेकिन अचानक शनिवार की सुबह में सूचना मिली कि सड़क हादसे में वह घायल हो गया है जिसके बाद हम सभी लोग मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक इलाज के दौरान मौत हो गई थी। वो पूर्णिया जिला में तैनात था। पूर्णिया से पटना के लिए कमान कटा था और पटना से विभागीय सामान को लेकर सड़क मार्ग के जरिए पूर्णिया के लिए रवाना हुआ था तभी अररिया और सुपौल जिला के बॉर्डर पास अपने सरकारी वाहन से जैसे ही बाहर निकाल तभी पीछे से आ रही अज्ञात ट्रक ने पहले सरकारी वाहन को पीछे से जोरदार टक्कर मारी जिसके बाद आगे खड़े मिथिलेश कुमार को झटका लगा हो सड़क किनारे सर के बाल गिर गए जहां वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए इलाज के लिए उन्हें पूर्णिया के मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। लेकिन मौत हो चुकी थी। हमारी सरकार प्रशासन से मांग है कि मेरे भाई का एक छोटी सी बेटी है और पत्नी भी गर्भवती है इसलिए सरकार परिवार को सरकारी नौकरी दे और मुआवजा दे ताकि परिवार चल सके।इधर मृतक मिथिलेश कुमार के चचेरे ससुर नागेंद्र प्रसाद ने बताया कि उन्हें शनिवार की सुबह में सूचना मिली कि मिथिलेश कुमार ऑन ड्यूटी के दौरान सड़क हादसे में घायल हो चुके हैं इलाज चल रहा है लेकिन सुबह 9:35 में सूचना मिली कि पूर्णिया में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सरकार और प्रशासन से हमारी मांग है कि इसकी न्यायिक जांच हो और परिवार को सरकारी नौकरी के साथ मुआवजा दिया जाए। मेरी भतीजी फिलहाल चार माह की गर्भवती है और ऐसे में मिथिलेश कुमार की मौत के बाद मातम पसरा हुआ है।

## कोचिंग से घर जा रहे किशोर को कार ने मारी ठोकर, मौके पर ही मौत

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना गया स्टेट हाईवे-01 पर धनरूआ थाना क्षेत्र के वीर बाजार में रविवार की सुबह कोचिंग कर अपने घर जा रहे एक साइकिल सवार युवक को सफेद रंग की नेक्सा कार ने जोरदार ठोकर मार दी, जिससे युवक की मौत मौके पर हो गई है। मृतक की पहचान धनरूआ थाना क्षेत्र के ननौरी गांव के स्व रविंद्र प्रसाद के बेटे सूरज कुमार उम्र 13 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सूरज प्रत्येक दिन अपने घर ननौरी से वीर कोचिंग करने के लिए आता था और साइकिल से ही कोचिंग कर घर लौट जाता था, घर लौटने के दौरान ही वीर बाजार में सड़क पार करने के दौरान विपरीत दिशा में तेज गति से एक शादी विवाह की सफेद कलर की नेक्सा कार में जोरदार ठोकर मार कर वह गाड़ी भाग गया, जिससे गुस्साए स्थानीय लोगों ने सड़क पर टायर जला कर घंटो रोड जाम कर विरोध प्रदर्शन किया, मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाला जहां पर सफेद कलर का नेक्सा कार भागते हुए दिखी है, हालांकि इससे पहले स्थानीय लोगों ने पुलिस द्वारा गाडी पकड़ कर छोड़ देने का भी आरोप लगाकर हंगामा किया था। बहरहाल मृतक सूरज कुमार के पिता स्वर्गीय रविंद्र प्रसाद की भी मौत संपतचक में 2 साल पहले सड़क हादसा में उनकी मौत हो गई थी।

## गोल संस्थान का छात्र कृष्णा बना दसवीं में झारखंड का सेकंड टॉपर



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कोयलांचल में मेडिकल व इंजीनियरिंग की तैयारी कराने वाला भरोसमंद व विश्वसनीय संस्थान गोल ने दसवीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उच्चतम अंक लाने वाले छात्रों को सम्मान देकर उन्हें आगे कैरियर में और अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित एवं उत्साहित किया, साथ ही सभी सफल छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ ही गोल संस्थान के क्लासरूम, स्टडी मैटेरियल, टेस्ट सीरीज, पर्सनल केयर एवं समय-समय पर दी गई मोटिवेशन एवं मार्गदर्शन को दिया। सफल छात्रों ने अपने सफलता के रहस्यों को भी उपस्थित छात्रों से शेयर किया। विदित हो कि बहुत सारे 12वीं के छात्रों ने 9० प्रतिशत से ज्यादा स्कोर करते हुए अपियरिंग में मेडिकल और इंजीनियरिंग में भी सफलता की उम्मीद जताई, जबकि दसवीं के कृष्णा ने 99 प्रतिशत लाकर धनबाद जिला टॉपर के साथ-साथ झारखंड के सेकंड टॉपर भी रहे। 1०वीं के सफल छात्रों में कृष्णा, हर्षिता, दीपक, राजवीर, चिराग, दर्ष, प्रतिक्षा, इच्छा, इसिता सोनी, नायरा, पल्लवी, काव्या, कुणाल तथा 12वीं में श्रेया, आकृति, शिवम, राज नन्दनी, नितीश, गौरव और इसिता बनर्जी आदि शामिल थे। गोल धनबाद के केंद्र निदेशक संजय आनंद ने सभी सफल छात्रों को सफल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आगे प्रतियोगी परीक्षाओं में भी सफल होने के गुढ़ रहस्यों से अवगत कराया। उन्होंने छात्रों, अभिभावकों के भरोसे के साथ ही गोल की पूरी टीम को बधाई दी। संस्थान से जुड़े दिपक कुमार, भारती सिन्हा, अरुण कुमार, पूजा कुमारी, रानी, सुनील जी, वसीम, उमेश एंव दिलीप ने भी सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी है।

**डीह मसौढ़ी महादलित टोले में एक चापाकल के सहारे 500 परिवार**

## नल जल का पाइप बना शोभा की वस्तु



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गर्मी का पारा चढ़ते ही कई जगहों पर पेयजल संकट गहराने लगा है। ऐसे में गांव की बात तो छोड़िए शहर के कई हिस्सों में भी पानी के लिए इन दिनों त्राहिमाम हो रहा है। मसौढ़ी नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 10 के डीह मसौढ़ी के महादलित टोले में महज एक चापाकल के सहारे 500 परिवार निर्भर हैं। यहां तक इस वार्ड में नल जल के नाम पर पाइप तो बिछा दिया गया है, लेकिन उस नल से जल उन सभी मुहल्लेवासियों को नहीं मिल पा रहा है, ऐसे में एक ही चापाकल पर पानी लेने के लिए सुबह शाम लोगों को जद्दोजहद करना पड़ता है। जरा सोचिए अगर एक चापाकल पर 500 परिवार पानी लेते होंगे तो कैसे और क्या मुसीबत झेलना पडता होगा, हालांकि इसी वार्ड में नगर परिषद के अध्यक्ष पिंकी देवी का भी घर है। बावजूद हालात बहुत ही खराब है लोगों में गुस्सा पनप रहा है कि अगर नल जल भी चालू रहता तो किस तरह से पानी मिल जाता। गुस्साए लोगों में चंदन कुमार, अनीता देवी, बबली देवी, ललिता देवी, राजमणि देवी ,लक्ष्मीनिया देवी, फुलमंती देवी, श्रीकाती देवी, रीना देवी समेत सैकड़ो लोग में आक्रोश पनप रहा है, लोगों ने नल जल का पानी ठीक करने की मांग कर रहे हैं और चेतावनी दे रहे हैं कि अगर पानी की और वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई तो सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## मंत्री सरावगी पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी की श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने मुजफ्फरपुर पहुंचे

**अंचल कार्यालय की कार्यप्रणाली की शिकायत बाद मंत्री सरावगी ने तत्काल एसीएस श्री सिंह से बात कर सख्त कार्रवाई के निर्देश**

**मुजफ्फरपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राज्य के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने मुजफ्फरपुर के मुशहरी अंचल कार्यालय के कार्यों में दलालों के दखल की जानकारी आम लोगों से मिलने पर पूरे मामले की जांच का निर्देश विभागीय अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह को दिया है। इसके बाद अपर मुख्य सचिव श्री सिंह ने पूरे मामले की जांच रिपोर्ट एक पखवाड़े के भीतर मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी से मांगी है। मंत्री सरावगी शनिवार को राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी की श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने मुजफ्फरपुर पहुंचे थे। इस दौरान आमलोगों समेत कई पार्टी कार्यकर्ताओं से मुशहरी अंचल कार्यालय की कार्यप्रणाली और वहां दलालों के दखल की शिकायत मिली। इसके बाद मंत्री सरावगी ने पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तत्काल एसीएस श्री सिंह से बात कर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। बताते चलें कि शहर के मिठनपुरा थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम को जमीन कारोबारी जावेद और उसके सहयोगी राजू साह की हत्या के बाद उनकी स्कूटी से भारी मात्रा में दाखिल-खारिज समेत राजस्व से संबंधित विभिन्न कागजात की बरामदगी हुई थी। जावेद के निजी कार्यालय से कई हल्का कर्मचारियों के सरकारी डोंगल समेत रजिस्टर टू का मूल दस्तावेज भी बरामद होने की बात सामने आई है। इसके बाद पुलिस अंचल कार्यालय के तीन कर्मचारियों समेत दर्जनभर लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर चुकी है। प्रारंभिक जांच में ये भी पता चला है कि दोनों स्थानीय हल्का कार्यालय से ही निकलकर चाय पीने जिला स्कूल के गेट पर पहुंचे थे। इसी दौरान चाय दुकान पर मौजूद कुछ लोगों से उनका विवाद के पश्चात हाथापाई भी हुई थी। इसी के कुछ देर बाद बाइक सवार अपराधी पहुंचे और दोनों पर अंधाधुंध गोली चला दी थी। इस घटना में दोनों की मौत हो गई थी। पुलिस जांच में ये बात सामने आई है कि जावेद का कई वर्षों से मुशहरी अंचल कार्यालय पर दबदबा था। वह लोगों से काम कराने के एवज में मोटी रकम वसूलता था। इसकी शिकायत निगरानी विभाग में भी की गई थी।

## शहर के विकास में अनियमितता को लेकर मंच गंभीर



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहरी एवं ग्रामीण विकास मंच की एक बैठक रविवार को अखिलेश राज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान नगर के विभिन्न वार्डो में योजनाओ के क्रियान्वयन में हो रही अनिमितताओं का मुद्दा गंभीरता से उठाया गया। मंच के सदस्यों ने नगर में नल जल योजना की कार्य अधूरा रहने के वावजूद संवेदक को पूर्ण भुगतान करना, वार्ड संख्या एक, नौ,19, 20,22 एवं 23 में पीसीसी एवं नाली निर्माण में अनिमितता पाए जाने के बाद भी करवाई नही होना। किसी भी निर्माण स्थल पर प्राक्कलन राशि का बोर्ड नहीं लगाना। कचरा उठाव वाहन की खरीद बिक्री का मामला विधानसभा में उठाने के बावजूद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं होने को लेकर नाराजगी जताते हुए जल्द करवाई की मांग की। मंच के सचिव अफरोज आलम ने बताया कि निर्माण कार्य समेत कई मुद्दों पर शिकायत के बाद भी अबतक किसी प्रकार का कार्यवाही नही होना भ्रष्टाचार की ओर इंगित करता है।अफरोज ने कहा की एक सप्ताह के अंदर सभी मुद्दों पर अविलंब कार्यवाही नहीं होती है तो मंच द्वारा नगर परिषद का अर्थी जुलूस आम जनता के सहयोग से निकालेंगी जिसकी सारी जवाबदेही नगर प्रशासन की होगी।

## मसौढ़ी में अखिल भारतीय किसान महासभा का छठा सम्मेलन संपन्न



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी के खराट ग्राम के सामुदायिक भवन में अखिल भारतीय किसान महासभा की मसौढी प्रखंड का छठा सम्मेलन संपन्न हुई। सम्मेलन की अध्यक्षता किसान नेता सत्यनारायण वर्मा,श्यामनारायण यादव, बीतेसर यादव ने किया। सम्मेलन में 125 प्रतिनिधि शामिल हुए।सम्मेलन का उदघाटन करते हुए अखिल भारतीय किसान महासभा के बिहार राज्य सचिव कॉमरेड उमेश सिंह ने कहा की डबल इंजन की सरकारें लगातार हमारी कृषि भूमि लूट कर कारपोरेट को दे देना चाहती है।हमारी कृषि भूमि का समुचित मुआवजा भी नहीं दे रही है। पटना जिला के धनरूआ और फतुहा के क्षेत्रों से हो कर गुजरने वाली भारत माला सड़क परियोजना में किसानों को मुआवजा 2013 के कानून के मुताबिक मुआवजा नहीं दिया जा रहा है।किसान लगातार फतुहा के भेडगांवा पंचायत में प्रशासनिक दमन को झेलते हुए धरना पर बैठे हैं। सिचाई परियोजनाएं अपनी जगह मुंह बाएं खड़ी है।उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि अभी चुनाव का वर्ष है और हमें किसान विरोधी डबल इंजिन की सरकार को हर हाल में हराना है और उसके लिए बूथ जीत की योजना लेनी होगी।सम्मेलन के पर्यवेक्षक मुन्ना प्रसाद के नेतृत्व में चुनाव हुआ अगली 15 सदस्यीय प्रखंड कमिटी गठन हुआ ।

## विकास की नई इबारत लिखता जीरादेई प्रखंड : सरकारी योजनाओं का धरातल पर सफल क्रियान्वयन, ग्रामीण विकास की ओर मजबूत कदम

**कृष्ण मुरारी पांडेय/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।**

सीवान। बिहार सरकार की दूरदर्शी सोच और योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से जीरादेई प्रखंड विकास के मार्ग पर तेजी से अग्रसर है। यहां विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारते हुए प्रशासनिक व जन सहभागिता से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा रहा है।

**पंचायत सरकार भवन का निर्माण तेजी से जारी**

पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत बनाने हेतु प्रखंड के सभी पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराया जा रहा है। कई पंचायतों में निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष में कार्य प्रगति पर है।

**हर घर नल का जल और गली-नाली योजना को मिली रफ्तार**

सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से हर घर नल का जल और गली-नाली योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिससे लोगों को मूलभूत सुविधाएं सुलभ हो रही हैं।

**महिला सशक्तिकरण के लिए जीविका भवन**

प्रखंड में जीविका दीदियों की सक्रियता को देखते हुए एक जीविका भवन का निर्माण कराया गया है, जिससे महिला समूहों के कार्यों को बेहतर समन्वय और संसाधन मिल सके।

**जल-जीवन-हरियालीः पर्यावरण संरक्षण की ओर कदम**

तालाबों और कुओं का जीर्णोद्धार कर जल-संरक्षण को प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह कार्य जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत किया जा रहा है।





**ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मिल रहा मंच**

प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में खेल मैदान और जिम का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिल सके।

**आरटीपीएस केंद्र में जनसुविधाओं का सरल समाधान**

प्रखंड कार्यालय स्थित आरटीपीएस काउंटर पर आम जनों को जरूरी प्रमाणपत्र और सेवाएं सहजता से उपलब्ध कराई जा रही हैं।

**शिक्षा और स्वच्छता पर विशेष ध्यान**

विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं की व्यवस्था कर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। वहीं, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत कूड़ा निस्तारण के लिए अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र भी बनाया गया है।

**औद्योगिक प्रशिक्षण एवं स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार**

जीरादेई प्रखंड में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) का भव्य भवन बनवाया गया है। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी सफलतापूर्वक कार्यरत है, जिससे ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं।

**महिलाओं के जीवन में आ रहा बदलाव**

जीविका समूह की महिलाओं की सक्रियता से ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं के जीवन में आर्थिक और सामाजिक रूप से सकारात्मक बदलाव आ रहा है।

**जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने दी जानकारी**

उक्त सभी विकासात्मक गतिविधियों की जानकारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री कन्हैया कुमार ने साझा की, जिन्होंने बताया कि जीरादेई प्रखंड को एक मॉडल क्षेत्र के रूप में विकसित करने का सतत प्रयास किया जा रहा है।

## नकली दवा सप्लायर सहित अन्य दोषियों को किसी कीमत पर नहीं बख्शेंगे : रूचिर तिवारी

**ड्रग इंस्पेक्टर से हुई टेलिफोनिक बात, प्राथमिक की दर्ज करने को लेकर दिया आश्वासन : भाकपा**




**मेदिनीनगर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी ने शहर थाना में नकली दवा कंपनी व दोषियों पर प्राथमिक दर्ज कराने शहर थाना पहुंचे। उन्होंने शहर थाना प्रभारी को जिला के अस्पतालों में चल रहे नकली दावों का खेल में शामिल नकली दवा के सप्लायर, फार्मासिस्ट कंपनी, सिविल सर्जन सहित दोषी अन्य पदाधिकारी पर प्राथमिक दर्ज कराने का आवेदन दिया। रुचिर कुमार तिवारी ने थाना प्रभारी पर आरोप लगाया कि शहर थाना प्रभारी ने प्राथमिकी दर्ज करने से इनकार किया। इसके बाद पार्टी के जिला सचिव तिवारी ड्रग्स इंस्पेक्टर के कार्यालय में गए। वहां ड्रग्स इंस्पेक्टर कैलाश मुंडा उपस्थित नहीं थे। उनसे टेलिफोनिक बात किया व मांग किया कि पलामू जिला में नकली दवा का खेल चल रहा है। इस पर पर्दा डालने का काम कुछ लोगों के द्वारा किया जा रहा है। नकली दवा के इस खेल में सिविल सर्जन की भी संलिप्तता है। इन पदाधिकारी पर एफआईआर दर्ज कब होगा। इस पर ड्रग इंस्पेक्टर ने कहा कि सोमवार को वे डालटनगंज आ रहे हैं। दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई करने का उन्होंने आश्वासन दिया। जिला सचिव तिवारी के साथ हाई कोर्ट के अधिवक्ता सुधांशु शेखर शुक्ला, अधिवक्ता अश्वनी त्रिपाठी, अजेश चौहान, रामजीत राम, संतोष तिवारी, रणजीत सिंह, योगेंद्र सिंह, सोहेल अख्तर, सहित कई युवा अधिवक्ता शामिल थे। सभी ने कहा कि जीवन रक्षक दवा के हेरफेर के घोटाले में व लोग तब तक लड़ेंगे जब तक दोषी पदाधिकारी जेल नहीं चला जाए।

C M Y K

## संक्षिप्त समाचार

### सिसवन में आपसी विवाद में दो लोग घायल

**सिसवन/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार की सुबह सिसवन थाना क्षेत्र के किसूनबारी गांव में आपसी विवाद के दौरान मारपीट में अधेड़ सावलिया राम घायल हो गए। ग्रामीणों के हस्तक्षेप से मामला शांत कराया गया और घायल को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित ने सिसवन थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उधर, चैनपुर थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव में भी रविवार की सुबह दो पक्षों में आपसी विवाद को लेकर मारपीट हुई। इसमें मंजय बासफोर नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने मामला शांत कराया और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। युवक ने चैनपुर थाना में शिकायत दी है।

### सड़क दुर्घटना में अधेड़ व्यक्ति घायल

**सिसवन/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार की सुबह कचनार गांव के पास माझी-रघुनाथपुर मुख्य मार्ग पर एक तेज रफ्तार बाइक ने अधेड़ डीलर उदय शंकर राम को टक्कर मार दी। वह भागर गांव के निवासी हैं। घायल को स्थानीय लोगों की मदद से सिसवन रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### शराब के नशे में छह युवक गिरफ्तार

**सिसवन/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार की देर शाम चैनपुर बाजार में शराब के नशे में हंगामा कर रहे छह लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इनकी पहचान छपरा के अजीत महतो, संतोष चौरसिया, टुनटुन महतो, मुन्ना कुमार और चैनपुर थाना क्षेत्र के शिवकुमार मालाह एवं नीरज महतो के रूप में हुई। सभी को रविवार को न्यायालय भेजा गया।

### 37 लीटर देसी शराब बरामद, दो फरार

**सिसवन/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चैनपुर के खालका बाजार में शनिवार की रात गुप्त सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर 37 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की। आरोपी बिगु चौधरी और संजय चौधरी फरार हैं। दोनों के विरुद्ध शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### 4 लीटर देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**सिसवन/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भागर गांव में शनिवार रात पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई कर श्यामलाल राम को 4 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया। उसे रविवार को सिवान जेल भेजा गया।

### दो स्थानों से शराबी गिरफ्तार

**सिसवन/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार की देर शाम पुलिस ने घुरघाट गांव से चंदन प्रसाद और गंगपुर सिसवन गांव से मचन माझी को शराब के नशे में हंगामा करते हुए गिरफ्तार किया। दोनों को न्यायालय भेजा।

### अलग अलग मामले में तीन गिरफ्तार, जेल

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस ने अलग अलग मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार लोगो मे नरकटिया फार्म निवासी रंजीत शर्मा,गदीयानी निवासी मुन्ना अंसारी एवं मटियरिया निवासी कृष्ण कुमार शामिल है। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार लोगो मे कृष्ण कुमार व मुना अंसारी को शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है वही रंजीत शर्मा पूर्व के मामले में फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तीनो को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### बारिश के चलते कई घंटे बिजली आपूर्ति ठप

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में रविवार को सुबह वर्षा शुरू होते हीं दर्जनों गाव की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इस बीच सोनासती, मठीया, बरवा बरौली, बैतापुर, बेलवा, सिरिसिया, मुरली, हैस्वा, अंजुआ, चतुर्भुजवा, मुरली, सुगौली, पीपरा, बनवरिया, मनवा, हरसरी, पुरैनिया समेत अन्य गांवों की बिजली आपूर्ति कई घंटों तक ठप रही। वही विभाग की मानें तो वर्षा होने के चलते कुछ जगहों पर फॉल्ट हो गई। जिसके चलते बिजली आपूर्ति बंद थी। ग्रामीण जेई पंकज कुमार यादव ने बताया कि बारिश के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगहों पर फाल्ट हो गया था। जिसे दुरुस्त कराया जा रहा है। वही साठी जेई राहुल कुमार सिंह ने बताया कि चतुर्भुजवा में फॉल्ट होने के चलते बिजली बंद करनी पड़ी। फाल्ट को दुरुस्त कर पुनः बिजली आपूर्ति बहाल की जा रही है।

### आपसी विवाद में हिंसक झड़प, 6 लोग घायल

**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा पुलिस अंचल के मांझी थाना क्षेत्र के सालीमपट्टी गांव में मामूली कहासुनी के बीच हिंसक झड़प हो गई। जिसमें लाठी-डंडों से दो पक्षों में हुई मारपीट में दोनों पक्षों के लोग घायल हो गए। एक पक्ष के घायलों में सुजीत कुमार राम (20), योगेंद्र राम (60) व कौशल्या कुमारी (25) शामिल हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए नजदीकी एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ इरफान अहमद के द्वारा सभी घायलों का उपचार किया गया। इस दौरान गंभीर रूप से घायल एक शख्स को सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। उधर दूसरे पक्ष के भी महिला सहित तीन लोगों के घायल होने की सूचना है। जिनका उपचार निजी अस्पताल में कराया गया है।



### पर्यावरण संरक्षण को लेकर मुखिया ने किया पौधरोपण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के गोखुला पंचायत की मुखिया संगीता देवी ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहल करते हुए पौधरोपण किया है। इस दौरान मुखिया ने अपने निजी पोखर के तट पर तीन सौ आम का पौधा लगाया है। जानकारी देते हुए मुखिया प्रतिनिधि रौशन ब्याहुत ने बताया कि पेड़ पौधे का हमारे जीवन मे बहुत ही अहम योगदान है। हम सभी का कर्तव्य बनता है कि पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपने



कर्तव्यो का पालन करे और दूसरे को भी जागरूक करे। उन्होंने बताया कि अपने निजी खर्च से ठठवा गांव स्थित अपने पोखर तट पर आम का तीन सौ पौधा लगाया गया है। इस प्रयास से जहां पर्यावरण हित में मदद मिलेगी, बल्कि हरियाली भी बनी रहेगी। पौधारोपण के मौके पर पंचायत समिति सदस्य हृदया दास, धूप प्रसाद, अमेरिका प्रसाद, अली गद्दी, जयलाल साह, आयुष राज, चंदन प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# प्रशांत किशोर 23 से 27 मई तक सीवान में करेंगे बिहार बदलाव यात्रा

## बड़गांव में जन सुराज की रणनीति पर मंथनः मुन्ना पांडेय के नेतृत्व में बैठक, प्रशांत किशोर 23-27 मई तक करेंगे बदलाव यात्रा



**सीवान (मैरवा)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जन सुराज बिहार बदलाव यात्रा के अंतर्गत जन सुराज की तैयारियों को लेकर रविवार को बड़गांव में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जन सुराज की प्रदेश कार्य समिति के सदस्य मुन्ना पांडेय ने की। इस दौरान जन सुराज के कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के बीच आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।बैठक में प्रखंड अध्यक्ष प्रभु जी प्रसाद, भोला सिंह कुशवाहा, बड़गांव वार्ड संख्या 3 के वार्ड सदस्य दिलीप सिंह कुशवाहा, वार्ड संख्या 4 के नौशाद आलम, राजकुमार कुशवाहा, संतोष सिंह कुशवाहा, मैरवा नगर पार्षद प्रतिनिधि सद्दाम हुसैन, जन सुराजी अरविंद कुमार सिंह, रितेश कुशवाहा, तथा अनुमंडल उपाध्यक्ष अरविंद पांडेय शामिल हुए।

**प्रशांत किशोर की यात्रा को लेकर उत्साह**

बैठक में बताया गया कि जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर 23 मई से 27 मई तक सिवान जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे जन सुराज बदलाव यात्रा के तहत विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क करेंगे। जन सुराज की प्रदेश कार्य समिति के सदस्य मुन्ना पांडेय ने बताया कि मैरवा प्रखंड के बभनौली में 26 मई को शाम 6 बजे जनसभा का आयोजन किया गया है। इसके बाद 27 मई को मैरवा नगर पंचायत, नौतन, बैंका मोड़, और तीतरा होते हुए वे भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के पैतृक गांव जीरादेई पहुंचेंगे। वहां वे उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

**जीरादेई में जनसभा, सीवान के लिए रवाना होंगे**

कार्यक्रम के तहत 27 मई को दोपहर 1 बजे जीरादेई प्रखंड के बढ़ेया गांव में एक विशाल जनसभा का आयोजन भी किया जाएगा। इसके बाद प्रशांत किशोर सीवान के लिए रवाना होंगे। बैठक में स्थानीय कार्यकताओं ने यात्रा की सफलता को लेकर रणनीति बनाई और लोगों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने का आह्वान किया।

## सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनसुराज का हस्ताक्षर अभियान शुरू

### प्रशांत किशोर ने मुख्यमंत्री के पैतृक गांव से की शुरूआत, दो महीने में एक करोड़ हस्ताक्षर का लक्ष्य




**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जनसुराज अभियान के तहत सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ रविवार को एक व्यापक हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गई। इस अभियान का शुभारंभ जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पैतृक गांव कल्याण बिगहा से किया। डॉ. शहनवाज आलम ने कहा कि जनसुराज केवल समस्याएं उजागर नहीं करता, बल्कि समाधान भी प्रस्तुत करता है। उन्होंने बताया कि पूरे राज्य में कार्यकर्ता जोश और संकल्प के साथ इस अभियान को सफल बनाने में जुट गए हैं। बताया कि जनसुराज के कार्यकर्ता 18 मई से प्रदेश के 40 हजार से अधिक गांवों में जाकर लोगों से हस्ताक्षर लेंगे। दो महीनों की अवधि में तीन प्रमुख मुद्दों पर एक करोड़ से अधिक लोगों के हस्ताक्षर एकत्र किए जाएंगे, जिन्हें 11 जुलाई 2025 को मुख्यमंत्री और राज्यपाल को सौंपा जाएगा। इस संबंध में सीवान जिला मुख्यालय पर जनसुराज के जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जिला मुख्य प्रवक्ता डॉ. कृष्ण कुमार सिंह ने जानकारी दी कि यह अभियान जातीय जनगणना, भूमि सर्वे में हुई अनियमितताओं और सरकार की अन्य जनविरोधी नीतियों के खिलाफ चलाया जा रहा है। सीवान जिले से इस अभियान की शुरूआत कर दी गई है। इस मौके पर जिला संगठन महासचिव नूर आलम सिद्दीकी, माधुरी कुशवाहा, दीपिका देवी, जिला युवा अध्यक्ष अब्दुल खालिब, अभिषेक कुमार सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष रामदास तिवारी, डॉ. सतीश राम, जिला संगठन उपाध्यक्ष परवेज अहमद, प्रखंड महासचिव राम अवधेश यादव, पुण्य देव प्रसाद सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नाबालिग बालक की नंगा कर पिटाई मामले में चार नामजद

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र में एक गांव में नाबालिग बच्चे को नंगा करके चार आदमी का पीटने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में नाबालिग बालक के मां ने चार को नामजद कर प्राथमिकी दर्ज कराई है।मामले में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विश्वमोहन चौधरी ने बताया कि वायरल वीडियो संज्ञान में आया है।उन्होंने बताया कि वीडियो में 15 वर्षीय नाबालिग लड़के को नंगा कर पिटाई किया जा रहा है।और बालक रहम का भीख मांग रहा है।इतना ही नही उससे कान पकड़वा कर उठक बैठक भी कराया गया है।फिर उसको कपड़े पहनकर भाग जाने को बोला जा रहा है।मामले में नाबालिग बालक के माँ के आवेदन पर चार पर प्रथमिकी दर्ज कर लिया गया है।इनलोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।वही बालक लोक लज्जा के डर से बैरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने मामा के घर चला गया था।उसके मामा के यहां से बालक को लाकर न्यायालय में बयान हेतु प्रक्रिया की जा रही है।

## सिताबदियारा से 'बिहार बदलाव यात्रा' की 20 मई को होगी शुरूआत

### जेपी के अधूरे सपनों को साकार करने का संकल्प

**छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जन सुराज पार्टी द्वारा शनिवार को सर्किट हाउस, सारण में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में 'बिहार बदलाव यात्रा' की घोषणा की गई। यह यात्रा 20 मई से जयप्रकाश नारायण की जन्मभूमि सिताबदियारा से शुरू होगी। केंद्रीय चुनाव समिति के अध्यक्ष व पूर्व विधायक किशोर कुमार ने बताया कि यह यात्रा जेपी के अधूरे सपनों को पूरा करने, बिहार में बदलाव लाने और संपूर्ण क्रांति के रूप में व्यवस्था परिवर्तन के उद्देश्य से निकाली जा रही है। उन्होंने बताया कि जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर आगामी 120 दिनों तक बिहार के हर विधानसभा क्षेत्र का दौरा करेंगे और आमजन से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा कि 11 अप्रैल को प्रशासन द्वारा गांधी मैदान में लाखों




लोगों को जुटने से रोक दिया गया था, इसलिए अब प्रशांत किशोर खुद गांव-गांव, प्रखंड-प्रखंड जाकर लोगों से मुलाकात करेंगे। किशोर कुमार ने कहा कि सिताबदियारा से यात्रा की शुरूआत इसलिए की जा रही है क्योंकि जेपी के आंदोलन से भले ही सत्ता परिवर्तन हुआ, लेकिन बीते 35 वर्षों से उनके अनुयायियों ने उनके सपनों को साकार नहीं किया। आज भी बिहार देश का सबसे गरीब और पिछड़ा राज्य बना हुआ है। इस यात्रा का उद्देश्य है बिहार में एक नई व्यवस्था की नींव रखना और आमजन को बदलाव की मुख्यधारा से जोड़ना। प्रेस वार्ता में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष ललनजी, प्रदेश महासचिव सरवर अली, प्रदेश उपाध्यक्ष ए.के. द्विवेदी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अरविंद सिंह, सारण जिला अध्यक्ष बच्चा राय, जिला मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ, उर्मिला सिंह, अजीत सिंह, मुन्ना भवानी, उदयशंकर सिंह, ललित तिवारी, विकास कुमार सिंह, राम पुकार मेहता समेत अन्य नेता मौजूद थे।

## अनुरक्षक के लंबित भुगतान को लेकर बीडीओ से शिकायत

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के भसुरारी पंचायत के कई वार्ड में नलजल योजना के अनुरक्षक का भुगतान अबतक नही हुआ है। भुगतान लंबित होने को लेकर वार्ड चार के रामबिहारी सिंह, वार्ड पांच के धनश्याम शर्मा, वार्ड 6 के भारती देवी,वार्ड 12 के मिथलेश तिवारी एवं वार्ड 13 के जनार्धन प्रसाद ने प्रखंड कार्यालय पहुचकर बीडीओ से शिकायत की है। बीडीओ के दिये आवेदन में बताया है कि वर्ष 2018-19 में उक्त सभी वार्ड में नलजल योजना के तहत हमारे निजी जमीन पानी टंकी लगाया गया। उस समय बताया गया कि इसके एवज में इसका भाड़ा दिया जाएगा लेकिन अब तक किसी तरह की राशि नही भुगतान की गई है। इतना ही नही अनुरक्षक के रूप में जो राशि थी उसका भी भुगतान अब तक नही किया गया है। इधर बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि निजी जमीन में नलजल योजना की टंकी लगाई गई है तो भूमिदाता ही अनुरक्षक के तौर पर बहाल होंगे।

## वाहन जांच के लिए सड़क पर उतरे एसपी डीआईजी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला मुख्यालय समेत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शनिवार की देर शाम पुलिस ने विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। शाम छह बजे से रात नौ बजे तक सड़क से गुजरने वाले वाहनों की जांच हुई। वाहन जांच का नेतृत्व चंपारण रेंज के डीआईजी हरकिशोर राय खुद कर रहे थे। उनके साथ एसपी डा. शौर्य सुमन, एसडीपीओ विवेक दीप व अन्य पुलिस पर अधिकारी मौजूद रहे। वाहन जांच के दौरान एक-एक वाहनों को रोककर उनकी तलाशी ली गई। तलाशी में डॉग स्क्वायड टीम की भी मदद ली गई। जांच के दौरान यातायात नियमों का



उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से जुमार्ना की वसूली की गई। डीआईजी और एसपी के मौजूदगी में वाहन जांच होते देख यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों में हड़कंप का माहौल रहा। डीआईजी ने बताया कि अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से वाहन जांच किया जा रहा है। एक साथ रेंज के हर थाना क्षेत्रों में यह अभियान चलाया जा रहा है। जांच के दौरान वाहनों की तलाशी ली जा रही है।

# जनसुराज के हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर के आहवान पर आरंभ हुए हस्ताक्षर अभियान का आगाज प.चंपारण में भी रविवार को आरंभ किया गया। पार्टी के जिला महासचिव सचिंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि यह हस्ताक्षर अभियान जनता की आवाज को सरकार तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। इसके तहत जिले के सभी प्रखंडो में हस्ताक्षर अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य लालू प्रसाद यादव, नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी की सरकारों द्वारा कथित विश्वासघात, भ्रष्टाचार और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनता को एकजुट करना है। जिला महासचिव सचिन्द्र पाण्डेय ने बताया कि यह अभियान तीन प्रमुख मुद्दों पर केंद्रित है। पहला, 2023 की जातीय जनगणना में चिह्नित 94 लाख गरीब परिवारों



को 2 लाख रुपये की सहायता राशि कब दी जाएगी? दूसरा, 50 लाख भूमिहीन दलित और अतिपिछड़ा परिवारों को घर बनाने के लिए 3 डिसमिल जमीन देने का वादा सरकार ने क्यों नहीं निभाया? और तीसरा, भूमि सर्वे के नाम पर वंशावली बनाने, रसीद काटने, दाखिल-खारिज और जमाबंदी में हो रही लूट को कब रोका जाएगा? पार्टी के नेता राघवेन्द्र पाठक ने कहा पश्चिम चंपारण जिला कमिटी ने जिले के सभी प्रखंडों में हस्ताक्षर अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने की योजना बनाई है। पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को अभियान से जोड़ेंगे और सरकार की विफलताओं को उजागर करेंगे। मौके पर प्रदेश कार्यवाहक समिति के सदस्य रवींद्र बौद्ध और पूर्वी चंपारण के जिला प्रभारी राघवेन्द्र पाठक भी उपस्थित रहे।

## स्वस्थ बिहार ही विकसित बिहार की पहली सीढ़ीः मंगल पांडेय

### स्वास्थ्य मंत्री ने की कम्युनिटी रेडियो स्वास्थ्य श्रृंखला की शुरूआत

**के. के. सिंह सेंगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



छपरा (सारण)। बिहार के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पांडेय ने रविवार को 'सेहत सही लाभ कई - सीधे बात मंत्री जी के साथ' नामक रेडियो श्रृंखला की शुरूआत की। यह पहल राज्य में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और जनसंवाद को मजबूती देने की दिशा में एक अहम कदम है। पहला एपिसोड 24 मई को छपरा के कम्युनिटी रेडियो "रेडियो मयूर" 90.8 मीटर हट्र्ज पर प्रसारित होगा। इस रेडियो श्रृंखला की शुरूआत स्वास्थ्य मंत्री और विभिन्न जिलों के रेडियो प्रतिनिधियों के साथ 60 मिनट की बातचीत से होगी। मंत्री ने बताया कि मातृ मृत्यु दर में बिहार ने उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 2000 में यह दर 374 थी, जो अब घटकर 100 हो गई है। आने वाले आंकड़ों में इसमें और गिरावट की उम्मीद है। मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि राज्य में 41,000 से अधिक स्वास्थ्य पदों पर बहाली की जा रही है। इनमें 11,000 जीएनएम और 10,600 एएनएम की बहाली प्रक्रिया प्रगति पर है। साथ ही एमबीबीएस डॉक्टर, आयुष चिकित्सक, विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक और चिकित्सा सहायकों की नियुक्ति भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि हर प्रखंड में अब 30 बेड वाले अस्पताल और जिला स्तर पर 21 मॉडल अस्पताल संचालित हैं। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में 12 प्रकार की जांच सुविधाएं उपलब्ध हैं। सीमांचल और पूर्वांचल जैसे इलाकों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं में भी बड़ा सुधार हुआ है। मंत्री श्री पांडेय ने कहा कि बिहार को आत्मनिर्भर और विकसित बनाना है तो पहले उसे स्वस्थ बनाना होगा। उन्होंने कम्युनिटी रेडियो को जनता और सरकार के बीच सेतु बताते हुए कहा कि यह पहल समावेशी स्वास्थ्य संचार नीति को मजबूती प्रदान करती है।

## राजद नेता ने की हाईटेंशन बिजली तार से मृतक के परिवारों से मुलाकात

**भेल्दी (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भेल्दी थाना क्षेत्र के कोरिया पंचायत स्थित बसौता गांव में हाई टेंशन तार गिरने से दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई थी। मृतकों की पहचान हरेंद्र सिंह के पुत्र आलोक कुमार सिंह (20) तथा बासदेव सिंह के पुत्र अनीश कुमार (18) के रूप में हुई। दोनों युवक शादी वाले एक रथ का परिचालन कर अपने-अपने परिवारों का भरण-पोषण करते थे। घटना की सूचना मिलते ही अमनौर विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी नंदकिशोर सिंह पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने स्थानीय प्रशासन व बिजली विभाग के अधिकारियों से बात कर जल्द से जल्द सरकारी मुआवजा दिलाने की बात कही।

## सीवान में गृह रक्षकों के स्वच्छ नामांकन को लेकर डीएम की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न

### 231 पदों पर पारदर्शी चयन प्रक्रिया के लिए दिशा-निर्देश, 24 मई से शुरू होगी शारीरिक दक्षता परीक्षा



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में गृह रक्षकों के 231 रिक्त पदों पर स्वच्छ और पारदर्शी नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से समाहरणालय सभागार में एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने की। बैठक में गृह रक्षकों के नामांकन के लिए गठित विभिन्न कोषांगों के प्रभारी एवं नोडल पदाधिकारियों ने भाग लिया। डीएम ने चयन प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी स्तर पर कोई अनियमितता न हो। गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशाम सेवाएं, बिहार, पटना द्वारा सिवान जिले के लिए कुल 231 रिक्त पदों पर नामांकन की स्वीकृति दी गई है। इन पदों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा 24 मई से 13 जून 2025 तक राजेंद्र स्टेडियम, सिवान में आयोजित की जाएगी। डीएम ने आयोजन के दौरान कड़े सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने का निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी सिवान सदर एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को दिया। स्टेडियम परिसर में चारों ओर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। रजिस्ट्रेशन के लिए 10 काउंटर बनाए जाएंगे। शारीरिक दक्षता परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु विभिन्न कोषांगों का गठन किया गया है, जिनके प्रमुख पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दी गई हैः विधि-व्यवस्था कोषांगः वरीय प्रभारी झ अपर समाहर्ता, नोडल झ एसडीओ व एसडीपीओ सीवान सदर, निबंधन कोषांगः वरीय प्रभारी झ अपर समाहर्ता, नोडल झ जिला शिक्षा पदाधिकारी, आयोजन कोषांगः वरीय झ उप विकास आयुक्त, नोडल झ प्रभारी अधिकारी, जिला सामान्य शाखा, जिला समादेष्टा एवं पुलिस उपाधीक्षक, चिकित्सा कोषांगः वरीय झ सिविल सर्जन, नोडल झ जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्वास्थ्य), पेयजल, शौचालय एवं सफाईः वरीय झ जिला आपूर्ति पदाधिकारी, नोडल झ कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, सामग्री कोषांगः वरीय झ अपर समाहर्ता (आपदा), नोडल झ जिला आपूर्ति पदाधिकारी, मेधा सूची कोषांगः वरीय - उप विकास आयुक्त, नोडल- जिला पंचायती राज पदाधिकारी

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है ताकि अधिकतम संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा में भाग ले सकें। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संचालित की जाएगी। सिवान जिला प्रशासन की इस पहल को अभ्यर्थियों और आमजनों के बीच सराहा जा रहा है। सभी को उम्मीद है कि चयन प्रक्रिया निष्पक्ष रूप से पूरी की जाएगी और योग्य अभ्यर्थियों को उचित अवसर मिलेगा।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व जवानों के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पहलगाम आतंकवादी हमला के विरुद्ध भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं भारतीय सशस्त्र बल के सम्मान में रविवार को प.चंपारण जिला भाजपा की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गयी। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद डा. संजय जायसवाल, सुबे की पूर्व उपमुख्यमंत्री व वर्तमान पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु देवी की उपस्थिति में शहर के नजरबाग पार्क से यह तिरंगा यात्रा निकाली गयी। भाजपा जिलाध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव के नेतृत्व में भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति एकजुटता और सम्मान दिखाने के लिए नजरबार्ग पार्क से निकला तिरंगा यात्रा लाल बाजार होते हुए शहीद पार्क तक पहुंचा। इस दौरान रैली में मौजूद लोग हाथों पर तिरंगा लहराते हुये भारत माता की जय,



भारतीय सेना की जय तथा आतंकी देश पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगा रहे थे। तिरंगा यात्रा के दौरान प.चंपारण के सांसद डॉ.संजय जायसवाल ने कहा कि देश के 140 करोड़ देशवासियों की रक्षा के लिए हमारे वीर सेना ने अपना पराक्रम दिखाते हुए ऑपरेशन सिन्दूर चलाकर आतंकवादी और उनके साजिसकर्ता को मिट्टी में मिलाने का काम किया है।सेना के शौर्य और पराक्रम ने सम्पूर्ण भारतर्ष को देश भक्ति के रंग में रंग दिया है। उन्होंने कहा कि हम सभी एकजुट होकर देश के यशश्वी प्रधानमंत्री के साथ है और राष्ट्र की सुरक्षा में तैनात सेना के मनोबल को बढ़ाते रहेंगे। बिहार सरकार की पशुपालन व मत्स्य मंत्री रेणु देवी ने पाकिस्तान को इन घिनोनी हरकतों से बाज आने की चेतावनी देते हुये कहा कि जो नए भारत से पंगा लेगा हमारी सेना उस देश का नामों निशान मिटा देगी। जिलाध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव ने कहा कि आज पूरा देश सैनिकों के सम्मान में खड़ा है और आज उसी सम्मान में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जा रही हैं।इस कार्यक्रम के प्रभारी जिला महामंत्री मनु बाबू कुशवाहा व सह प्रभारी भाजयुमो जिलाध्यक्ष अभिषेक यादव रहें।मौके पर पूर्व मंत्री सह विधायक नारायण प्रसाद, शैलेंद्र मिश्रा, दीपेंद्र सर्राफ, आनंद सिंह, मुन्ना तिवारी, रागिनी चौधरी, पायल गुप्ता, राहुल कुमार, जनक साह, राजेश जायसवाल, राकेश पटेल, राजन सोनी, धनरंजन कुशवाहा, अभिषेक सर्राफ, राहुल चतुवेर्दी, आशीष गुप्ता, सीमा माधोगड़िया ,प्रतिमा सोनी, किशन श्रीवास्तव, अनीश सिंह, संजय यादव, रवि उपाध्याय आदि भी मौजूद रहे ।

## बूथ स्तर पर इंडिया गठबंधन की कमेटी को सशक्त करने का निर्णय

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी एकजुटता दिखाने के लिए इंडिया गठबंधन की नवगठित जिला समन्वय समिति की बैठक रविवार को संयोजक साहेब हुसैन अंसारी की अध्यक्षता में संपन्न हुयी। बैठक में आपसी सामंजन बनाकर बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का निर्णय लिया गया। वहीं आगामी विधानसभा चुनाव में जिले के नौ विधानसभा सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ने की रणनीति पर चर्चा की गयी। जिला इंडिया गठबंधन समन्वय समिति के अध्यक्ष राजद जिला अध्यक्ष साहेब हुसैन अंसारी ने कहा कि प्रखंड से लेकर बूथ स्तर तक इंडिया गठबंधन समन्वय समिति का गठन किया जाएगा। इंडिया



गठबंधन समन्वय समिति के सदस्य राजद के जिला प्रधान महासचिव अमर यादव और मीडिया प्रभारी प्रभु यादव ने शीघ्र प्रखंड स्तरीय इंडिया गठबंधन समन्वय समिति के संयोजक का चुनाव करने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि आगामी कार्यक्रम इंडिया गठबंधन के बैनर तले होगा। जिसमें राजद, कांग्रेस, भाकपा, माकपा, भाकपा माले और वीआईपी के कार्यकताओं के आपसी सामंजस्य से आगे की रणनीति तय होगी। चंपारण से एनडीए का सुपड़ा साफ होगा।

# महिलाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें योजनाओं से जोड़ रही सरकार

## महिला संवाद कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने की सबों से योजनाओं का लाभ लेने की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन जिले के सभी 11 प्रखंडों के चयनित 30 ग्राम संगठनों में सफलतापूर्वक किया गया। अब तक जिले के 855 ग्राम संगठनों में महिला संवाद आयोजित हो चुका है। महिला संवाद बिहार सरकार की एक अभिनव पहल है, जो राज्य की महिलाओं से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें सरकार की योजनाओं से जोड़ रही है। बता दें कि औरंगाबाद जिले में प्रतिदिन दो पालियों में 15 महिला संवाद रथ संचालित किए जा रहे हैं। इन रथों के माध्यम से महिलाओं को राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी जाती है और उन्हें अपने अनुभव साझा करने का मंच भी प्रदान किया जाता है। अब तक 20,298 महिलाओं की अपेक्षाएं ऐप के माध्यम से दर्ज की जा चुकी हैं। कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाओं में सुनीता देवी, शीला देवी और अंजली कुमारी आदि ने बताया कि कैसे उन्होंने सरकारी योजनाओं से लाभ लेकर अपने जीवन स्तर में सुधार किया है और अन्य महिलाओं को भी प्रेरित किया है। बारुन प्रखंड के चंदा ग्राम संगठन, अदमा में आयोजित संवाद कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल, अंचलाधिकारी मंजेस कुमार, मुखिया बसंत कुमार, जिला परियोजना प्रबंधक पवन कुमार (जीविका), प्रखंड परियोजना प्रबंधक अखिलेश कुमार, क्षेत्रीय समन्वयक शिल्पी कुमारी एवं अन्य अधिकारियों तथा महिलाओं ने भाग लिया। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को छात्रवृत्ति योजनाएं, मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, राशन कार्ड और मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी और सभी को इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। महिला संवाद रथों के माध्यम से लोक-कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित फिल्में भी प्रदर्शित की जा रही हैं और योजनाओं से संबंधित जानकारीपूर्ण पर्चे वितरित किए जा रहे हैं। साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का महिलाओं के नाम संदेश भी प्रसारित किया जा रहा है। यह पहल न केवल महिलाओं को सशक्त बना रही है, बल्कि राज्य के समावेशी विकास की दिशा में एक मजबूत कदम भी सिद्ध हो रही है।

# 2 से 9 जून तक आयोजित होगा शतचंडी महायज्ञ

## ओड़िशा के भुवनेश्वर से लाई जाएगी मां काली की प्रतिमा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**देव (औरंगाबाद)।** ऐतिहासिक रानी तालाब परिसर में होने वाले प्रतिष्ठात्मक शतचंडी महायज्ञ की तैयारी को लेकर रविवार को देव नगर में एक विशेष कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष पिंटू साहिल, पूर्व मुखिया नंदकिशोर मेहता उर्फ बराती, पूर्व समिति सदस्य उपेंद्र यादव तथा पूर्व शिक्षक रामधारी गुरू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया। इस विशेष अवसर पर यज्ञ समिति के सचिव पवन पांडेय ने पूजा-अर्चना के बाद जानकारी दी कि आगामी 02 से 09 जून तक चलने वाला यह शतचंडी महायज्ञ समाज को आध्यात्मिक, मानसिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि यज्ञ जीवन के राक्षसी प्रवृत्तियों का नाश करता है और अनुयायियों को समृद्धि, शक्ति व आत्मबल प्रदान करता है। नगर अध्यक्ष पिंटू साहिल ने बताया कि यज्ञ स्थल, मंदिर परिसर एवं प्रवचन स्थल को पूरी तरह आध्यात्मिक वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। उनके विभाग द्वारा रानी तालाब की चारदीवारी पर देवी-देवताओं की सुंदर पेंटिंग करवाई गई है, साथ ही मंदिर तक जाने वाले मार्ग को फेवर ब्लॉक से सजाया गया है। पूर्व मुखिया नंदकिशोर मेहता ने बताया कि 02 जून को कलश यात्रा के दौरान विशेष भव्यता के लिए बंगाल से मां काली और महालया दुर्गा की झांकियां मंगाई गई हैं, जो पूरे नगर में आकर्षण का केंद्र बनेंगी। समिति के अध्यक्ष विनोद यादव ने बताया कि 05 जून को सूर्य रथ पर सवार होकर मां काली की प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया जाएगा, जिसमें साधु-संतों की भी उपस्थिति रहेगी। यह प्रतिमा ओड़िशा राज्य के भुवनेश्वर जिले से लाई जाएगी और इसे काली स्थान पर स्थापित किया जाएगा। समिति ने घोषणा की है कि पूरे देव नगरी को मां काली के झंडों से सजाया जाएगा। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए पीने के पानी और शरबत की विशेष व्यवस्था की गई है। कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर रामधारी सिंह, दीपक गुप्ता, राहुल सिंह, संदीप दुबे, बिटु सिंह, रामप्रवेश सिंह, दीपक धनराज, कंचनदेव, निखिल कुमार, बलिराम चंद्रवंशी, विनोद चौधरी, गुड्डू सिंह, भीम प्रजापत एवं विनय कुमार सहित अनेक श्रद्धालु और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पिता की हत्या करने वाला पुत्र गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** कासमा पुलिस ने अरथुआ चट्टी गांव के अर्जुन नोनिया का हत्या करने वाले पुत्र योगिंद्र नोनिया को बलार मोड़ से गिरफ्तार कर लिया है। इस सम्बंध में एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि बीते 9 मई की रात्रि योगेंद्र नोनिया ने भूमि विवाद में अपने पिता अर्जुन नोनिया की हत्या सोये अवस्था में कर दी थी। शनिवार के दोपहर गुप्त सूचना मिली कि बलार मोड़ पर योगेंद्र अभी पहुंचने वाला है। त्वरित करावाई करते हुए उस स्थान का घेराबंदी किया गया और उसे पहुंचते ही गिरफ्तार कर लिया गया। स्वीकारोक्ति बयान में उसने कहा कि करीब एक वर्षो से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। रोड की जमीन दोनों भाइयों को देने और मुझे अंदर की जमीन दे रहे थे। उसी बात से मैं नाराज चल रहा था। अंततः अपने पिता को रास्ते से हटाने का मन बना लिया था। आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस केस के अनुसंधान एवं गिरफ्तारी टीम में परिक्षमान पुलिस उपाधीक्षक अभिषेक कुमार, थानाध्यक्ष इमरान आलम, जिला तकनीकी शाखा एसआई चंद्रभांश कुमार, सिपाही मनीष कुमार, दिवाकर ठाकुर, गोविंद सिंह कुशवाहा, विजय कुमार, रिंकू कुमारी सहित अन्य पुलिस बल शामिल रहे।

# आपसी विवाद में मारपीट चार पर प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** आपसी विवाद को लेकर तरारी गांव में मारपीट में अजय कुमार सिंह (24 वर्ष) जख्मी हो गया। जख्मी का इलाज स्थानीय अस्पताल में किया गया। इलाज कराने के बाद मामले का आवेदन थाने में दिया गया। प्राथमिकी में चार लोंगो को नामजद आरोपित बनाया गया है। जख्मी व्यक्ति की पत्नी रूपा देवी का कहना है कि वह और उनके पति अपने घर में थे। उसी दौरान आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की घटना को अंजाम दिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# पार्टी चाहेगी तो लड़ूंगा विधानसभा चुनाव : डॉ. निर्मल कुशवाहा

## जदयू नेता ने मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता को कराया अवगत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** डिहरी के वरिष्ठ चिकित्सक व जदयू के राजनीतिक सलाहकार के सदस्य डॉ. निर्मल कुशवाहा रविवार को ओबरा विधानसभा क्षेत्र के तारा, खुदवा, चन्दा सहित दर्जनों गांवों में पहुंचे। जहां ग्रामीणों द्वारा डॉ. निर्मल कुशवाहा को अंगवस्त्र व माला देकर सम्मानित किया गया। डॉ. निर्मल कुशवाहा ने ग्रामीणों के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, सड़क आदि मुख्य जरुरी चीजों पर विशेष ध्यान दिया है। एक सवाल के जवाब में डॉ. निर्मल ने कहा की पार्टी का मैं समर्पित कार्यकर्ता हूं, अगर पार्टी कहेगी तो जनता के आह्वान पर आगामी विधानसभा चुनाव लड़ूंगा। साथ ही इन्होंने एक नारा भी दिया- 2025, फिर से नीतीश। मौके पर जदयू के प्रदेश महासचिव राजेंद्र सिंह जॉर्ज ने कहा की डॉ. निर्मल पार्टी के कर्तव्यनिष्ट कार्यकर्ता हैं। हम अपने स्तर से जनता से रायशुमारी कर डॉ. साहेब के लिये आगामी विधानसभा में टिकट कंफर्म कराने का प्रयास करेंगे। मौके पर काशीनाथ सिंह पटेल, गुड्डू कुमार, रामबाबू गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

# एसिड अटैक पीड़ितों को बताए गए विधिक अधिकार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देव (औरंगाबाद)।** विधिक जागरूकता कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा देव प्रखंड क्षेत्र के खखड़ा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने उपस्थित लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत विभिन्न मामलों यथा अपराध, तेजाब हमला, मोटर दुर्घटना पीड़ित व्यक्तियों को मिलने वाली पीड़ित प्रतिकर एवं सहायता के संबंध में जानकारी उपलब्ध करा कर उन्हें जागरूक किया। इसके अतिरिक्त अगर कोई भी समस्या हो तो प्राधिकार उन्हें उनके समस्याओं के निराकरण कराने में हर संभव विधिक सहायता उपलब्ध कराता है, इस संबध में जानकारी दिया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संविधान द्वारा निर्देशित देश के प्रति नगरिकों के कर्तव्य को लेकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में प्राधिकार के द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं जैसे मुफ्त विधिक जानकारी, योग्य व्यक्तियों को मुफ्त अधिवक्ता के माध्यम से उनके वाद में बचाव, आगामी 13 सितंबर को आयोजित होने वाली लोक अदालत के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

# क्षेत्रीय समस्याओं को दूर करे सरकार : रेखा पासवान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अंबा (औरंगाबाद)।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष रेखा पासवान ने बिहार सरकार से अंबा को नगर पंचायत तथा कुटुंबा विधानसभा में सिमरा, बालूगंज, टंडवा और माली को प्रखंड बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र की जनता को प्रखंड मुख्यालय आने में काफी कठिनाई होती है। उक्त चार प्रखंड बन जाने से सुदुरवर्ती क्षेत्र का विकास तेजी से हो सकेगा और स्थानीय लोगों को भी सहूलियत होगी। भाजपा नेत्री ने कहा कि कुटुंबा विधानसभा झारखंड की सीमा से सटा काफी पिछड़ा इलाका है। यहां विकास की काफी संभावनाएं है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि नहीं होने के कारण भी यहां विकास नहीं हो पाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधि चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र में न रहकर पटना में रहते हैं, जिससे न तो आम जनता की समस्याओं का समाधान हो पाता है और न ही क्षेत्र का समुचित विकास हो पाता है। इसी क्रम में उन्होंने कुटुंबा विधानसभा में एक केंद्रीय विद्यालय तथा अंबा मुख्यालय में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस सरकारी हॉस्पिटल बनाए जाने की मांग की है। रेखा पासवान ने कहा कि अंबा बाजार में शौचालय की व्यवस्था भी नहीं है जिसके कारण आमजनों को काफी कठिनाइयों के सामना करना पड़ता है। उन्होंने बिहार सरकार से उपरोक्त सभी मांगों को यथाशीघ्र पूरा करने का आग्रह किया है।

# वज्रपात से जागरूक करने को लेकर नुक्कड़ नाटक




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के विभिन्न अंचलों में वज्रपात से सुरक्षा एवं बचाव के उपायों के संबंध में जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के आदेशानुसार चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लोगों को वज्रपात के दौरान अपनाए जाने वाले एहतियाती उपायों की जानकारी दी गई। जन-जागरूकता अभियान का उद्देश्य वज्रपात जैसी प्राकृतिक आपदा से जनहानि को न्यूनतम करना तथा आम नागरिकों को समय पर उचित कदम उठाने के लिए प्रेरित करना है। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं तथा किसानों को सरल और प्रभावशाली भाषा में बताया गया कि वज्रपात की स्थिति में खुले मैदान, उंचे पेड़, विद्युत संचालित उपकरणों से कैसे दूरी बनाएं। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से यह अपील की गई कि सभी नागरिक वज्रपात के समय सतर्कता बरतें, मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनियों को गंभीरता से लें। जिला प्रशासन इस प्रकार के जागरूकता अभियानों को निरंतर जारी रखते हुए जनता की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है।

# संगीत महाविद्यालय का खुला कार्यालय, पुस्तक का लोकार्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय के बिराटपुर मुहल्ले में दानिका संगीत महाविद्यालय की शाखा का शुभारंभ किया गया साथ ही मशहूर गजलकार अनिल कुमार चंचल रचित पुस्तक लहरों पर लहर का लोकार्पण भी किया गया। सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नवबिहार टाइम्स के प्रधान संपादक कमल किशोर, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के महामंत्री धनंजय जयपुरी ने महाविद्यालय के कार्यालय का उद्घाटन किया। शब्दाक्षर के प्रांतीय सचिव विनय मामूली बुद्धि, शब्दाक्षर के जिलाध्यक्ष नागेन्द्र केशरी, सीतयोग के सचिव राकेश कुमार सिंह, कवि अनुज बेचैन, प्रियदर्शी किशोर श्रीवास्तव, जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी, शिक्षक नेता अशोक पांडेय, दानिका के निदेशदक डॉ रवींद्र कुमार, पुस्तक के लेखक अनिल कुमार चंचल, कैप्टन निलेश कुमार एवं डाइटिशियन निमिषा सहित अन्य लोगों ने पुस्तक का लोकार्पण किया। गजलकार अनिल कुमार चंचल ने बताया कि बिराटपुर शुरू से ही संगीत का जमावड़ा रहा है। नवबिहार टाइम्स के प्रधान संपादक कमल किशोर ने कहा कि दानिका को जिला स्तर पर संगीत का प्रतियोगिता कराना चाहिए। वर्तमान परिदृश्य में औरंगाबाद जिले में जितने भी संगीत के कार्यक्रम होते हैं वह बिना दानिका के पूरा नहीं होते। विधायक प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि कवि संयोग वियोग की कड़ी है। बिराटपुर में शाखा खोलने के लिए अनिल कुमार चंचल को बधाई दी। मौके पर हरिनारायण सिंह, अजय वर्मा, राजू सिंहा, राजेश सिन्हा, मास्टर विकास, सविता सिंहा, अंजली सिंह, शिवांगी सिंह, अमिशा गायकवाड, ओम प्रकाश शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे। प्रेरणा प्रकाश के भाव नृत्य पर लोग भाव विह्वल हो गए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# चुनाव में बेहतर समन्वय को लेकर महागठबंधन की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर महागठबंधन की चौथी बैठक आज शहर के अजरकवे हसौली स्थित एक निजी रिसॉर्ट में आयोजित किया गया। इसमें राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस, सीपीआई, सीपीएम, भाकपा माले और विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) के जिला स्तर के नेता शामिल हुए। इस बैठक में मुख्य रूप से सांसद अभय कुशवाहा मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष अमरेंद्र कुशवाहा तथा संचालन भाकपा माले के जिला सचिव मुनारिक राम ने किया। बैठक में 12 सदस्यीय जिला समन्वय समिति का गठन किया गया जिसमें जिला संयोजक के रूप में राजद जिलाध्यक्ष अमरेंद्र कुशवाहा सहित 11 सदस्यों का चयन किया गया। इसमें भाकपा माले से मुनारिक राम, सत्येंद्र मेहता, कांग्रेस से महेंद्र यादव अरविंद कुमार सिंह, वीआइपी से जगदीश चौधरी, रंजीत उर्फ नंदू, सीपीआई से कपिल कुमार सिंह, महेंद्र यादव, सीपीएम से रामचंद्र यादव, सिनेश राही, राजद से अनिल टाइगर को सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। समन्वय समिति में आगामी चुनाव को लेकर पंचायत स्तर से लेकर टोला स्तर तक घटक दलों के सभी साथियों के साथ समन्वय बनाकर मजबूती के साथ इंडिया गठबंधन के उपलब्धि एवं घोषणाओं को जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व विधायक सुरेश मेहता,राजद प्रदेश महासचिव कौलेश्वर प्रसाद यादव, ई. सुबोध कुमार सिंह, प्रदेश सचिव युसूफ आजाद अंसारी, राजद जिला प्रवक्ता डॉ रमेश यादव सहित इंडिया गठबंधन के घटक दल के प्रखंड अध्यक्ष एवं सक्रिय कार्यकर्ता शामिल हुए।

# चौकीदार की मौत

**नबीनगर (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** प्रखंड के नरारी कला खुर्द थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव में हार्ट अटैक से एक 59 वर्षीय चौकीदार की ड्यूटी के दौरान मौत हो गयी। मृतक की पहचान उक्त गांव निवासी रामनरेश यादव के रूप में हुई है। घटना शनिवार की देर रात की है। रविवार की सुबह सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि रामनरेश यादव नरारी कला खुर्द थाने में पदस्थापित थे। वे एक लंबी बीमारी से जूझ रहे थे। उनका इलाज भी चल रहा था। ड्यूटी के दौरान ही वे अपने घर खाना खाने गये और आराम करने के दौरान अचानक उनके सीने में दर्द उठा। इसके बाद परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के डॉक्टरों ने नब्ज टटोलते ही मृत घोषित कर दिया।

